धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

14.09.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 65 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### भरतपुर में सड़क हादसा, 12 की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में बुधवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ट्रक की टक्कर में बस में सवार 12 लोगों की मौत हो गयी। जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल हो गये हैं। मृतकों में 6 महिला व 5 पुरुष शामिल हैं। सभी मृतक व घायल भावनगर गुजरात के बताये जा रहे हैं।

### बिरसा जेल में कैदी ने खुद का गला काटा

**रांची।** खेलगांव थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) में एक कैदी ने धारदार वस्तु (टीन) से बुधवार को खुद का गला काट लिया। जानकारी के अनुसार रहमतुल्लाह अंसारी ने जेल परिसर में अपना गला काट लिया। आनन-फानन में उसे जेल प्रशासन ने रिम्स भेजा, जहां उसकी मौत हो गयी। कैदी कांके का निवासी था। वह चारा घोटाले का अभियुक्त था।

### मुख्यमंत्री से मंत्री बेबी देवी ने की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने मुलाकात की। मंत्री ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव में मिली जीत के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया तथा उन्हें धन्यवाद दिया।

### बंद खदान में मिला मां और बच्चे का शव

**मेदिनीनगर।** एक बंद पड़े स्टोन माइंस से मां और बच्चे का शव बरामद हुआ है। आशंका है कि मां ने बच्चे के साथ आत्महत्या की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। मामला पलामू के छतरपुर के बगैया का है।

### पर्यावरण प्रदूषण पर जैव इंधन से ही नियंत्रण

**रांची।** आरएंडडी सेल के प्रभारी कार्यपाल निदेशक निर्भीक बनर्जी ने कहा है कि जैव ईंधन से पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण संभव है। श्री बनर्जी बुधवार को इस्पात भवन में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि सेल के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, इस्पात भवन में एक राष्ट्रीय सेमीनार बायोस 2023, जो कि आरडीसीआईएस के प्रेक्षागृह में 15-16 को आयोजित होनी है।

### झारखंड में भारी बारिश की चेतावनी, येलो अलर्ट

**रांची।** झारखंड के ज्यादातर जिलों में अगले तीन दिनों तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है। इसके मद्देनजर रांची के मौसम केंद्र ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम केंद्र के मुताबिक 14 से 16 तक राज्य से ज्यादातर इलाकों में गर्जन के साथ मध्यम दर्जे से भारी बारिश का अनुमान है।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 73,000 रु./प्रति किलो |


# रांची की छात्रा रिचा सिन्हा ने कोटा में की आत्महत्या

- पिता से एक महीने से नहीं हुई थी बात, हॉस्टल ने नहीं लगा था सिक्योरिटी डिवाइस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोटा में पढ़ने गये स्टूडेंट्स का सुसाइड थमने का नाम नहीं ले रहा है। 8 महीने में यहां 24 से भी अधिक खुदकुशी के मामले सामने आ चुके हैं। मंगलवार की रात यहां नीट की तैयारी कर रही झारखंड की एक छात्रा रिचा सिन्हा (16) ने ब्लेज हॉस्टल में पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। हॉस्टल ने कोई सिक्योरिटी डिवाइस भी नहीं लगा था। वह नामकुम के महुआटोली की रहनेवाली थी। रिचा सिन्हा पांच महीने पहले मई में ही रांची कोटा आयी थी। बेटी की मौत की सूचना के बाद पिता रविंद्र सिन्हा रांची से सपरिवार कोटा चले गये हैं। इस दुखद खबर के बाद नामकुम महुआटोली में मातम का माहौल है। घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे विद्याधर नगर थाना क्षेत्र के इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पलेक्स स्थित हॉस्टल की है। घटना के दौरान छात्रा के रूम का गेट खुला था। (शेष पेज 11 पर)

## नामकुम के महुआटोली में मातम, पिता पहुंचे कोटा



**मेडिकल की तैयारी कर रही थी रिचा :** महुआ टोली के स्थानीय निवासियों ने बताया कि कुछ दिनों से रविंद्र कुमार सिन्हा के घर पर ताला लटका हुआ है। घटना की सूचना के बाद महुआ टोली स्थित विनायका गली में सन्नाटा पसरा था। कोई कुछ बताने को तैयार नहीं था। इसी क्रम में कुछ लोगों ने बताया कि पांच माह पूर्व रिचा मेडिकल की तैयारी करने कोटा गई थी। स्थानीय लोगों की मदद से मृतका का आधार कार्ड मिला तो उसमें जन्मतिथि 31 मार्च 2010 अंकित है।



### विरोधाभाषी बयान, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि छात्रा देर शाम से अपने रूम से बाहर नही निकली थी। मृतका की कई साथी छात्राओं ने उससे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नही आया। इसके बाद हॉस्टल संचालक को इसके बारे में जानकारी दी गयी। सूचना हॉस्टल मैनेजर मौके पर पहुंचा और दरवाजा तोड़कर देखा कि छात्रा पंखे से चुन्नी बांधकर फंदे से लटकी हुई थी। वह अपने पिता को राजस्थान कोटा फोन कर बुला रही थी, लेकिन उसके पिता बाद में आने की बात कहकर नहीं जा रहे थे। पुलिस को बताया कि रिचा ने बालकोनी की कुंडी लगा ली थी और उसने छत से कूद कर जान दे दी। हॉस्टल प्रबंधन और रूममेट आयशा के बयान में फर्क आने के बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गयी है। विज्ञान नगर के एसएचओ देवेश भारद्वाज ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। छात्रा के मोबाइल समेत कई चीजों को जब्त किया गया है। जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता चल सकेगा।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

कई बार छोटी-छोटी मुश्किलों का मुकाबला करने की जगह लोग उससे घबराकर आत्महत्या जैसे खतरनाक कदम उठा लेते हैं। परीक्षा में तनाव हो या घर में झगड़ा, व्यापार में घाटा हो जाये या फिर नौकरी में किसी प्रकार की परेशानी आ रही हो, यहां तक कि प्रेम प्रसंग के मामले से लेकर उम्र के आखिरी पड़ाव में अवसाद से ग्रसित लोग भी आत्महत्या कर लेते हैं। इनको जीवन से कोई मोह नहीं होता, इस तरह का आत्मघाती कदम सामाजिक दृष्टिकोण से खतरनाक है। - **डॉ एमएन सिंह, चिकित्सक, एमके हॉस्पिटल, रांची**

---

दिल्ली में शरद के आवास पर इंडिया समन्वय समिति की पहली बैठक

# सीटों पर फैसला नहीं अक्टूबर से संयुक्त रैली

- जातीय जनगणना मुद्दा जोर-शोर से उठाने पर बनी बात

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (आइएनडीआइए) की 14-सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक बुधवार को हुई। हालांकि इस बैठक में भी सीट बंटवारे को लेकर आम सहमति नहीं बन पायी। अगले महीने संयुक्त रैलियां शुरू करने और जातीय जनगणना के मुद्दे को सभी मौजूद सदस्यों ने जोर-शोर से उठाने की बात कही है। बैठक में आगे की रणनीति, सीटों के तालमेल, चुनाव अभियान कार्यक्रम और जनसभाओं समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के नयी दिल्ली स्थित आवास पर यह बैठक हुई।

**सीट शेयरिंग पर सदस्य दल करेंगे बातचीत : कांग्रेस महासचिव** केसी वेणुगोपाल ने कहा, कमेटी ने देश के अलग-अलग हिस्सों में संयुक्त सार्वजनिक रैली करने का फैसला किया है। (शेष पेज 11 पर)

### सब्र करें, लोकतांत्रिक तरीके से मिलेगा जवाब : हेमंत



बुधवार को समन्वय समिति की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सभी चीजों का जवाब मिलेगा। हमारा देश लोकतांत्रिक है। इस लोकतांत्रिक देश में लोकतांत्रिक तरीके से जवाब मिलता है। हमारा गठबंधन सभी चीजों पर काम कर रहा है। हर रणनीति का तुरंत खुलासा नहीं हो सकता है, थोड़ा सब्र करें, जवाब तो मिलेगा ही। उन्होंने कहा, फिलहाल देश में राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदल रहा है। बहुत सारी चीजें सामने आ रही हैं। बहुत सारे सवाल भी हैं। राजनीतिक दलों की ओर से भी सवाल उठ रहे हैं। भोपाल की रैली में क्या संदेश जायेगा, इस पर सोरेन ने कहा कि इंतजार करें, उस दिन का संदेश उस दिन ही पता चलेगा। कुछ लोगों के बैठक में न आने पर सोरेन ने कहा कि एलायंस ने इस बात को संज्ञान में लिया है। सभी समस्या का समाधान है, सभी बीमारी का इलाज भी है।

---

# अनंतनाग में मुठभेड़, कर्नल, मेजर और डीएसपी शहीद

## दो आतंकी भी ढेर, पाकिस्तान आर्मी अशांति फैलाने की कर रहा कोशिश

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक कर्नल, एक मेजर शहीद और एक डीएसपी शहीद हो गये। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गाडोले इलाके में छिपे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ बुधवार तड़के शुरू हुई थी। आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच शुरुआती गोलीबारी में कर्नल और पुलिस अधिकारी (डीएसपी) गंभीर रूप से घायल हो गये। कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने एक पोस्ट में कहा, मुठभेड़ इन गोली लगने के बाद सभी अधिकारियों को अस्पताल लाया गया, पर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**राजौरी में दो आतंकी ढेर :** इससे पहले राजौरी में बुधवार को एनकाउंटर के दौरान सुरक्षा बलों ने एक और आतंकवादी को मार गिराया था। इससे जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के सुदूरवर्ती गांव में तीन दिन से जारी अभियान के दौरान मारे गये आतंकवादियों की संख्या बढ़कर तीन हो गयी है। सुदूरवर्ती नारला गांव में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में एक संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया था। गोलीबारी में सेना का एक जवान और सेना की श्वान इकाई की छह वर्षीय मादा लैब्राडोर केंट भी शहीद हो गयी। (शेष पेज 11 पर)

### पाकिस्तानी साजिश सफल नहीं होने देंगे



नॉर्दर्न आर्मी के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा, पाकिस्तान, भारत में अशांति फैलाने के लिए विदेशी आतंकियों को भेजने की कोशिश कर रहा है। इस साल जम्मू-कश्मीर में 2.25 करोड़ पर्यटकों के आने की उम्मीद है और पाकिस्तान ऐसा होने से रोकने की कोशिश कर रहा है। हम पाकिस्तान को सफल नहीं होने देंगे। सैन्य अधिकारी ने बताया कि बुधवार को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में के गाडोले इलाके में छिपे आतंकवादियों की खोज में और सुरक्षाबल निकला था। इसी दौरान मुठभेड़ शुरू हुई। सेना के अधिकारी ने बताया, कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के कमांडिंग कर्नल और एक मेजर शहीद हो गये। वे 19 आरआर की कमान संभाल रहे थे।

---

विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

# इडी का गवाह विजय हांसदा बयान से एक बार फिर मुकरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमीन घोटाले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अवैध खनन मामले में बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। इडी का गवाह विजय हांसदा बुधवार को भी अपने बयान से मुकर गया।

बुधवार को इडी कोर्ट में विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। इडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस करते हुए विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले का मास्टर माइंड बताया और जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। इडी ने विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत देने की मांग की है। फिलहाल विष्णु अग्रवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें रिम्स के कैदी वार्ड में भर्ती किया गया है।

**इडी के गवाह ने फिर मारी पलटी :** वहीं बुधवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई के दौरान ईडी का गवाह विजय हांसदा एकबार फिर अपने बयान से मुकर गया। हांसदा ने कोर्ट के समक्ष कहा कि उसे कोई धमकी नहीं मिली है। (शेष पेज 11 पर)

### जगन्नाथपुर में मिला मृत हाथी, जांच शुरू

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में खेत से हाथी का शव मिला है। ग्रामीणों ने बुधवार सुबह खेत में एक हाथी का शव देखा। जिसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गयी है। घटना जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र की है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने गांव के मानकी कामिल केराई, मुखिया विमलकिशोर कोड़ा, जगन्नाथपुर थाना पुलिस और वन विभाग के कर्मियों को दी। वहीं हाथी के शव मिलने का खबर सुनकर आसपास के भी काफी ग्रामीण वहां पहुंच गये। मृत हाथी के दोनों दांत सुरक्षित हैं। हाथी के घूमने की सूचना मिलने पर कुछ ग्रामीणों ने हाथी को सुरक्षित जंगल की तरफ खदेड़ दिया था। वही हाथी बुधवार सुबह खेत में मृत पाया गया है। अनुमान है कि हाटगम्हरिया जगन्नाथपुर एनएच 75 किनारे स्थित करंजिया जंगल से यह हाथी क्रशर होते हुए छोटा महुलडीहा गांव के रास्ते कासिरा गांव की तरफ आ गया होगा।

---

# विशेष सत्र से पहले 17 को बुलायी सर्वदलीय बैठक

## विपक्ष ने एजेंडा न बताने पर जतायी आपत्ति, कहा- किस पर करेंगे चर्चा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 18 से 22 तक आहूत संसद के विशेष सत्र की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इसके लिए सरकार ने एक दिन पहले 17 सितंबर को एक ऑल पार्टी मीटिंग बुलायी है। इस सत्र का एजेंडा क्या होगा, इसे अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सर्वदलीय बैठक शाम साढ़े चार बजे रखी गयी है। विशेष सत्र के एजेंडो को लेकर अभी तक कोई भी जानकारी न होने को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर सवाल उठाया है। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि सभी नेताओं को ई-मेल के माध्यम से सूचना भेज दी गयी है। संसद के विशेष सत्र को लेकर एक बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पर भी की गयी। इसमें इस सत्र में जिन एजेंडों को शामिल किया गया है, संभवतः इस पर विचार किया गया। वैसे औपचारिक रूप से एजेंडों को लेकर किसी ने पुष्टि नहीं की है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भी शामिल थे। (शेष पेज 11 पर)

### विशेष सत्र से पहले नये भवन पर लगेगा तिरंगा



अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाये गये संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। 17 सितंबर को नये संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और पीएम मोदी का जन्मदिन भी है। उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरायेंगे। विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में होगी। दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नये भवन में हो सकती है। 19 को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नयेसंसद भवन में कामकाज शुरू हो जायेगा।




संदेश

भारत विविधताओं का देश है। अनेकता में एकता का संदेश देता यह देश अपनी संस्कृति और परम्पराओं के लिए दुनियाभर में अलग पहचान रखता है। यहाँ कई भाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित हैं, लेकिन हिन्दी एक ऐसी भाषा हैं, जो देश में सबसे ज्यादा बोली जाती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 43.63 प्रतिशत लोग हिन्दी का इस्तेमाल करते हैं। हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हम भारतीयों की एकता का सूत्रधार है। एक भाषा के रूप में हिन्दी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिन्दी विश्व की सम्भवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे विश्व स्तर पर समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि हिन्दी ही एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसे अधिकारिक एवं राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनाया जा सकता है। हिन्दी में सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी संचार सम्पर्क के रूप में उपयोग किये जाने की क्षमता है।

हिन्दी इस समय विश्व में तेजी से उभरती हुई भाषा है। दुनियाभर में साठ करोड़ से ज्यादा लोग हिन्दी भाषा बोलते हैं। भारत के अलावा विदेशों में भी हिन्दी बोली जाती है। इन देशों में मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल आदि प्रमुख हैं। हम भारतीयों का भी यह कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में ही करें तथा हिन्दी भाषा के सम्मान को बनाये रखें ताकि हमारे देश की एकता और अखण्डता बनी रहे।

PRNO 306752 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) IPRD 23-24

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

## खबर एक नजर में

### सीएम हेमंत सोरेन से मिलीं मंत्री बेबी देवी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने मुलाकात कर डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत को लेकर उनके प्रति आभार जताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री बेबी देवी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. जगरनाथ महतो के सपनों को पूरा करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। हमारी सरकार उनके आदर्श एवं विचारों को आत्मसात करते हुये समस्त झारखंड वासियों की खुशहाली, उन्नति और सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### आइपीएस के विजय शंकर विरमित

**रांची।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के लिए झारखंड कैडर के 2018 बैच के आईपीएस के विजय शंकर को सरकार ने विरमित कर दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रालय के आदेश के बाद जमशेदपुर सिटी एसपी के पद पर पदस्थापित के विजय शंकर को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के तहत मंत्रिमंडल सचिवालय भारत सरकार में अवर सचिव स्तर के पद पर योगदान देने के लिए विरमित किया जाता है।

### रिटायर्ड अफसर की कर दी पोस्टिंग

**रांची।** अधिकारियों की लापरवाही की वजह से अंचल अधिकारी के पद से सेवानिवृत अधिकारी रमेश चंद्र तिवारी की फिर से पोस्टिंग कर दी गई है। राजस्व सेवा के अंचल निरीक्षक के पद से अंचल अधिकारी के पद पर प्रमोशन पाए ये अफसर 31 मार्च को ही सेवानिवृत हो गए थे। यह अधिकारी रिटायरमेंट का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। इधर 12 सितंबर को राजस्व भूमि सुधार विभाग ने 106 पदाधिकारी का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इसी में रमेश चंद्र तिवारी का भी नाम है, जिन्हें सरिया अंचल अधिकारी के पद से स्थानांतरित कर उन्हें सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दुमका पदस्थापित किया गया। राजस्व भूमि सुधार विभाग की ओर शुद्धि पत्र जारी कर दिये जाने की सूचना है।

### हाईकोर्ट में हाजिर होंगे साहेबगंज एसपी

**बच्चों की तस्करी मामले में हाईकोर्ट में हुई सुनवाई**

रांची। झारखंड हाईकोर्ट ने बच्चों की तस्करी से जुड़े मामले में साहिबगंज जिले के एसपी को 20 सितंबर को अदालत में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। साहिबगंज जिले में चाइल्ड ट्रैफिकिंग के आरोपी कुलदीप शाह एवं अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत को बताया गया कि आरोपी पर चाइल्ड ट्रैफिकिंग का आरोप है, इसलिए इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। इस पर अदालत ने जानना चाहा कि चाइल्ड ट्रैफिकिंग के शिकार बच्चों को बरामद करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से इस पर कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया जा सका। इसके बाद अदालत ने एसपी को हाजिर होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

### बाबूलाल की संकल्प यात्रा 18 सितंबर तक स्थगित

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा अपरिहार्य कारणों से आगामी 18 सितंबर तक स्थगित हो गई है। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान होने वाली विभिन्न विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा की तिथि शीघ्र घोषित की जायेगी। इधर, एक अन्य खबर के अनुसार बुधवार को बाबूलाल मरांडी छत्तीसगढ़ में होने वाली तीन विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में भारी बारिश के कारण नहीं हो सके शामिल। श्री मरांडी सुबह चार्टर्ड विमान से छत्तीसगढ़ केलिये रवाना हुये लेकिन बारिश के कारण जहाज की लैंडिंग नही हो सकी। श्री मरांडी अपराह्न तीन बजे रांची लौट आये।

### भारत का महाशक्ति बनना सबकी इच्छा : दीपक

**मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में हुए शामिल**



**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कांके विधानसभा अंतर्गत गोंदा मंडल के विभिन्न क्षेत्रों–मुहल्लों में आयोजित मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम में शामिल हुये। मौके पर सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हर राष्ट्रभक्त के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा होगी। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा गोंदा मंडल अध्यक्ष को घर–घर से मिट्टी लेकर अमृत कलश में भरकर सौंपी। कार्यक्रम में बलराम सिंह, कृपाशंकर सिंह, बलराम साहु, मीरा सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं आम जन मौजूद थे।

### एसिड पिलाने वाले आरोपी का हो चुका है पॉलीग्राफिक टेस्ट, अब तक नहीं पहुंची रिपोर्ट

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाने के मामले में कोर्ट के स्वत: संज्ञान की सुनवाई बुधवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अनुसंधानकर्ता आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट गुजरात के गांधीनगर में करा चुके हैं लेकिन रिपोर्ट जो गांधीनगर से 8 सितंबर को पोस्ट से भेजी गई है वह अब तक प्राप्त नहीं हुई है। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को दो सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देकर मामले की सुनवाई 11 अक्टूबर निर्धारित की है।

---

राष्ट्रव्यापी आयुष्मान भव: योजना का हुआ उद्घाटन, झारखंड में राज्यपाल ने अभियान का किया शुभारंभ

# 17 सितंबर से राज्य के छूटे सभी योग्य लाभुकों का बनाया जायेगा आयुष्मान कार्ड : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के गांधीनगर से बुधवार को ऑनलाइन वीडियो क्रॉन्फ्रेसिंग के जरिये आयुष्मान भवः अभियान की शुरूआत की। वहीं झारखंड में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की मौजूदगी में रांची स्थित आड्रे हाउस में इसकी शुरूआत हुई। कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य है कि हर एक लाभुक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के शुरू होने से गरीब तबके के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिली है। वहीं आयुष्मान भवः के तहत राष्ट्रीय स्तर पर संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सुगमतपूर्वक प्राप्त हो सकेगा। बता दें कि यह कार्यक्रम 17 सितंबर से शुरू होगा। इसके तहत छूटे सभी योग्य लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनेगा। कार्यक्रम में टीबी के मरीजों को गोद लेने वाले पांच निक्षय मित्रों, पांच रक्तदान संगठनों सहित दो हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को सम्मानित किया गया।



### 88 % पात्र लोगों को मिल रहा आयुष्मान योजना का लाभ : अरुण

**2 अक्टूबर को राज्य भर में रक्तदान शिविर**

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि राज्य में 2 करोड़ 97 लाख आयुष्मान योजना के लाभुक हैं। राज्य की 88 प्रतिशत जनसंख्या मुख्यमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से अच्छादित है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में हर सप्ताह आयुष्मान स्वास्थ्य सप्ताह मेले का आयोजन किया जायेगा। पहले हर तीसरे शनिवार को पीएचसी, सीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बुजुर्ग सप्ताह का आयोजन किया जाता था। इसे अब हर शनिवार को करने का निर्णय लिया गया है। वहीं आयुष्मान सभा का आयोजन भी किया जायेगा। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि आयुष्मान पखवाड़ा के समापन पर 2 अक्टूबर को राज्य भर में रक्तदान शिविर लगाये जायेंगे। एक लाख यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य है। इस वित्त वर्ष में 5 लाख यूनिट रक्त संग्रह करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा कि अंगदान को राज्य में बढ़ावा देने को प्राथमिकता दी जा रही है। अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आयुष विभाग को सुदृढ किया गया है। झारखंड में शिशु मृत्यु दर 25 है, जबकि देश की 28 है। इसे शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा बीरेंद्र प्रसाद सिंह, सांसद संजय सेठ, निदेशक रिम्स डॉ आरके गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी राकेश दयाल, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

**कार्यक्रम में इन्हें किया गया सम्मानित :** डीएसपीएमयू, उषा मार्टिन, झारखंड जन कल्याण सेवा संस्थान, निक्की वायर वर्क्स लिमिटेड, इनर व्हील क्लब ऑफ रांची साउथ, ब्लड सेंटर सदर अस्पताल की नम्रता श्रीवास्तव, मोहम्मद हाशिम, मोहम्मद बाबर, सूरज झंडई। सिंगल डोनर प्लेटलेट के लिए पराग और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सीएचओ निर्मला खलखो हुईं सम्मानित।

### आयुष्मान जैसी योजना कहीं और नहीं : संजय सेठ

रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने कहा कि दुनिया का कोई भी देश अपने करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए आयुष्मान जैसी योजना नहीं ला सका है। कहा कि गरीबों को अपने इलाज के लिए घर, जमीन बेचने पड़ते हैं। बच्चों की पढ़ाई तक छोड़नी पड़ती है। आयुष्मान योजना ऐसे लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। हालांकि कहा कि योजना की आड़ में गरीबों का हक मारा जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मांग की कि ऐसे लोगों को चिह्नित कर कठोर कार्रवाई की जाये।

### आयुष्मान भवः योजना का मिलेगा लाभ : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मैं आयुष्मान भव: योजना की सफलता की कामना करता हूं। राज्य के अंतिम पायदान तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा कैसे पहुंचे, आज इस पर मंथन करने का दिन है। उन्होंने बताया कि एक करोड़ 22 लाख लोगों को आयुष्मान कार्ड से जोड़ा जा चुका है। राज्य में 540 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हैं। राज्य में 1040 योग प्रशिक्षकों की नियक्ति की गयी है। पीएचसी, सीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और जिला अस्पताल को अपग्रेड करने की योजना है। बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मांग की कि राज्य के सभी 24 जिलों में ब्लड कॉम्पोनेंट सेपरेशन यूनिट की स्थापना करायी जाये। कहा कि आयुष्मान में कुछ फर्जीवाड़ा हुआ है। कैग की रिपोर्ट भी आयी है। इस पर कड़ा कदम उठाया जायेगा।

---

# अपने वादों को भूलकर जनता को दिग्भ्रमित कर रहे सीएम : रघुवर

**पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के खजाने में पड़े हैं हजारों करोड़ रुपये**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने पीएम आवास योजना से संबंधित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपने बयान से जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने आवास पोर्टल पर डाले गये सभी आवासों की सूची को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार पर आरोप लगाने के पहले अपनी गिरेबां में झांकना चाहिये। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन बतायें कि सरकार बनने पर गरीबों के लिए तीन कमरे का सुविधायुक्त आवास बनाकर देने संबंधी उनकी बड़ी घोषणा का क्या हुआ? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार मकान बनाकर देगी। यह बोलकर मुख्यमंत्री जनता को फिर से दिग्भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। वर्ष 2019 की तुलना में आज प्रतिवर्ष केंद्र सरकार राज्य को डेढ़ गुना ज्यादा राशि जीएसटी मद में दे रही है जो प्रतिवर्ष लगभग 21 हजार करोड़ रुपए होती है। इसके अलावा डीएमएफटी मद से भी जिलों में लगभग 2 हजार करोड़ रुपए प्रति वर्ष मिल रहे हैं। राज्य सरकार की नीति और नीयत साफ रहती, तो इन पैसों का सदुपयोग गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाने में कर सकती थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिये कि कब तक आदिवासी कार्ड खेलकर आदिवासियों को लूटते रहेंगे। आज भी आदिवासी बेघर क्यों हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना पर गलत बयान दे रहे हैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनः संजय सेठ

**भाजपा सांसद ने कहा- राज्य सरकार आवंटन राशि की नहीं दे रही उपयोगिता प्रमाण पत्र**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन बंद करने की बात का खंडन करते हुए कहा कि वे अपनी नाकामी को छुपाने के लिए केंद्र पर गलत आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है हर गरीबों को पक्का मकान मिले। इसके लिए केंद्र द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवार को पक्का मकान बनाने के लिये सहायता राशि केंद्र द्वारा दी जाती है। लेकिन, झारखंड सरकार द्वारा आवंटन राशि की उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं देने के कारण राशि नहीं दिया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा बार बार उपयोगिता प्रमाण पत्र की मांग की जा रही है। राज्य सरकार उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दे रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 सालों में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 18 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बने हैं केंद्र ने जो आवंटन दिया था। उसमें अभी भी 55 हजार आवास आज भी अधूरे हैं। झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना में बिचोलिया हावी है। भ्रष्टाचार के कारण 50 हजार से अधिक आवास अधूरे हैं।

### अनुकंपा पर नौकरी पाने वाले अफसर भी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में ले सकेंगे हिस्सा

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा नियमावली में संशोधन किया है। नई संशोधित नियमावली 2023 गठित की है। इस संबंध में एक सितंबर को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृति दी गयी थी। इसी आलोक में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। नये नियम के तहत अब सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में वैसे सरकारी सेवक भी भाग लेंगे, जिनकी नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा एवं अनुकंपा के माध्यम से हुई है। पहले के नियम में सिर्फ नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से ही नियुक्त कर्मी सीमित प्रतियोगिता दे सकते थे। अब इसमें अनुकंपा के आधार पर नियुक्त कर्मियों को भी अवसर मिलेगा। यानि भी सीमित प्रतियोगिता परीक्षा देकर उच्चतर पदों में प्रमोशन पा सकेंगे। जारी अधिसूचना के अनुसार अराजपत्रित अनुसचिवीय संवर्ग ग्रुप-ख जैसा कि झारखंड सेवा संहिता के नियम 30 परिशिष्ट में परिभाषित है। उसके अनुसार वैसे सभी कार्यरत कर्मी जिनकी सेवा उत्कृष्ट कोटि की हो तथा धारित पद का ग्रेड वेतन उप समाहर्ता के लिए स्वीकृत ग्रेड वेतन से कम हो। संबंधित कर्मी निलंबित नहीं हो, उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही, आपराधिक कार्यवाही संचालित नहीं हो तथा सेवाकाल में कोई दंड न मिला हो वे सीमित प्रतियोगिता दे संकेंगे। नई नियमावली में शेष सभी प्रावधान यथावत रखे गये हैं।

### सिविल जज जूनियर डिवीजन की परीक्षा फॉर्म भरने की छूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट की मांग को लेकर दायर याचिका सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने 35 वर्ष की उम्र सीमा खत्म होने के कारण परीक्षा में हिस्सा लेने से वंचित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन फॉर्म भरने की छूट प्रदान की। अदालत ने 21 सितंबर तक प्रार्थियों को ऑनलाइन फॉर्म भरने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि परीक्षा का अंतिम परिणाम हाईकोर्ट के आदेश से प्रभावित होगा। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजोय पिपरवाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने बहस की। बता दें कि अभ्यर्थी धर्मेंद्र कुमार ने सिविल जज जूनियर डिवीजन की नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में आयु सीमा में 5 वर्ष की अतिरिक्त छूट की मांग को लेकर याचिका दायर की थी।

### राप्रसे के 10 अधिकारी बने उप निर्वाचन पदाधिकारी

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों का तबादला करते हुए उन्हें निर्वाचन विभाग में पदस्थापित किया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के दस अधिकारियों को उप निर्वाचन पदाधिकारी बनाया गया है। मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

| नाम | कहां थे | कहां गए |
|---|---|---|
| सुशील कुमार राय | बीडीओ दारू | उप निर्वाचन पदाधिकारी गढ़वा |
| रंथु महतो | बीडीओ टंडवा | उप निर्वाचन पदाधिकारी गिरिडीह |
| मनीष कुमार | बीडीओ चांडिल | उप निर्वाचन पदाधिकारी सिमडेगा |
| अनंत कुमार | बीडीओ तांतनगर | उप निर्वाचन पदाधिकारी पलामू |
| धीरज कुमार ठाकुर | बीडीओ हैदरनगर | उप निर्वाचन पदाधिकारी गोड्डा |
| विकास कुमार राय | वेटिंग फॉर पोस्टिंग | उप निर्वाचन पदाधिकारी जामताड़ा |
| मो. परवेज | सहायक नगर आयुक्त विश्रामपुर | उप निर्वाचन पदाधिकारी दुमका |
| रवि प्रकाश | वेटिंग फॉर पोस्टिंग | उप निर्वाचन पदाधिकारी पाकुड़ |
| सुषमा लकड़ा | उप निर्वाचन पदाधिकारी पलामू | उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला |
| सुनीता किस्कू | सीओ नाला | उप निर्वाचन पदाधिकारी साहिबगंज |

---

छात्र संसद का भी होगा आयोजन, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने जारी किया पत्र

# झारखंड के सभी स्कूलों में मनेगा स्वच्छता पखवाड़ा बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित कराने का आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सभी स्कूलों में इस साल भी स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जायेगा। इस अभियान में विद्यालय के सभी बच्चों की सक्रिय भागीदारी का आदेश झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) की ओर से जारी किया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति, अभिभावक, माता समिति के सदस्यों को भी कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। परिषद द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम में सभी विद्यालय भाग लेंगे। इसमें पर्यावरण संरक्षण, बाल संसद, इको क्लब, जल शक्ति अभियान एवं किशोरी छात्राओं के लिए माहवारी स्वच्छता पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही स्कूलों में ऐसी गतिविधियां की जानी हैं, जिससे छात्र-छात्राओं के व्यवहार में स्वच्छता के प्रति परिवर्तन आये।



फाइल फोटो

**स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान होंगी कई गतिविधियां**

जिला स्तर पर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किसी एक विद्यालय से किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए दूरदर्शन, रेडियो, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा अन्य संचार साधनों का उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यालय में स्वच्छता सुविधाओं की समीक्षा करेंगे। गुणवत्ता युक्त पेयजल की व्यवस्था, पेयजल स्रोतों की जांच करेंगे। शौचालय की साफ-सफाई की व्यवस्था, अन्य स्वच्छता सुविधाओं के रखरखाव के लिए संबंधित मुखिया को प्रस्ताव बनाकर उपलब्ध कराएंगे, ताकि वे आयोग की राशि सुधारात्मक कार्य में इस्तेमाल कर सकें। विशेष गुरुगोष्ठी का आयोजन कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विद्यालय, शिक्षकों, बाल संसद विद्यालय प्रबंध समिति आदि के बीच स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने, अच्छी प्रथाओं को जारी रखने, प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने के लिए पखवाड़ा के पहले सप्ताह में विद्यालय प्रबंध समिति, माता-पिता और शिक्षकों के बीच बैठक करेंगे। सभी विद्यालय प्रबंध समिति स्वच्छता गतिविधियों को शामिल करेगी।

**पखवाड़े के आयोजन से होने वाले लाभ:** पखवाड़े के आयोजन से विद्यालय में बच्चों के ठहराव में वृद्धि होगी। बच्चे शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणिक स्तर पर अधिक प्रभावशाली बनेंगे और बाल संसद के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास होगा।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

प्रत्येक माह की 19 तारीख को स्वच्छता दिवस के अवसर पर बाल संसद की बैठक होगी। विद्यालय के नोडल शिक्षक इसे संचालित करेंगे। प्रत्येक तीन माह में बाल संसद की आम सभा की बैठक करेंगे। प्रत्येक माह की 25 तारीख को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक की जाएगी। इसकी सूचना विद्यालय पट पर लिखी जाएगी। बाल संसद में शामिल की जाने वाली समिति के सभी सदस्यों को विद्यालय प्रबंधन चुनेगा। विद्यालय की मासिक उपलब्धि पर शिक्षक प्रत्येक माह की 30 तारीख को बैठक करेंगे। इस बैठक में सभी शिक्षक उपस्थिति होंगे और विद्यालय खत्म होने के बाद एक माह में की गई गतिविधियों के परिणामों पर चर्चा करेंगे। साथ ही अगले माह की रणनीति तैयार कर उसका अनुपालन करेंगे।

---

# झारखंड जदयू युवा प्रकोष्ठ की नयी कमिटी गठित, 28 पदधारियों की पहली सूची जारी

**आस्था किरण को बनाया गया रांची जिला अध्यक्ष**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड युवा प्रकोष्ठ की नई कमिटी का गठन किया गया है। पार्टी मुख्यालय में युवा जदयू प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान 28 पदाधिकारियों की पहली सूची जारी की गई। कमिटी में प्रदेश उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गये हैं। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी शामिल हुये।

**पूरे प्रदेश में संगठन का करना है विस्तार : खीरू महतो**

बैठक को संबोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा कि संगठन को पूरे प्रदेश में विस्तार करना है और नई कमिटी का गठन करना है। राजनीतिक दृष्टिकोण से समय बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ महीनों के बाद ही लोकसभा का चुनाव होना है। इसे देखते हुए हमें अपनी रणनीति बनानी होगी। झारखंड में जदयू का एक ही नारा है। अब ना बचेगा कोई भी छोर, जदयू चला गांव की ओर। इस नारे का सभी कार्यकर्ताओं को अमल करना होगा।



### आस्था ने पार्टी की सदस्यता लेकर पदभार लिया

झारखंड प्रदेश महिला प्रकोष्ठ रांची जिला के जिला अध्यक्ष के रूप में आस्था किरण को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने जिम्मेवारी दी है। महिला प्रकोष्ठ जदयू की कार्यकारी अध्यक्ष रेणु गोपीनाथ पन्निकर की मौजूदगी और पहल पर आस्था ने पार्टी की सदस्यता लेकर पदभार ग्रहण किया। गौरतलब है कि आस्था किरण रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न कॉलेजों में फैशन टेक्नोलॉजी की फैकल्टी के पद पर कार्यरत हैं। साथ ही राज्य की जानी मानी उद्यमी भी हैं। मौके पर रेणु ने कहा कि आस्था किरण के पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रेणु गोपीनाथ, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आफताब जमिल, मुख्यालय प्रभारी सह प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, जदयू प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, संजय कुमार सिंह, फैज अहमद, युवा प्रदेश महासचिव सुजीत वर्मा, रूपेश पासवान, सुखदेव बिरुलि, यशवंत सिंह, बृज मोहन सिंह, भूषण उराँव, शीतल सिन्हा, अशोक सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सरस्वती ट्रेवल्स के मालिक वीरेंद्र सिंह का निधन

जमशेदपुर। लौहनगरी के नामी ट्रांसपोर्टर एवं सरस्वती ट्रेवल्स बस सर्विस के मालिक वीरेंद्र सिंह का बुधवार की सुबह टीएमएच में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे बीमार चल रहे थे। उनकी अंत्येष्टि गुरुवार 14 सितंबर को स्वर्णरेखा श्मशान घाट पर की जायेगी। उनकी शवयात्रा सुबह 8.30 बजे इस्टप्लांट बस्ती स्थित आवास से निकलेगी। वीरेंद्र सिंह के निधन पर ब्रम्हर्षि विकास मंच के नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है।

## एनएच 33 सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल





चांडिल। बुधवार को चौका थाना क्षेत्र के दुबराजपुर के पास जेएच 01 ईयू 1888 जमशेदपुर से रांची के ओर जा रही कार ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिस कारण कार सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शाम करीब चार की है। दोनों घायलों को चौका थाना के पुलिस स्थानीय लोगों के मदद से चांडिल अनुमंडल अस्पताल लगा जहां दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर के टीएमएच भेज दिया। घायलों की पहचान बुंडू के नवरात्रि टोली निवासी 36 वर्षीय किशन मिश्रा एवं बुंडू के ही पुराना बाजार टोली निवासी 35 वर्षीय पवण कुमार के रूप में हुई है।

## ब्राउन शुगर के साथ कपाली से दो, ईचा से डोडा के साथ 1 गिरफ्तार



चांडिल। नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कपाली से 53 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ दो युवक तथा ईचागढ़ से 540 किलो डोडा के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चांडिल एसडीपीओ संजय सिंह ने प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि कपाली ओपी क्षेत्र में जांच के दौरान पुलिस ने मंगलवार की शाम कपाली के कामारगोड़ा में स्कूटी में सवार ताजनगर रोड नंबर 2 निवासी इरफान अंसारी एवं मोहम्मद रमजान अंसारी के पास से 53 पुड़िया में करीब 550 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया तथा स्कूटी को जब्त कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग आदित्यपुर से ब्राउन शुगर लाकर टेंपू एवं बस स्टेंड तथा लोकल स्तर पर इसे बेचा करता था। रमजान अंसारी इससे पहले भी कपाली से चोरी के आरोप में दो बार जेल जा चुका है।

## व्यापारी के बेटे का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

जमशेदपुर। जुगसलाई गौशाला चौक के रहने वाले 25 वर्षीय युवा रोहित सिंह का सन्ग ट्रेन की पटरी पर बरामद हुआ है। उसका सर और धड अलग–अलग था । रोहित के पिता सिलाई गौशाला चौक पर दूध और चुस्की की दुकान चलाते हैं। वह अपने माता–पिता का इकलौता बेटा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीतारामडेरा पुलिस का लफंगों के खिलाफ अभियान

जमशेदपुर। सीताराम डेरा थाना पुलिस नशे के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ–साथ अब लफंगों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। चौक चौराहा पर लफंगे कर रहे युवकों को सीताराम डेरा के थाना प्रभारी भूषण कुमार विशेष रूप से पकड़ रहे हैं। आज इसी क्रम में देर रात को 9 गाड़ियों को पकड़ा गया। साथ ही उरांव बस्ती स्थित बिरसा मुंडा स्टैंड के पास छापेमारी की गई जहां शराब का सेवन कर रहे 10 लोगों को रंगे हाथ पकड़ा गया।

# हम जानते हैं, चैंपियन कैसे बनना है : हेजिरदान रमादानी

### सहायक कोच ने जमशेदपुर एफसी के नये लक्ष्य के बारे में बताया





खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। कोलकाता के आईटीसी सोनार में आयोजित आईएसएल मीडिया दिवस पर जमशेदपुर एफसी के सहायक हेजिरदान रमादानी, एलन स्टीवनोविक और प्रतीक चौधरी ने मीडिया से बातचीत की और क्लब के आगामी अभियान के बारे में बात की। आईएसएल मीडिया दिवस में जमशेदपुर एफसी, मोहन बागान सुपर जाइंट, ईस्ट बंगाल एफसी, केरला ब्लास्टर्स, ओडिशा एफसी, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और पंजाब एफसी सहित सात आईएसएल क्लबों ने भाग लिया, जिसमें पूरे भारत के पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत आईएसएल ट्रॉफी के साथ सभी क्लब कोचों और कप्तानों के फोटो शूट के साथ हुई। आईएसएल मीडिया दिवस पर खिलाड़ियों के साथ कई फुटबॉल के समान बनाने वाले निमार्ताओं के साथ बातचीत भी हुई, जिसमें उन्होंने एक मजेदार फोटोशूट के साथ-साथ फुटबॉल की चुनौतियों के बारे में बात की। जमशेदपुर एफसी के सहायक कोच हेजिरदान रमादानी ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, यह वह सीजन है जहां हम वापसी करेंगे। हम जानते हैं कि चैंपियन कैसे बनना है। पिछला सीजन वैसा नहीं था जैसा हम चाहते थे लेकिन अभियान के अंत तक हमने सुधार किया था और कुछ गति थी जिसे हम इस साल भी जारी रखने और सीजन की अच्छी शुरूआत करने की उम्मीद करते हैं। हमारा प्री-सीजन पहले ही अच्छा रहा है और मुझे लगता है कि टीम पिछली बार की निराशा से उबरने के लिए तैयार है। आक्रामक मिडफील्डर एलेन स्टीवनोविक ने कहा, भारत आना और जमशेदपुर एफसी के लिए खेलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है और मुझे लगता है कि इस टीम में बड़ी ट्रॉफियों के लिए चुनौती देने के लिए पर्याप्त क्षमता है। यह दुनिया के विभिन्न हिस्सों से आए खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है लेकिन हम सभी का एक ही लक्ष्य आईएसएल जीतना और अपने प्रशंसकों को एक बार फिर खुश करना है। डिफेंडर प्रतीक चौधरी ने कहा, माहौल सकारात्मक है और हम सभी नए सीजन की शुरूआत का इंतजार कर रहे हैं। हाँ, पिछला सीजन वैसा नहीं था जिसकी हमें उम्मीद थी लेकिन मैं पहले से ही उस तरीके में बदलाव के संकेत देख सकता हूँ जिस तरह से हम प्रशिक्षण ले रहे हैं, उबर रहे हैं और यहाँ तक कि खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने के लिए एक-दूसरे को प्रेरित भी कर रहे हैं। अगर हम अपने फुटबॉल पर ध्यान केंद्रित करें तो कोई कारण नहीं है कि हम इस बार आईएसएल ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकते। जमशेदपुर एफसी अपने आईएसएल सीजन की शुरूआत 25 सितंबर को ईस्ट बंगाल की यात्रा के साथ करेगा और अपना पहला घरेलू मैच 5 अक्टूबर को हैदराबाद एफसी के खिलाफ खेलेगा। शुरूआती घरेलू मैच और दिसंबर के अंत तक घरेलू मैचों के टिकट 15 सितंबर को टिकटिंग प्लेटफॉर्म टिकट जिनी पर लाइव होंगे।

# आयुष और इंटरनेशनल मास्टर ग्रेबनेव के बीच ड्रॉ

### बालिका वर्ग में भी रहा जबर्दस्त मुकाबला

### टाटा स्टील एशियन जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप 2023 का छठा दिन



आयुष शर्मा ने ग्रेबनेव को ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया।



बृष्टि सफेद मोहरे से खेलते हुए सुभी गुप्ता को हराया।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। टाटा स्टील एशियन चेस चैंपियनशिप 2023 ने छठे दिन भी अपनी रोमांचक जर्नी जारी रखी, जिसमें कड़े मुकाबले और रोमांचक नतीजे देखने को मिले। दिन की औपचारिक शुरूआत टाटा स्टील के पूर्व चीफ, प्रोटोकॉल एंड स्पोर्ट्स और वाईस प्रेसिडेंट, इंडियन गोल्फ यूनियन, फरजान हीरजी द्वारा पहली चाल चलकर किया गया। ओपन वर्ग में टॉप बोर्ड में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। बोर्ड 1 पर, अंतर्राष्ट्रीय मास्टर ग्रेबनेव एलेक्सी का सामना फिडे मास्टर आयुष शर्मा से हुआ। खेल की शुरूआत क्वीन्स गैम्बिट से हुई, जिसके बाद आयुष ने निम्जो इंडियन डिफेंस के साथ मुकाबला किया। 32 चालों और कई एक्सचेंज के बाद, भारतीय फिडे मास्टर ने अपनी स्थिति मजबूत करके ड्रॉ पर खेल समाप्त किया, जिससे एलेक्सी को सफलता का कोई मौका नहीं मिला। बोर्ड 2 में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर रोहित कृष्णा एस ने प्रभावशाली जीत दर्ज की, जिन्होंने सफेद मोहरों से ऋत्विक कृष्णन को हराया। क्वीन्स गैम्बिट से शुरूआत करते हुए, ऋत्विक ने सेमी-टाराश्च एक्सचेंज वेरिएशन का विकल्प चुना, लेकिन खेल के बीच में वेरिएशन की गलत गणना कर ली, जिससे अंततः एक कठिन एंडगेम स्थिति पैदा हो गई। रोहित ने इस बढ़त का फायदा उठाया, जिसके परिणामस्वरूप 52वीं चाल में ऋत्विक को खेल छोड़ना पड़ा। बोर्ड 3 पर, अश्वथ एस ने इंडोनेशियाई खिलाड़ी गिल्बर्ट एलरॉय के खिलाफ एक रणनीतिक लड़ाई में भाग लिया, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने क्वीन्स गैम्बिट में वेरिएशन को कम कर दिया। खेल के बीच मे अश्वथ एस ने कुशलतापूर्वक अपने मोहरों को चला, जिससे काले मोहरे अप्रभावी हो गए। 27वीं चाल पर, अपने नुकसान का एहसास करते हुए, गिल्बर्ट एलरॉय ने खेल छोड़ दिया। बोर्ड 4 पर एक आश्चर्यजनक उलटफेर में, उच्च रेटिंग वाले श्रीहरि एलआर अपने भारतीय समकक्ष संबित पांडा से हार गए। श्रीहरि ने क्वीन्स गैम्बिट से शुरूआत की, और संबित ने ओल्ड इंडियन डिफेंस के साथ जवाब दिया, अंततः 21वीं चाल में एक रूक और एक बिशप के लिए अपनी रानी का बलिदान दिया। इसके बाद संबित ने कुशलतापूर्वक छोटे-छोटे मोहरों से खेलते हुए 31 चालों में जीत हासिल कर ली। बोर्ड 1 पर लड़कियों की श्रेणी में, मृतिका मल्लिक और तेजस्विनी ने डिफेंसिव किंग्स पॉन ओपनिंग और सिसिलियन डिफेंस गेम खेला, जिसमें तेजस्विनी ने खेल के बीच में बढ़त बना ली। तेजस्विनी ने 39 चालों के बाद एक सुंदर सामरिक संयोजन के माध्यम से जीत का दावा किया। बोर्ड 2 में ब्रिस्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुभी गुप्ता को सफेद मोहरों से हराकर लगातार चौथी जीत हासिल की। बोर्ड 3 पर शीर्ष वरीयता प्राप्त नर्गली ने कीर्ति रेड्डी को काले मोहरों से हराकर जबरदस्त वापसी की। लड़कियों की श्रेणी में राउंड 7 के बाद, तेजस्विनी ने ब्रिस्टी मुखर्जी के साथ लीडरबोर्ड पर अपनी एकमात्र बढ़त बनाए रखी, दोनों ने संयुक्त रूप से 6 अंक बनाए। नर्गली और बोम्मिनी 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मृत्तिका और मृदुल 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। ओपन वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रेबनेव एलेक्सी, रोहित और अश्वथ 5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रहे। संबित, श्रीहरि एल, श्रीहरि, आयुष और मनीष 5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 3 को आयेंगे जमशेदपुर

जमशेदपुर। भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा अक्टूबर माह के प्रथम सप्ताह में जमशेदपुर प्रवेश करेगी। जहां वे जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा में प्रस्तावित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर भाजपा ने तैयारियों को तेज कर दिया है। संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर की महत्वपूर्ण बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन में सम्पन्न हुई। महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा समेत अन्य मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान अक्टूबर माह के 3-5 तारीख तक प्रस्तावित प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर व्यापक चर्चा की गयी।

## श्रीनाथ विवि में टेक रुट-2023 का हुआ आगाज



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। बुधवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं स्कूल ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के द्वारा 'टेक रूट-2023' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीनाथ विवि के कुलाधिपति सुखदेव महतो, कुलपति डॉ. गोविंद महतो, श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. बलभद्र जेना एवं डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे. राजेश के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। श्रीनाथ विवि के कुलपति डॉ. गोविंद महतो ने अपनी बात रखते हुए कहा कि दुनिया में जितनी भी उपलब्धियां हो रही है उसमें इंजीनियर और वैज्ञानिकों का अहम योगदान है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एक इंजीनियर में धैर्य रहना चाहिए तभी वह अपने लक्ष्य तक सफलता से पहुंच सकता है। यह तीन दिवसीय तकनीक की एक टेक्निकल फेस्ट है जो श्रीनाथ विवि में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं स्कूल ऑफ इनफॉरमेशन एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वाधान में सम्पन्न हो रहा है। इसके अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं हुई जो तकनीक से जुड़ी थी, जिनमें आज के प्रमुख आकर्षण है ब्रिज कृति, क्विज मेनिया, सॉल्व द रूबिकस, ई गेम्स जिसका आज प्रथम चरण संपादित हुआ साथ ही सुडोकू पजल इत्यादि थे। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष शशिकांत सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह तकनीक से जुड़ी प्रतियोगिताओं को एक साथ एक छत के नीचे लाने की हमारी एक कोशिश है जिस को सफल बनाने में जमशेदपुर तथा जमशेदपुर के बाहर के भी कई विद्यालयों एवं महाविद्यालयों ने हमें काफी सहयोग दिया है और हम उनके आभारी हैं।

# सिंहभूम चैंबर चुनाव : टीम मुनका-केडिया ने किया नामांकन



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में बुधवार को नामांकन के अंतिम दिन टीम विजय मुनका नें सदस्यों और समर्थकों की भारी भीड़ के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। काम किया है, काम करेंगे के नारे के साथ टीम मुनका के समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। नामांकन के पश्चात उत्साह से लबरेज विजय मुनका नें समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम बोलने में नही काम करने में विश्वास रखते है। विजय आंनद मूनका ने कहा की चैम्बर का वर्तमान स्वरूप हमारे विजन का प्रतीक है।

**विजय मुनका टीम से नामांकन दाखिल किया :** अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, अनिल मोदी, राजीव अग्रवाल, पुनीत काउंटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, भरत मखानी, अंशुल रिंगसिया, विनोद शर्मा, लिप्पू शर्मा, अनिल अग्रवाल, मोहित मूनका, सन्नी संघी, इंदरजीत सिंह बिंद्रा, दीपक चेतानी, बबलू अग्रवाल मिनी, कौशिक मोदी, प्रदीप गुप्ता, मनीष गोयल, मुकेश आदि ने भरा पर्चा।


## मुकेश मित्तल ने महासचिव पद के लिए पर्चा भर चुनाव को और रोचक बनाया



खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव को लेकर जारी प्रक्रिया के तहत गत मंगलवार को चैंबर के निवर्तमान उपाध्यक्ष (जनसंपर्क) मुकेश मित्तल ने दोपहर में अपना पर्चा भरा। मित्तल ने महासचिव पद के लिए पर्चा भरा है। उन्होंने बताया कि वे दोपहर एक बजे पर्चा भरे। उन्हें अपने काम पर भरोसा है। मित्तल ने कहा कि मैं चैंबर के सभी पदाधिकारियों के साथ कार्यसमिति और सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्यों को सफल, उपयोगी और उत्कृष्ट दो वर्षों के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। सौभाग्यशाली हैं कि हम जमशेदजी नौसेरवानजी टाटा द्वारा स्थापित शहर के नागरिक हैं। पिछले दो वर्षों के दौरान जनसंपर्क और कल्याण विंग बहुत मुखर रहा है और हमारे व्यापार एवं उद्योग, समाज, राज्य और मानवता से संबंधित हर मुद्दों के बारे में बात करता रहा है। मैंने जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज के लंबित कार्य को शुरू करने से संबंधित मुद्दों को उठाया और अंततः इसे जुगसलाई के लोगों को समर्पित किया गया। सैरात बाजार की दुकानों के किराए में वृद्धि के लिए संघर्ष किया एवं अभियान शुरू किया।

# टाटा स्टील देश की पहली कंपनी जिसने 14 सितंबर 1937 को बनाया था आरएंडडी डिपार्टमेंट





खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) विभाग का औपचारिक रूप से उद्घाटन 14 सितंबर 1937 को टाटा स्टील के चेयरमैन सर नौरोजी सकलातवाला द्वारा किया गया था। भारत में यह पहली बार था जब किसी कंपनी ने आर एंड डी डिपार्टमेंट की स्थापना की थी। सर एम विश्वेश्वरैया को अनुसंधान एवं विकास के संस्थापकों में से एक माना जा सकता है। 1932 में एक बोर्ड मीटिंग के दौरान उन्होंने बताया कि, उनके अनुभव के अनुसार, यूरोप या अमेरिका में अनुसंधान के प्रावधान के बिना कोई बड़ी फैक्ट्री नहीं थी। इस तरह के शोध का मुख्य उद्देश्य लागत कम करना और उत्पादन बढ़ाना था।

नई नियंत्रण और अनुसंधान प्रयोगशाला को निम्नलिखित विषयों के तहत नियमित कार्य के अलावा अनुसंधान कार्य से संबंधित मामलों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया था:

1. कच्चे माल का नियंत्रण जिसमें चयन या जांच के उद्देश्य से विश्लेषणात्मक और रासायनिक समस्याएं शामिल है।
2. इस्पात संयंत्रों के भीतर किए गए सभी धातुकर्म कार्यों का अध्ययन, अवलोकन और पर्यवेक्षण।
3. स्पेशल आयरन एंड स्टील के गुण
4. रिफ्रैक्टरी मटेरियल
5. संक्षारण की समस्या
6. नये इस्पात और सभी प्रकार के नये उत्पादों का विकास
7. ईंधन प्रयोगशाला

आर एंड डी भवन को दक्षता, सुविधा और लचीलापन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। काम के लिए सीधी पहुंच प्रदान करने के लिए कमरे बनाए गए थे जो चौड़े गलियारों से जुड़े हुए थे। काम करने वाली मेजों और बेंचों को अलग करने योग्य अलमारी और दराजों के साथ आसानी से तोड़ने, जोड़ने या संशोधित करने के लिए डिजाइन और निर्माण किया गया था। गैस, पानी, बिजली और वैक्यूम सहित सभी सेवाओं की आपूर्ति फर्श के नीचे से गुजरनेवाले एक डक्ट के माध्यम से की जाती थी ताकि रखरखाव की पहुंच आसान हो और दीवारों को पाइपिंग और केबलिंग से मुक्त रखा जा सके। सुरक्षित और स्वस्थ कामकाजी परिस्थितियों पर विशेष ध्यान दिया गया, साथ ही एर्गोनॉमिक्स, प्रकाश व्यवस्था और वेंटिलेशन पर भी काफी विचार किया गया। तकनीशियनों की सुविधा के लिए और श्रमिकों की अनावश्यक आवाजाही से बचने के लिए टेबल और बेंच की स्थिति और ऊंचाई डिजाइन की गई थी। तकनीशियनों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए हुड के साथ धूआं निष्कर्षण प्रणालियां स्थापित की गईं। हावड़ा ब्रिज के लिए स्टील का उत्पादन टाटा स्टील के लिए एक बड़ी चुनौती थी, क्योंकि इसने अभी तक कम मिश्र धातु संरचनात्मक स्टील के क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया था। उपयोग किए जाने वाले स्टील की विशिष्टताओं में 37 से 43 टन प्रति वर्ग इंच की तन्यता ताकत की आवश्यकता होती है। इस ग्रेड को विकसित करना अनुसंधान एवं विकास विभाग का प्रमुख फोकस बन गया और शोधकर्ता इन सभी चुनौतियों पर सफलता पाने में सक्षम हुए और उनके द्वारा बनाए गए न्यू स्टील उत्पाद को 'टिस्क्रॉम' नाम दिया गया। इसलिए टाटा स्टील के शोधकताओं ने एक उच्च शक्ति संरचनात्मक स्टील विकसित करना भी शुरू कर दिया जो वेल्डिंग के लिए उपयुक्त था।

## खबर एक नजर में

### भाजपा के पदाधिकारी अजय श्रीवास्तव ने हेमंत सरकार को सराहा, भाजपा के कार्यकाल को कोसा



जमशेदपुर। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा झारखंड प्रदेश के महामंत्री अजय श्रीवास्तव ने राज्य के हेमंत सरकार के प्रति कायस्थ प्रशासनिक अधिकारियों की पोस्टिंग करने पर आभार जताया। उन्होंने चंदन सिन्हा को वरीय आरक्षी अधीक्षक रांची बनाए जाने पर बधाई दिया और जो भी सीओ, बीडीओ बनाए गए हैं उनको भी शुभकामनाएं दिया और कहा कि हेमंत सरकार ने कायस्थ की प्रशासनिक क्षमता एवं उनकी अनुभव का लाभ लेने का जो निर्णय लिया है, वो स्वागत योग्य है। आपको बता दें कि अजय श्रीवास्तव भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी हैं। उन्होंने कहा की राज्य की भाजपा सरकार में कायस्थ को उचित सम्मान नही मिला जिसका उधारण है कि अमित खरे और निधि खरे ने राज्य से अपना स्थानांतरण कराना उचित समझा। झारखंड प्रदेश एवं देश भर में 90% कायस्थ समाज राष्ट्रवाद के कारण भाजपा को अपना बहुमूल्य मत देती है, फिर भी प्रशासनिक एवं राजनैतिक दिशा में उपेक्षा होटी है, यह चिंता का विषय हैं। देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी आभार व्यक्त किया की उन्होंने ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों की छमता को पहचाना और श्री अमित खरे जी को शिक्षा सचिव बनाया और उनके सेवानिवृत होने पर प्रधानमंत्री ने अपना विशेष सलाहकार बनाया और श्रीमती निधि खरे को केंद्रीय सरकार में सचिव बनाया। आज जो नई शिक्षा नीति देश में लागू होने जा रही है, उसकी नीव भी अमित खरे के द्वारा रखा गया। खरे ऐसे ईमानदार पदाधिकारी थे जिनके कारण चाईबासा का चारा घोटाला उजागर हुआ था और दिग्गज नेता लालू प्रसाद यादव को जेल जाना पड़ा था।

### शेन इंटरनेशनल स्कूल : इंटर हाउस बास्केट बॉल प्रतियोगिता में ग्रिफिन हाउस चैंपियन





जमशेदपुर। शेन इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आठवीं से बारहवीं तक के बच्चों ने भाग लिया` सभी मुकाबलों में बच्चों ने कड़ी मशक्कत की और मैदान पर अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में ग्रिफिन हाउस तथा बालिका वर्ग में भी ग्रिफिन हाउस के बच्चें अपने शानदार प्रदर्शन से मैच के विजेता बने। दूसरे स्थान पर आकर फिनिक्स हाउस के बच्चे उपविजेता रहे। कार्यक्रम के समापन में विजेताओं को पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की गई कअपने संबोधन में प्राचार्या पुष्पा भल्ला ने कहा कि खेल विद्यार्थी जीवन का एक अभिन्न अंग है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पुष्पा भल्ला, रमा श्रीनिवास सहित वाइस प्रिसिंपल केया अदक, हेड मिस्ट्रेस सिमरन सग्गू उपस्थित होकर बच्चों का खूब उत्साह बढ़ाया तथा खेल के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी।

### जिला में 5 नये लोग पाये गये डेंगू पॉजिटिव

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में 13 सितंबर के सैम्पल जांच में 05 लोग डेंगू पजिटिव पाए गए। अबतक कुल 4869 सैम्पल की जांच में 651 लोग डेंगू पजिटिव पाए जा चुके हैं। वर्तमान में 290 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 9 आईसीयू में, 281 नर्मल वार्ड में भर्ती हैं। 82 लोगों को हस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

### गोलमुरी के गाड़ाबासा दादी मंदिर में मंगलपाठ में शामिल हुईं 101 महिलाएं



जमशेदपुर। भादो अमावस्या के शुभ अवसर पर झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी का सामूहिक मंगलपाठ एवं भजनों का धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को बजरंग नगर गाड़ाबासा (गोलमुरी) स्थित दादी मंदिर मे धूमधाम से संपन्न हुआ। घिसा लाल मदन लाल अग्रवाल के सौजन्य से आयोजित सामूहिक मंगलपाठ में 101 महिलाएं शामिल हुई। यजमान सरोज–मदन अग्रवाल ने विधिवत पूजा कराकर ज्योत प्रज्जवलित की। स्थानीय पाठ वाचिका सोमी चौधरी एवं रिया चौधरी ने मंगल पाठ वाचन का शुभारंभ गणेश वंदना से किया। उन्होंने आज म्हारे आंगणिये में राणी सती जी आई जी, दादी करवा दे म्हारा ठाठ, मोटी सेठानी मन्ने भी बनादे तू छोटी सेठानी, चढ्यो है मेहंदी को रंग भवानी, खूंटी तान कर सोजा तेरी दादी पहरेदार.... दे दे थोड़ा प्यार दादी तेरा क्या घट जाएगा.., चालो रे चालो झुंझनू धाम रे.... आदि एक से बढ़कर एक भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### चांडिल सीओ प्रणव ने लिया दो टीबी मरीज को गोद



चांडिल। चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल में आयोजित निक्षय पोषण योजना के तहत चांडिल सीओ प्रणव अम्बस्ट ने चांडिल प्रखंड के दुबराजपुर एवं नीमडीह प्रखंड के चेलियामा के दो टीबी मरीज को गोद लिया। दोनो टीबी मरीज को किट उपलब्ध कराया गया। इस किट में मरीज को पोषण सहायता के रूप में फूड बास्केट उपलब्ध कराया गया। सीओ ने दोनो टीबी मरीज को अगले छह माह के लिए गोद लिया प्रत्येक महीना पोषक सामग्री उपलब्ध कराएंगे। इसके अलावे मरीज को सरकार के द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं और दवा दी जाएगी। सीओ ने मरीजों को नियमित रूप से दवा खाने को कहा। इस मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल उपाधीक्षक ड एचएस शेखर, अमर प्रमाणिक, लक्ष्मण साव, फैजुल रहमान, राजेन्द्र सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटा मोटर्स में 182 यूनिट रक्तदान





टाटा मोटर्स टेक्निकल सर्विसेज के द्वारा टाटा मोटर्स ब्लड डोनेशन सेन्टर में आज मास ब्लड डोनेशन का आयोजन किया गया। जिसमें 182 यूनिट रक्त संग्रह हुआ एवं 50 बार रक्तदान करने वाले पी ई डिवीजन के संतोष कुमार को सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री श्री आरके सिंह, आई आर हेड सौमिक रय ,राजीव मिश्रा, प्रभाकर राव,अमय दीक्षित, पवन कुमार सिंह एवं मनोज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 14-18 सितंबर तक प्रखंडों में लगेगा स्वास्थ्य मेला

जमशेदपुर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला का आयोजन 14 से 18 सितंबर 2023 तक किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रखंड स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ माननीय मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण तथा आपदा प्रबंधन विभाग श्री बन्ना गुप्ता द्वारा गांधी मैदान, मानगो, जमशेदपुर से किया जाएगा।

### बागबेड़ा जलापूर्ति योजना के लिए नया पंप लगाने को लेकर ईई से मिले सुनील

जमशेदपुर। बागबेड़ा हाउसिंग कलोनी जलापूर्ति योजना के अंतर्गत बिष्टुपुर एवं बागबेड़ा कलोनी के दोनों पंप हाउस में बिगत गई वर्षों से बार–बार मोटर जल जाने पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार से पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता एवं झामुमो बागबेडा इकाई अध्यक्ष अजीत सिंहा ने मिलकर नया मोटर लगाने की बात को लेकर जानकारी हासिल किए। कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार ने नया मोटर पंप सेट की प्राक्कलन राशि बनकर तैयार होने की जानकारी दिए।

## स्पीड न्यूज

### एमपी एमएलए कोर्ट में हाजिर हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर



मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में एमपी एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत में बुधवार को सूबे के मंत्री मिथिलेश ठाकुर हाजिर हुए। कोर्ट में मंत्री का 313 सी.आर.पी.सी का बयान दर्ज किया गया। विदित हो कि मिथिलेश ठाकुर पर यह मामला चुनाव आचार संहिता को लेकर 27 नवंबर 2014 को दर्ज किया गया था।

### सोना सोबरन योजना के तहत वार्ड तीन में धोती-साड़ी का वितरण



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड तीन में सोना सोबरन योजना के तहत बुधवार को कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी और लुंगी का वितरण किया गया। लाभुकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने किया। पांडेय ने कहा कि झारखंड सरकार आम लोगों के भलाई हेतु कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। बस जरूरत है सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचाने की। उन्होंने कहा कि सोना सोबरन योजना से प्रदेश की लगभग आबादी लाभान्वित हो रही है। मौके पर डीलर उर्मिला देवी,चंद्रशेखर दुबे सहित कई लोग मौजूद थे।

### डीटीओ के आश्वासन के बाद एसोसिएशन का चक्का जाम स्थगित



मेदिनीनगर। जिला ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने डीटीओ अनवर हुसैन के आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन चक्का जाम स्थगित कर दिया है। मालुम हो कि अवैध रूप से चल रहे यात्री वाहनों पर कार्रवाई की मांग को लेकर एसोसिएशन ने डीसी, एसपी, एसडीपीओ, एसडीओ, डीटीओ को आवेदन दिया था। आवेदन में कार्रवाई नहीं होने पर 13 सितम्बर से चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। मंगलवार को दोपहर में एसोसिएशन ने के सदस्यों ने बैठक कर बुधवार से अपने बसों को नहीं चलाने का निर्णय लिया था। इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने त्वरित पहल करते हुए डीटीओ अनवर हुसैन, एमवीआई, ट्रैफिक इंचार्ज और एसोसिएशन की बैठक करायी। बैठक में डीटीओ ने एसोसिएशन को आश्वस्त कराया कि उनकी जो मांग है उस पर जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। डीटीओ के आश्वासन के बाद एसोसिएशन ने चक्का जाम को स्थगित करने का घोषणा किया।

### प्रखंड प्रमुख ने किया फाईनल मैच के विजेता व उप विजेता को पुरष्कृत



पाटन पलामू। प्रखंड के किशुनपुर मिडिल इसकुल के मैदान में खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। इस खेल में जीते हुए छात्र छात्राओं के बीच पाटन प्रमुख शोभा देवी के द्वारा शील्ड का वितरण किया गया। मौके पर बीपीएम अजय कुमार ने बताया कि खेल में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को जिला को भेज दिया जायेगा। मौके पर बीपीएम अजय कुमार, शिक्षक प्रियेश कुमार, अंजनी मिश्रा, राजुरंजन पाण्डेय, चंद्रदीप राम, इमाम हुसैन ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा छात्र छात्राओं का हौसला अफजाई किया। दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र छात्राओं में खेल के प्रति विशेष दिलचस्पी दिखाई दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में किशुनपुर पंचायत के मुखिया सुमन गुप्ता, समाज सेवी शक्ति शंकर गुप्ता सहित खेल में प्रतिनियुक्त किये गये सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### खेलो झारखंड के तहत दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**सतबरवा पलामू।** खेलो झारखंड 2023-24 के तहत आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को किया गया। दूसरे दिन राजकीय प्लस उच्च विद्यालय सतबरवा के मैदान में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, खो-खो, गोला फेंक, हाई जंप तथा लॉन्ग जंप का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14 से लेकर अंदर-17 तक के बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय तथा प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। समापन के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार तिवारी ने सभी प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों को सिल्ड, मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि दो दिवसीय खेलो झारखंड खेल प्रतियोगिता का समापन सभी लोगों के सहयोग से संपन्न हुआ है। इस कार्यक्रम में को सफल बनाने में सभी प्रतिनियुक्त शिक्षक और शिक्षिकाओं का योगदान रहा है जिसके कारण यह कार्यक्रम शांतिपूर्वक सफल हुआ है। उन्होंने बताया कि सभी खेलों में प्रथम स्थान लाने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय आयोजित होने वाले खेलो झारखंड खेल प्रतियोगिता में शामिल होंगे। डॉक्टर तिवारी ने कहा कि सरकारी विद्यालय के बच्चों में भी खेल के प्रति जागरूकता बढ़ी है। सरकारी विद्यालय के बच्चे भी खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। झारखंड सरकार सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक वर्ष इस कार्यक्रम का आयोजन करती है। मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक गोविंद प्रसाद, सुशील टोप्पो, भीम यादव, वीरेंद्र साहू, अनुज ठाकुर अरुण साव, रीना कुमारी, रोजलीन एक्का, समेत कई लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के तहत किये जा रहे कार्यों का किया समीक्षा



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ने मुद्रा लोन, क्रेडिट लिंकेज, लाइवलीहुड फार्म, ऑर्गेनिक फार्मिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, जोहार परियोजना, उड़ान परियोजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीदी बगिया,आदि की भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत 950 एकड़ लक्ष्य के विरुद्ध 888 एकड़ स्थल चयन होने पर नाराजगी प्रकट की साथ ही जोहार परियोजना के तहत किये जा रहे लाह की खेती, बकरी पालन और मुर्गी पालन की भी जनकारी ली। उन्होंने बैम्बू क्राफ्ट से बने सामग्रियों को बाजार में उतारने की दिशा में कार्ययोजना बनाने की बात कही। वहीं रामगढ़ व मनातू जैसे ग्रामीण क्षेत्र में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने पर बल दिया। मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश कुमार शुक्ला, सभी प्रखंडों के बीपीएम, बीपीओ, वाईपी समेत अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# जिले को अपराधमुक्त बनाने को संकल्पित है पलामू पुलिस : एसपी रीष्मा रमेसन

**गजेंद्र कुमार**



**मेदिनीनगर।** पलामू के नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने अपराधियों के लिए काल नहीं महाकाल बनकर आई है।

इनके अंदर जो तेवर दिखाई देता है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि अपराधी कैसा भी हो वह बच नहीं पायेगा। चाहे वह कितना भी कुछ कर ले एसपी रीष्मा रमेसन के नजरों से बच नहीं पायेगा। अपराध पर नियंत्रण करने के लिए एसपी रमेसन ने जो कार्य योजना तैयार की है उसमें जिले के सभी थाना प्रभारियों को भी सख्त निर्देश दिया गया है कि किसी भी थाना क्षेत्र में यदि अपराधिक घटना घटती है तो त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी हर हाल में सुनिश्चित करें। बुधवार को खबर मन्त्र से विशेष बातचीत में पलामू के जांबाज महिला पुलिस कप्तान ने बताया कि जिले अब अपराधियों की खैर नहीं। जिले को अपराधमुक्त बनाने को ले संकल्पित पुलिस कप्तान रमेसन ने कहा कि जिले के मेदिनीनगर सहित सभी शहरी क्षेत्र से लेकर सुदूरवर्ती इलाकों तक नागरिकों में अमन चैन और शांति स्थापित करने की दिशा में पलामू पुलिस संवेदनशील है। इसके लिए जिले के थाना प्रभारियों को जो मदद चाहिए जिला मुख्यालय से दिया जायेगा। ज्ञात हो कि पलामू जिला संगठित अपराधिक गिरोह से ग्रसित रहा है। अपराधियों के भय से लोग भयभीत रहते हैं। इस पर पुलिस काफी हद तक लगाम कस चुकी है जिस कारण कई अपराधी जेल के सलाखों में हैं तो कई अपराधी पुलिस के भय से भयभीत होकर लुक्के छिपे चल रहे हैं। जिस कारण पलामूवासी थोड़ा सुकून की सांस ले रहे हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में संगठित अपराधिक गिरोहों के कारण कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है जो सिर्फ आमलोगों के लिए ही नहीं बल्कि पुलिस के लिए भी सिरदर्द बने हुए थे। ऐसे में पुलिस ने अपराधियों पर काफी हद तक काबू पाने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक रमेसन ने अपराध पर चर्चा करते हुए कहा कि किसी भी जिला या थाना के लिए अपराध पर अंकुश लगाना पुलिस के लिए पहली प्राथमिकता है। ताकि जनता किसी भय में न रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पलामू जिला में संगठित अपराधी नहीं के बराबर हैं लेकिन इसके बावजूद भी अपराधी जो हैं उन पर पैनी नजर पुलिस की है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला में जितने भी अपराधी रहे हैं उनकी एक सूची तैयार की गई है। जिसमें बहुत से अपराधी जेल में बंद हैं और कुछ अपराधी किसी घटना दुर्घटना में मारे जा चुके हैं। इसके साथ ही जो अपराधी जेल से बाहर हैं उनके हरेक गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर है कि वे क्या कर रहे हैं या कहां जा रहे हैं पुलिस को पल-पल की खबरें हैं।

उन्होंने कहा कि अपराधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस सतर्क रहते हुए जिले के सभी थाना प्रभारियों को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। यदि कोई भी अपराधी किसी घटना को अंजाम देते हैं तो उनके उपर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। एसपी रमेसन ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर तीन अपराधिक घटनाएं जिले में घटी थी। जिसमें पुलिस ने तीनों घटनाओं का उदभेदन करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया है। उन्होंने आमलोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि अपराधी चरित्र के कोई भी व्यक्ति यदि आपके आसपास टोला, मुहल्ला में कोई हरकत करते हों तो इसकी सूचना पुलिस को दें। सूचना देनेवालों को गुप्त रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों को पनाह देनेवाले भी उतना ही दोषी हैं जितना अपराधी हैं। वैसे लोगों पर भी कार्रवाई की जायेगी। किसी भी सूरत पर अपराधी या पनाह देनेवालों को बख्शा नहीं जायेगा। इसके लिए पुलिस मुस्तैद है।

**पलामू के ढाई सौ अपराधियों को चिंहित कर पुलिस कार्रवाई करने की योजना में है : राजकुमार लकड़ा**

## संगठित अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जायेगा : आईजी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में अपराधी या संगठित अपराधियों के द्वारा कई घटनाओं को अंजाम दिया जा चुका है इसमें कई नामी गिरामी अपराधी गिरोह के नाम से प्रमंडलवासी भयभीत रहते थे। विशेषकर करोबारी करने वाले या ठेकेदारी करनेवाले लोग अपराधियों से काफी परेशान रहते थे। ऐसे इन तमाम अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस पूर्व में भी कार्रवाई की है। लेकिन वर्तमान समय में पुलिस ने पलामू प्रमंडल के अपराधियों की एक सूची तैयार कर उस पर विशेष रूप से अभियान चलाकर कार्य योजना तैयार की है। इस संबंध में पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पलामू प्रमंडल में संगठित अपराधियों की अब खैर नहीं है। इनके विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश पलामू, गढ़वा व लातेहार के पुलिस अधीक्षक को दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल में लगभग 250 अपराधियों को चिंहित कर कार्रवाई करने की योजना है। उन्होंने कहा कि पलामू जिला में लगभग 80 अपराधी, गढ़वा में 70 अपराधी व लातेहार में सौ अपराधियों की सूची तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इनमें से कई अपराधियों पर सीसीए एक्ट लगाकर राज्य मुख्यालय को भेजा जायेगा। साथ ही कई अपराधियों को तड़िपार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह भी चिंहित किया जा रहा है कि अपराधियों के बेलदार कौन लोग हैं जो संगठित रूप से बेलर बनकर पलामू, गढ़वा व लातेहार के अपराधियों का बेल ले रहे हैं, कहीं ऐसा तो नहीं है कि एक ही बेलदार कई अपराधियों को पहचान कर बेलर बन रहे हैं। यदि ऐसा पाया गया तो उन बेलदारों पर भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि कुछ अपराधियों के खिलाफ बेल को कैंसिल करने का प्रस्ताव न्यायालय में समर्पित किया जा रहा है। आईजी श्री लकड़ा ने कहा कि संगठित अपराधी गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए डीजीपी के द्वारा आदेश प्राप्त है। उस आदेश के आलोक में अपराधियों पर विशेष अभियान पलामू प्रमंडल में चलाया जायेगा।

## झारखंड सोशल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे गये पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल

**नेपाल, भूटान, सिंगापुर, मलेशिया सहित देश व विदेश के कई प्रान्तों में पर्यावरणविद को अबतक मिल चुका है 58 अवार्ड**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रांची के होटल चाणक्या बी एन नार में आयोजित झारखंड सोशल एक्सीलेंस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के साथ रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, डीजीपी अजय सिंह ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर अतिथियों ने राज्यभर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनरखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को अतिथियों ने शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के बाद अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल ने कहा कि दूर दृष्टि, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा के साथ किए गए निःस्वार्थ कार्य कभी बेकार नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पांच दशक से उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में लगाये गए पौधा अब फल देने लगा है। यही कारण है कि अक्टूबर से सितंबर माह के इस 11 महीने की अवधि में अबतक सूबे के राज्यपाल, विस अध्यक्ष सहित कई नामीगिरामी हस्तियों के हाथ 9 अवार्ड मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ हैं। उउन्होंने यह भी बताया उन्हें एवं उनकी धर्मपत्नी सह डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को इस वर्ष मलेशिया में आयोजित कार्यक्रम में आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। जो उनके जीवन में गौरव का क्षण है।

## छत्तरपुर : बंद खदान से मां बेटा का शव बरामद

**हत्या या आत्महत्या स्पष्ट नही पुलिस कर रही है गहनता से अनुसंधान**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छत्तरपुर पलामू।** छत्तरपुर अनुमंडल क्षेत्र के बगैया में एक बंद पड़े स्टोन माइंस से मां और बच्चे का शव बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार कुसमी देवी अपने बेटे के साथ मंगलवार की शाम से लापता थी। आशंका जताई जा रही है कि मां ने बच्चे के साथ आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामला पलामू के छत्तरपुर थाना क्षेत्र के बगैया का है। बुधवार की सुबह ग्रामीण जब इलाके में माइंस के पास गए तो देखा कि एक महिला का शव माइंस के पानी में तैर रहा है। तब उन्होंने इस घटना की जानकारी पुलिस को दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कहानी का पता चलेगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है। पिछले 2 वर्षों के अंदर छत्तरपुर की इलाके में यह चौथी घटना है, जिसमें मां ने अपने बच्चों के साथ कुआं या माइंस में कूद कर जान दी है।

## बिश्रामपुर नगर परिषद के सहायक नगर आयुक्त को दी गयीं सम्मानपूर्वक विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में बुधवार को बिदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन समाजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। समारोह में सहायक नगर आयुक्त मो प्रवेज को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। यहां बताते चलें कि मो प्रवेज का बिश्रामपुर से तबादला हो चुका है। समारोह में नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन का स्वागत भी किया गया। निवर्तमान वार्ड पार्षदों और नप पदाधिकारियों-कर्मियों ने दोनो अधिकारियों को सम्मानित किया। मौके पर मो प्रवेज ने कहा कि सरकारी सेवा में तबादला-पदस्थापना एक प्रक्रिया है जिससे सभी कर्मियों को गुजारना पड़ता है। विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने मो प्रवेज के कार्यकाल को बेमिसाल करार दिया। समारोह में सीओ बिक्रम आनंद, कामेश्वर बेदिया, जितेंद्र कुमार सिंह, सिटी मैनेजर सुभाष हेमब्रेम, प्रभात कुमार, मनउर खान, इदरीश हवारी, ज्वाला गुप्ता, नजमुदीन नूरी, सोनू दुबे, सुबोध केशरी, दीपक कुमार, वार्ड पार्षद पूनम देवी, रंजीता देवी, जेई विभूति भूषण, शमीम अंसारी, रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की फरियाद, रामगढ़ आंगनबाड़ी सेविका पर आरोप




**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में रामगढ़ प्रखंड से आये छात्राओं ने आंगनबाड़ी सेविका के विरुद्ध सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलाने के एवज में रिश्वत लेने की शिकायत उपायुक्त से की। पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुडी के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली के दुकानदार अनिल कुमार यादव की शिकायत किया कि इनके द्वारा एक ही व्यक्ति का दो-दो राशन कार्ड बनाकर एवं मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन गबन किये जाने की शिकायत की। इसी तरह चैनपुर थाना क्षेत्र के मुख्तार हुसैन ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन देने की गुहार लगाया। इसी तरह हुसैनाबाद थाना क्षेत्र की बेबी कुमारी ने उपायुक्त से प्रधानमंत्री आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के मुनारिक राम ने उपायुक्त से अपने जमीन का सीमांकन कराने का अनुरोध किया। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व दाखिल खारिज, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### संतोष शुक्ला बनें पकरी दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के ग्राम पकरी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के प्रांगण में पकरी के बुजूर्गों व नवयुवकों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता संतोष दूबे ने की। बैठक में दुर्गा पूजा को भव्य व सफल बनाने पर चर्चा की गई। पूजा संचालन के लिए दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संतोष शुक्ला को दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं दीपू दूबे को कोषाध्यक्ष, अभय दूबे को सचिव, दिवाकर दूबे संरक्षक, बिरेंद्र दूबे, कमलेश दूबे सुरक्षा अध्यक्ष, विवेक दूबे स्वागताध्यक्ष बनाये गये। इसके अलावे डेकोरेशन साउंड व मूर्ति बनाने के देखरेख का जिम्मा अंजनी दूबे, चंदन दूबे, दिलीप चौधरी, धीरेंद्र दूबे, निखिल दूबे को सौंपा गया।

## रेलवे विभाग के द्वारा बनाया गया नाला का पानी से लोग परेशान : परशुराम ओझा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रेलवे विभाग के द्वारा तीसरी रेलवे लाईन का विस्तारीकरण किया जा रहा है। इसके तहत रेलवे पटरी के बगल में नाला का निर्माण कराया गया है। जिसका पानी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिस कारण पानी का जमाव अत्यधिक होने के कारण लोगों के घरों में भी पानी घुस रहा है इससे लोग परेशान हैं। इस मामले में भाजपा नेता परशुराम ओझा ने पलामू सांसद बीडी राम से मांग करते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र के सुदना वार्ड नंबर दस में भी रेलवे विभाग के द्वारा नाला का निर्माण कराया गया है। जिसे पुल के पास लाकर छोड़ दिया गया है। इस पुल से पानी का निकासी नहीं होता है। जिस कारण पानी का जमाव हो जाता है। जबकि पूर्व में भी पुल बना हुआ था जिससे पानी की निकासी आसानी से होता था। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को यदि ठीक नहीं किया गया तो जल जमाव होने के कारण रेलवे पटरी को भी नुकसान हो सकता है। रेलवे विभाग के इंजीनियरिंग सेल के द्वारा जो निर्माण कार्य कराया जा रहा है वह अधूरा है।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम





मेदिनीनगर। सी.एम.एक्सीलेंस जिला स्कूल मैदान में मेदिनीनगर प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन बीस सूत्री अध्यक्ष तेजु साव, बी.पी.ओ नीरज सिन्हा, प्राचार्य रोहित तिवारी, बी.आर.पी. सत्येन्द्र पाठक व पलामू ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेदिनीनगर प्रखंड के खिलाड़ियों ने पूरा दमखम दिखाया। विभिन्न खेलों के बालक-बालिका वर्ग में खो-खो, कबड्डी, 100 मी, 200 मी, 400मी, 600 मी, 800मी व 1500मी., 3000मी, 5000 मी तथा ऊंची कूद, लंबी कूद,जेवेलिन थ्रो, शाटपुट व डिस्कस थ्रो का आयोजन किया गया। अंतिम सत्र में सदर बी.डी.ओ अमिताभ भगत एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, सदर हरेन्द्र तिवारी ने विजेताओं को ट्राफी एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया। खेलो झारखंड को सफल बनाने में संजय सिंह, जाहिद हुसैन, भरत कुमार रजक, आनंद माधव पाण्डेय,श्रीकांत कुमार सिंह, राजू चंदन, हसन, प्रीतम शुक्ला, निशा गुप्ता, मोनू कुमार, अक्सा नाग, नेहा, रति हसन व गीता कुमारी ने भूमिका निभाये।

## पड़वा में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय द खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू

**खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का साधन : बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद**

**खेल से बच्चों का होता है शारीरिक व मानसिक विकासः प्रमुख गीता मेहता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**उदघाटन करते अतिथि प्रमुख गीता मेहता व बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद।**

**पड़वा पलामू।** लोहड़ा मध्य विद्यालय के मैदान में बुधवार को दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। कार्यक्रम का उदघाटन प्रमुख गीता मेहता व बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।

मौके पर प्रमुख गीता मेहता ने कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खेल हमें एकजुट होकर रहने का गुण सिखाता है। खेल से बच्चों में प्रतिस्पर्धा का भाव उत्पन्न होती है। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का साधन है। खेल से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। पहले लोगों का कहना था कि पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे तो होंगे खराब लेकिन अब परिस्थिति बदल गया है अब खेल के माध्यम से भी बेहतर कैरियर बनाया जा सकता है बशर्ते खेल को टाइम पास के रूप में नहीं बल्कि एक लक्ष्य लेकर खेलना होगा।

हर कार्य हमारे जीवन में सफलता दिलाती है। बीईईओ हरेंद्र तिवारी ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रखंड के सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मौके पर एक सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मध्य विद्यालय पंडवा के अंशु कुमार गुप्ता, दूसरे स्थान पर सूर्य प्रकाश, तीसरे स्थान पर विशाल कुमार वहीं लड़की में प्रथम स्थान रिम्पा कुमारी गाड़ी खास, दूसरे स्थान पर रिया कुमारी व तीसरे स्थान पर अंजलि कुमारी रहीं। भाला फेंक में प्रथम आकाश कुमार,गोला फेंक में विकास मेहता प्रथम रहा वालीवाली में पंकज कुमार मेहता, रौनक सिंह, अंशु गुप्ता, निरज वर्मा, सूर्य प्रकाश, रिशु राज सहित दर्जनों बच्चे चयनित हुए। मौके पर कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रामानुज प्रसाद व अभय कुमार द्विवेदी ने किया।

इस मौके पर शिक्षक शशिभूषण सिंह, राजीव तिवारी, आंनद कुमार पांडेय, अनिल कुमार सिन्हा, नंदकुमार मेहता, पंकज कुमार, रंजीत सिंह,लाल बहादुर, विकास पटेल, लेखापाल जय प्रकाश ठाकुर, बीआरपी ओमप्रकाश सिंह, सुभाष चन्द्र ओझा, सत्येंद्र मेहता, सहित दर्जनों शिक्षक व बच्चे उपस्थित थे।

## विधायक व जिप सदस्य ने किया हल्का कर्मचारी आवास निर्माण का शिलान्यास



**आवास बन जाने से कर्मचारी पंचायत में रहकर करेंगे कार्य : पुष्पा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड अन्तर्गत पंचायत सुंठा में तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण कार्य का शिलान्यास पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी और पुर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी नन्द यादव के द्वारा किया गया। इस तहसील कचहरी का निर्माण 49 लाख रुपए की लागत से भवन निर्माण विभाग के द्वारा कराया जायेगा। मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि आवास निर्माण हो जाने से कर्मचारी जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। साथ ही पंचायत में रहकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि तहसील कचहरी भवन निर्माण से ग्रामीणों को काम कराने में सहुलित होगी। मौके पर विधायक जिला परिषद प्रतिनिधि उमेश सिंह, सुंठा पंचायत के मुखिया रवीना बीबी, भाजपा नेता अशोक तिवारी, पाटन बीससुत्री उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह, पाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष रंजीत सिंह, इकवाल अंसारी, राकेश पाण्डेय, दीनदयाल सिंह, रमेश सिंह, किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# धनबाद तीन दिनों में दूसरी हत्या

## बरोरा में 24 वर्षीय युवक को अपराधियों ने मारी गोली हुई मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** धनबाद जिले में दिन प्रतिदिन गिरती विधि व्यवस्था चिंता का विषय बनता जा रहा है। जहां एक और 10 सितंबर को धनबाद अनुमंडल के जोगता थाना क्षेत्र में कोयले के काले कारोबार में वर्चस्व को लेकर एक 19 वर्षीय युवक साहिल की हत्या कर दी गई थी। अभी इस घटना की महज 3 दिन ही हुए थे और मामला शांत भी नहीं हुआ था कि एक बार फिर धनबाद जिले के बाघमारा अनुमंडल के बरोरा थाना क्षेत्र के अपर मान्दरा में कोयले के काले कारोबार में वर्चस्व को लेकर एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूत्रों की माने तो अपर मान्दरा के रहने वाले धीरज रवानी (24वर्ष )को अपराधियों ने तीन गोली मारी है आनन-फानन में उसे अस्पताल ले



जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक धीरज रवानी शंकर मुखिया का ड्राइवर बताया जा रहा है। वहीं इस घटना के बाद क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है। मौके पर पुलिस पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है। एवं घटनास्थल से पुलिस ने एक खोखा भी बरामद किया है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपन

**चिरकुंडा।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिरकुंडा के नेहरू रोड स्थित रॉयल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के मालिक विश्वनाथ डोकानिया द्वारा बुधवार से नेहरू रोड से पौधारोपन का शुभारंभ किया गया।डोकानिया ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि चिरकुंडा के विभिन्न क्षेत्रों में वे 200 से अधिक पौधारोपन करेगें साथ ही पौधा की सुरक्षा को लेकर संरक्षण व बैरेकेटिंग भी किया जाएगा।उन्होने कहा कि 2022 में भी उनके द्वारा चिरकुंडा क्षेत्र में 200 से अधिक पेड़ लगाए गए थे।

### ग्रामीण क्षेत्र से आने के कारण भाषा में ग्रामीण झलक मिलती है : शिक्षक सुरेंद्र कुमार

# सिंदरी कॉलेज प्राचार्य ने घटना को लेकर नहीं की पुलिस से शिकायत : महिला सेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज में शिक्षक दिवस के दिन इतिहास विभाग में नामांकन कराने गई छात्रा द्वारा विभाग के प्रोफेसर डॉ सुरेन्द्र कुमार पर प्यार की मिठाई माँगने के आरोप पर प्राचार्य द्वारा गठित महिला सेल एवं यौन उत्पीड़न समिति ने रिपोर्ट में शिक्षक के ग्रामीण क्षेत्र से आने के कारण भाषा में ग्रामीण झलक की बात की है। समिति कोर्डिनेटर डॉ सुनिता जायसवाल ने बताया है कि 6 सितंबर को छात्रा सहित उसके परिजनों और बजरंग दल सदस्यों के साथ शिक्षक पर आरोप लगाने तथा शिक्षक के साथ मारपीट के छः दिन बाद भी प्राचार्य ने स्थानीय पुलिस को सूचना नहीं दी थी। सिंदरी कॉलेज प्राचार्य डॉ कमलाकांत पाठक ने बताया कि समिति ने जाँच रिपोर्ट सील कर बुधवार को सौंप दी। उन्होंने यह भी बताया कि जाँच के बीच में ही समिति की दो महिला शिक्षकों ने समिति से सोमवार को इस्तीफा दे दिया था। समिति द्वारा सौंपी गई सीलबंद रिपोर्ट को विश्वविद्यालय को सौंप दिया जाएगा। समिति ने कुलपति तथा रजिस्ट्रार से उच्च स्तरीय जाँच की भी माँग की है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को भी सिंदरी पुलिस ने कॉलेज में आकर कई लोगों का बयान दर्ज किया है।

**छात्रा द्वारा शिक्षक पर लगाया गया आरोप मनगढ़ंत :** महिला सेल ने अपने जाँच रिपोर्ट में कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों सहित एफ 4 में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में उपस्थित छः छात्र छात्राओं के बयान दर्ज करने की बात कही है। उन्होंने जाँच रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि काफी चहल पहल के बीच छात्रा के द्वारा शिक्षक पर लगाए गए आरोप मनगढ़ंत है। दोनों पक्षों ने घटना का कोई गवाह प्रस्तुत नहीं किया है। विगत पंद्रह वर्षों से कार्यरत शिक्षक सुरेंद्र कुमार के चरित्र पर कोई आरोप नहीं लगा है। महिला सेल ने रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया है कि जाँच में शामिल दो सहायक प्रोफेसर नीतू गौरव और डॉ अनुराधा दास ने जाँच में सहयोग करते हुए जाँच रिपोर्ट सौंपे जाने के एक दिन पहले प्राचार्य को इस्तीफा सौंप दिया था। बताते चलें कि विगत 6 सितंबर को सिंदरी कॉलेज प्राचार्य कक्ष में बजरंग दल, नारी सेवा संघ के कार्यकताओं सहित छात्रा और उसके परिजनों ने शिक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार पर प्यार की मिठाई माँगने का आरोप लगाया था। इसपर प्राचार्य के कहने पर शिक्षक अकेले प्राचार्य कक्ष से बाहर जा रहे थे। तभी कुछ लोगों ने उनके साथ धक्का मुक्की की और इससे बचते हुए शिक्षक वापस प्राचार्य कक्ष की ओर दौड़े। प्राचार्य ने इसकी शिकायत पुलिस से नहीं करते हुए चार महिला शिक्षकों सहित पुरुष हेड असिस्टेंट के साथ महिला सेल का गठन किया था और जल्द जाँच रिपोर्ट देने की बात कही थी। इसको लेकर दोनों पक्षों ने सिंदरी पुलिस से भी लिखित शिकायत की थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के लिखित शिकायत पर केस दर्ज कर लिया था।

## वेदांता ईएसएल ने 31वें सीसीक्यूसी में जीते 8 गोल्ड एवार्ड



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** क्युसीएफआई बोकारो चैप्टर द्वारा आयोजित 31वें सीसीक्यूसी प्रतिस्पर्धा में वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड ने विभिन्न संगठनों के प्रतिस्पर्धा में 8 स्वर्ण पुरस्कार जीता। सीसीक्यूसी इवेंट संगठनों को उनके व्यापार उत्कृष्टता गुणवत्ता वृद्धि और निरंतर सुधार के प्रति अपने समर्पण को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रतिष्ठित मंच है। गुणवत्ता और नवाचार के लिए अपने बेहद संघर्षशील प्रयास के लिए प्रसिद्ध वेदांता ईएसएल ने आठ टीमें प्रस्तुत की। हर टीम ने पराक्रम आटोमेशन को बढ़ाने कुशलता सुरक्षा और गुणवत्ता को संगठन के अंदर बेहतर बनाने की परियोजनाओं को प्रस्तुत किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि क्युसीएफआई बोकारो चैप्टर के चेयरमैन तथा बोकारो स्टील प्लांट के ईडी बीके तिवारी ने वेदांता ईएसएल के अद्वितीय प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि आठ स्वर्ण पुरस्कार प्राप्त करने की संगठन की क्षमता अद्वितीय है। वेदांता ईएसएल प्रबंधन ने भी अपनी टीम की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इस अद्वितीय उपलब्धि से स्पष्ट होता है कि वेदांता ईएसएल अत्युत्तम साझेदारी और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह समर्पित है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

**धनबाद।** पूर्वी टुंडी में असुरबांध ग्राम के मृतक स्व दुलाल मंडल की पत्नी भादू मंडल (लाभुक नॉमिनी) को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 2 लाख का चेक मुख्य अतिथि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रांची के प्रबंधक श्री राजन पांडा और अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया राजेश कुमार सिन्हा के हाथों दिया गया। यह योजना भारतीय रिजर्व बैंक की परियोजना मनीवाइज वित्तिय साक्षरता केंद्र, स्वधार फिनएक्सेस द्वारा संचालित की जाती है। इस दौरान अमन दीप गुप्ता जिला परियोजना प्रबंधक (आरबीआई वित्तिय साक्षरता केंद्र) धनबाद, केशव सिन्हा शाखा प्रबंधक पोखाररिया एस.बी.आई., बबलू कुमार रवानी सीएफएल प्रभारी, जयश्री गुप्ता और सौरभ कुमार सीएफएल प्रशिक्षक पूर्वी टुंडी, राजेंद्र कुमार एफएलसी धनबाद उपस्थित रहे।

# नगर स्तरीय कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर आयुक्त के सभागार में आज नगर स्तरीय कोआर्डिनेशन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों, यूपीएचसी, अटल क्लिनिक केन्द्रों में परिवार नियोजन की सेवा शुरू करने तथा सभी स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने, बुजुर्ग स्वास्थ्य कैंप एवं तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को अटल क्लिनिक एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करने का निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि अटल क्लिनिक और अर्बन स्वास्थ्य केन्द्रों की सफाई में नगर निगम सहायता करेगा। सभी जगह से जमा पानी को हटाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करेगा। लोगों को जागरूक करने के लिए सभी योजनाओं से संबंधित ऑडियो क्लिप उपलब्ध कराये गए। नगर निगम कचरा वाला गाड़ी में उस ऑडियो क्लिप को चलायेगी। वहीं मलेरिया एवं डेंगू के रोकथाम हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के समन्वय से प्रचार प्रसार किया जायेगा। डॉ संजीव कुमार जिला आरसीएच पदाधिकारी और डॉ ऋषभ कुमार ने बताया कि यह बैठक सिटी अर्बन हेल्थ को विकसित करने का अच्छा अवसर है। सभी विभागों को इसमें सहयोग करना होगा तभी अच्छी शहरी स्वास्थ्य की कल्पना कर सकते है। बैठक में नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार के अलावा डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, आईएमए सचिव डॉ चन्दन कुमार, डॉ गायत्री, बाघमारा, झरिया और धनबाद के सीडीपीओ, धनबाद, झरिया, बाघमारा के एमओआइसई, सभी यूपीएचसी के स्वास्थ्य पदाधिकारी, बिनय कुमार यादव, गौतम कुमार, रमेश कुमार, पीएसआई इंडिया से प्रेम कुमार आदि मौजूद थे।

# बोकारो स्टील प्लांट ने एनबीसीसी के साथ किया समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल ने प्लांट टाउनशिप और बीएसएल के झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस एवं कोलियरी डिवीजन के भावी इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधित परियोजनाओं के लिए कंसल्टेंसी व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सेवाओं के लिए एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड के साथ तीन वर्ष के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर राउरकेला स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी व अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्रभारी बीएसएल अतनु भौमिक व बीएसएल के ईडी तथा एनबीसीसी के सीजीएम (इंजीनियरिंग) प्रवीण डोइफोडे डीजीएम एसके सिन्हा और डीजीएम (फाइनेंस) विनय शंकर सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इस समझौता ज्ञापन के तहत एनबीसीसी बीएसएल टाउनशिप के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सेवाएं प्रदान करेगा और टाउनशिप इंफ्रास्ट्रक्चर की मरम्मत और रखरखाव सेवाएं प्रदान करेगा। टाउनशिप में क्वार्टरों में रोजमर्रा के सभी सिविल



मेंटेनेंस कार्य नए आवंटित क्वार्टरों का कम्पोजिट मेंटेनेंस टाउनशिप में गैरआवासीय भवनों के सिविल रखरखाव संबंधी कार्य टाउनशिप में सड़कों का रखरखाव और मरम्मत तथा अन्य संबंधित कार्य अब एनबीसीसी द्वारा किए जाएंगे।

# गोमिया प्रखंड एक मॉडल प्रखंड बनकर उभरेगा : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड मुख्यालय के समागार कक्ष में मंगलवार को आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीडीसी कृति श्री व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में बतौर मुख्य अथिति बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी पहुंचे।

इसमें खास तौर से बोकारो जिप अध्यक्ष सुनीता देवी, बीडीओ कपिल कुमार, सीओ संदीप अनुराग टोपनो, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष लूदू मांझी, प्रखंड प्रमुख प्रमिला चौड़े, सीडीपीओ अलका रानी, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक दीपक कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता शशि शेखर सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, डॉ जितेंद्र कुमार सहित प्रखंड के कई विभागों के पदाधिकारी व कई पंचायतों के मुखिया मौजूद थे। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बीडीओ कपिल कुमार ने कहा कि आकांक्षी



कार्यक्रम के तहत देशभर में पिछड़े हुए 500 प्रखंडों को विकसित करने के लिए चयन किया गया है। इसमें झारखंड से कुल 34 प्रखंडों का चयन हुआ है।

जिसमें गोमिया प्रखंड भी शामिल है। बताया कि प्रखंड अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, पीएम आवास, सैनिटेशन, सोशल डेवलपमेंट, विद्यालयों में शौचालय सहित अन्य समस्याओं पर प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाएगा। मौके पर मुख्य अतिथि बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि एस्पेशनल ब्लॉक के अंतर्गत गोमिया ब्लॉक को भी चुना गया है। इससे जाहिर है कि प्रखंड के अलग अलग विभागों में काफी मेहनत करने की आवश्यकता है। डीसी ने कहा कि गोमिया प्रखंड को एक मॉडल प्रखंड बनकर उभरना है। इसके लिए रोजगार,कृषि, शिक्षा, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क व अन्य समस्याओं पर तेजी से कार्य करना होगा। उन्होंने क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को समझकर सुधार करने की बात कही। कहा कि गोमिया प्रखंड में 36 पंचायत, 135 राजस्व ग्राम, 2,31000 आबादी,13 हाई स्कूल हैं। 302 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। कहा कि प्रखंड लेवल पर मॉनिटरिंग पर फोकस करने की आवश्यकता है। पंचायती राज विभाग के गतिविधियों पर कार्य करने की जरूरत है। सड़कों की गुणवत्तापूर्ण निर्माण पर ध्यान दिया जाएगा। जिस किसी एएनएम को स्कूटी नहीं मिला है, उन्हें स्कूटी मिलेगी। ताकि यह सभी लोगों को घर-घर जाकर कार्य करने में परेशानी नहीं होगी। कहा कि रूरल कनेक्टिविटी में पंचायतों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए सड़कों का निर्माण किया जाएगा। डीसी ने प्रखंड की समस्याओं को सुधारने के लिए सभी विभाग के अधिकारियों को बीडीओ के समक्ष कमियां प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि गोमिया प्रखंड को सिर्फ जिला में ही नहीं बल्कि राज्य में भी अव्वल बनकर दिखाना होगा। मौके पर डीडीसी कृति श्री ने कहा कि आकांक्षी कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 39 इंडिकेशंस हैं। जिन पर कार्य करके गोमिया को एक आदर्श ब्लॉक के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके लिए स्कूलों को एक आदर्श स्कूल में परिणत करना होगा। मौके पर विधायक डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि आजादी के 75वें वर्ष बाद भी गोमिया प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लोग अपनी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित हैं। उन्होंने सभी मुखिया को नसीहत देते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने पंचायतों में विकास के कार्यों को सक्रियता के साथ करेंगे तो गोमिया प्रखंड निश्चित रूप से एक मॉडल प्रखंड के रूप में परिणत होगा। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में गोमिया विधानसभा में एक अरब से अधिक राशि की योजनाओं पर कार्य हो रहा है। इस शिविर में उपस्थित कई मुखियाओं ने भी अपने-अपने पंचायत के समस्याओं को रखा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोमिया हाई स्कूल के प्रिंसिपल अंबुज कुमार, डॉ सुरेश प्रसाद, बीपीओ पवन कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग वरीय अभियंता शास्त्री जी, जेई रोहित मंडल, विधायक प्रतिनिधि विपिन नायक, मुखिया बलराम रजक, रामवृक्ष मुर्मू, विनोद विश्वकर्मा, तारामणि देवी, अंशु कुमारी, रीना सिंह,शांति देवी, सपना कुमारी, महादेव महतो, बसंत कुमार, प्रखंड कर्मी पवन कुमार, विनय गुरु, अनिरुद्ध अग्रवाल, मनोज साव आदि लोग उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त पर सेमिनार का आयोजन

**कतरास।** बुधवार को लायंस क्लब ऑफ कतरास एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में कतरास कॉलेज परिसर में बाल विवाह मुक्त अभियान का सेमिनार आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चियों को बाल संरक्षण बाल विवाह की रोकथाम इत्यादि विषय पर विस्तृत जानकारी दिया गया। कतरास कॉलेज के प्राचार्य,प्रोफेसर, कॉलेज के कर्मचारी गण ने इस सेमिनार को आयोजित करने में मुख्य भूमिका निभाई। मौके पर मुख्य रूप से लायंस क्लब कतरास से डॉ मधुबाला ने सभी को विस्तृत रूप से जानकारी दी। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य बी प्रसाद, डॉ आशीष कुमार, डॉ रतेंद्र कुमार सिंह, शोभा सिंह, डॉक्टर धनंजय पाठक, जी आर उरांव,डॉ नीरज धर दुबे, ए के पांडे और कुणाल मुख्य रूप से उपस्थित थे। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की दीपा रवानी और योगेश्वर रवानी ने सभी बच्चियों को बाल विवाह मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण कराया एवं उन्हें बताया गया कि अगर उनके आसपास किसी तरह की कोई घटना बाल विवाह से संबंधित होती है तो उन्हें तुरंत सूचित करें।

## एक नजर में

### सेल फुटबॉल अकादमी के विजय मरांडी भारतीय फुटबॉल टीम में

**बोकारो।** बीएसएल द्वारा संचालित सेल फुटबॉल अकादमी के विजय मरांडी अंडर 19 चैंपियनशिप में भारतीय टीम के डिफेंडर के रूप में खेलेंगे। स्वर्गीय रॉबिनसन मरांडी और सुशीला मुर्मू के सुपुत्र विजय की इस उपलब्धि पर सेल फुटबॉल अकादमी बोकारो सहित पूरा झारखंड गौरान्वित है। गोड्डा के एक सुदूरवर्ती गाँव बड़ा सिमरा, ललमटिया से आने वाले विजय मरांडी की रुचि बचपन से ही फुटटबाल मे थी। बीएसएल द्वारा संचालित सेल फुटबॉल अकादमी में पूरे देश के साथ साथ झारखण्ड से भी उदयमान खिलाड़ियों का चयन किया जाता है तथा एक्सपर्ट कोच के द्वारा प्रशिक्षण और हर प्रकार की जरूरी सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।

### ओजी और सीबीआरएस विभाग में नया एस्कॉर्ट्स कुबोटा आरटी 40 क्रेन

**बोकारो।** बीएसएल के ओजी और सीबीआरएस में 01 नए एस्कॉर्ट्स कुबोटा आरटी40 क्रेन और 07 नए वर्ट स्किड स्टीयर लोडर की कमीशनिंग कर उन्हें सफलतापूर्वक चालू किया गया। मौके पर ईड (संकार्य) बीके तिवारी ईडी (प्रोजेक्ट) सी महापात्रा ईडी (एफ एंड ए) सुरेश रंगानी ईडी (एमएम) ए श्रीवास्तव ईडी (पी एंड ए) राजन प्रसाद सीजीएम विभागीय अधिकारी और कर्मचारीगण तथा एस्कॉर्ट्स कुबोटा के प्रतिनिधि शामिल थे। आईपीयू के माध्यम से खरीदे गए मशीनों की विशेषताओं और अन्य विवरणों के बारे में प्रबंधक (ओजी और सीबीआरएस) प्रशांत और सी सेठी एजीएम (ओजी और सीबीआरएस) द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। इन मशीनों का उपयोग पूरे संयंत्र में विभिन्न निर्माण शटडाउन नियमित मरम्मत और रखरखाव और हाउसकीपिंग कार्यों के लिए किया जाएगा।

### डीपीएस चास में रोटरी क्लब ने चलाया पौधरोपण अभियान

**बोकारो/चास।** दिल्ली पब्लिक स्कूल चास के अमृत वाटिका में रोटरी क्लब चास ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया और पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि औषधीय पौधे मानवीय जीवनचक्र में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने कहा कि औषधीय पौधे न केवल अपना औषधीय महत्व रखते हैं अपितु ये आय का भी जरिया बन सकते हैं। चास रोटरी के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि हमारे शरीर को निरोगी बनाए रखने में औषधीय पौधों का अत्यधिक महत्व है।चास रोटरी की सचिव डिंपल कौर ने बताया कि अभियान के तहत एलोवेरा, तेज पत्ता, अश्वगंधा, नीम, लेमन ग्रास, रुद्राक्ष, तुलसी, लौंग, इलायची, अजवाइन, इंसुलिन, हरसिंगार, कपूर, दालचीनी, नींबू, मौसमी, केला आदि औषधीय पौधे लगाए गए। अपने संदेश में डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण सिर्फ हमारा कर्तव्य नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। मौके पर स्कूल के डायरेक्टर नवीन शर्मा डीन जोस थॉमस चास रोटरी के संयोजक मंजीत सिंह प्रेम शंकर सिंह अर्चना सिंह मंजीत सिंह विपिन अग्रवाल डिंपल कौर संजय बैद का सराहनीय योगदान रहा।

### ट्रक की चपेट में आया युवक,मौत

**कतरास।** बरोरा थाना क्षेत्र के लेढ़िडूमर के पास हीरक मार्ग पर ट्रक के चपेट में आने से 18 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गयी।पता चला है कि दो बाइक पहले आपस मे टकराये। जिनमे एक बाइक सवार गिर गया। तभी पीछे से आ रही ट्रक में अपनी चपेट में ले लिया। मृतक के पिता सोनारडीह निवासी धर्मेंद्र राम बीसीसीएल में कार्यरत हैं। बरोरा पुलिस मौके पर पहुच ट्रक को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है।

### दिल्ली के अमृत वाटिका में सिंदरी के मंदिरों की मिट्टी भी होगी शामिल : अरविंद

**सिंदरी।** दिल्ली में बन रहे अमृत वाटिका में सिंदरी के मंदिरों की मिट्टी शामिल करने के लिए भाजपा द्वारा अमर शहीदों के याद में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सिंदरी नगर कमेटी ने शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में किया। इसकी अध्यक्षता कर रहे नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि जिन क्षेत्रों में शहीद सैनिकों का घर नहीं है, वहाँ मंदिरों से मिट्टी अमृत कलश में इकठ्ठा कर दिल्ली अमृत वाटिका में बन रहे स्मारक के लिए भेजना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत शहीद जवानों के गाँव या घरों से मिट्टी अमृत कलश में इकट्ठा करना है। इन अमृत कलशों को दिल्ली में बन रहे अमृत वाटिका स्मारक के लिए भेजना है। भाजपा कार्यकर्ता और भारत सरकार अमर शहीदों को उनके जन्मस्थान में जाकर सम्मानित कर रही है। इस कार्यक्रम को सिंदरी के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य राकेश तिवारी, ब्रजेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि कुमार महतो, इंद्रमोहन सिंह, अरबिंद सिंह, नकुल सिंह, संजय महतो, मनीष सिन्हा, अमरेंद्र सिंह, रामजी सिंह, गणेश सिंह, ईश्वर यादव, सपन मंडल, रंजना शर्मा, अणीमा सिंह उपस्थित थे।

### रोजी-रोटी रोजगार समिति के आमरण अनशन में पहुंचे विधायक राज सिन्हा

**धनबाद।** रोजी रोटी रोजगार समिति फुटपाथ दुकानदार संघ के बैनर तले आरपीएफ के रवैया से परेशान होकर स्टेशन रोड में आमरण अनशन पर बैठे दुकानदारों के बुलावे पर पहुंचे धनबाद विधायक राज सिन्हा ने प्रशासनिक पदाधिकारीयों से बात कर अनसन स्थल पर बुलाया और दुकानदारों की समस्या से अवगत कराया। एसडीओ व सीओ द्वारा मिले सकारात्मक आश्वासन के बाद धनबाद विधायक राज सिन्हा नें रामनाथ सिंह और साथ में बैठे सभी फुटपाथ दुकानदारों को जूस पिलाकार भूख अनशन समाप्त कराया।समस्या का समाधान ना होने पर खुद भी दुकानदार भाइयों के साथ रोड पर उतरने की बात कही।

### नये कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने दिए योगदान

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय में नए कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान ने बुधवार को योगदान दिए। पासवान ने पुर्व कार्यपालक पदाधिकारी सह एग्यारकुंड प्रखंड के बीडीओ बिनोद कर्मकार से पदभार ग्रहन किए।पासवान को पुष्प गुछ्छ देकर व कर्मकार को साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर चिनप के निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी,सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन,अरून बड़ाइक,वरूण दे आदि थे।

### बिहार कोलियरी कामगार यूनियन का मिलन समारोह

**कुमारधुबी।** बुधवार को जूनकुंदर श्रमिक कल्याण केंद्र में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की मिलन समारोह आयोजन किया गया था। जिसमें अन्य कई यूनियनो को छोड़कर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन में शामिल हुए सैकड़ो सदस्य। यूनियन में शामिल हुए नए सदस्यों को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के महामंत्री अरुप चटर्जी ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर यूनियन से जुड़े नए सदस्यों ने बताया बिहार कोलियरी कामगार यूनियन ही एक ऐसा यूनियन है जिसमें जुड़े सदस्यों को मान सम्मान अभिमान कायम रहता है। वही मौके पर प्रवक्ताओं ने बताया यूनियन हर सदस्य की समस्या को समाधान करने के लिए कटिबंध है। वही प्रवक्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को मजदूर विरोधी बताते हुए 'भाजपा हटाओ देश बचाओ' का नारा लगाया।

# विस्तार पाती हिंदी


आज भारतीय पेशेवर विश्व में हर कहीं दिखते हैं और भारत की राजनैतिक-आर्थिक सत्ता की व्यापक उपस्थिति में योगदान कर रहे हैं। इस कार्य में मीडिया की विशेष भूमिका है। आज फिल्म, विज्ञापन, प्रकाशन तथा सोशल मीडिया ने हिंदी के संबर्धन के लिए अवसर बढाया है और भारत ज्ञान कोश, हिंदी विकीपीडिया, हिंदी कविता कोश आदि ने हिंदी के लिए प्रचुर साहित्य सामग्री उपलब्ध कराई है। महात्मा गांधी अंतर राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के हिंदी समय डाटकाम पर 7 लाख पृष्ठ का हिंदी साहित्य उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त समाज विज्ञान कोश ( छह खंडों में ), अहिंसा शब्दकोश, वर्धा हिंदी कोश वर्धा विश्व विद्यालय के पोर्टल पर निःशुल्क उपलब्ध है। और भी अनेक डिजिटल संसाधन मुहैया कराने वाले प्रयास हो रहे हैं। सोशल मीडिया में भी ब्लाग, ट्विटर आदि पर भी हिंदी का प्रयोग बढ़ रहा है। इन माध्यमों को देखें तो साहित्य की एक पूरी नई विधा ही आकार लेती दिख रही है। समर्थ भाषा बनाने के लिए हिंदी का स्थिर वर्ण क्रम होना चाहिए और उसका मानकीकरण तथा अनुपालन जरूरी है। क्षेत्रीय भिन्नता के कारण लोक व्यवहार में विविधता तो होगी पर औपचारिक क्षेत्र में एकरूपता अपेक्षित है। लिखित रूप में लिपि चिह्नों का संयोजन, शब्द स्तर की वर्तनी और विराम चिह्न आदि का अनुशासन जरूरी है। एक ध्वन्यात्मक भाषा के रूप में हिंदी के परिनिष्ठित रूप को पाने के लिए यह जरूरी होगा। उदाहरण के लिए अर्धचंद्र, बिन्दु, अनुस्वार, चंद्र बिन्दु और अनुनासिकता आदि को लेकर कई तरह के भ्रम बने हुए हैं और शैलियां प्रचलित हैं। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में हो उसके लिये पाठ्यपुस्तक उपलब्ध की जा रही है। चीन के 22 विश्वविद्यालय में हिंदी पढ़ाई जा रही है। आज सशक्त और समर्थ भारत का सपना देखते हुए हिंदी की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

# सुप्रीम फटकार

दिल्ली सरकार ने कुछ दिन पहले बड़ा फैसला करते हुए एक बार फिर राजधानी में पटाखों पर बैन लगा दिया है। दिल्ली के पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह कदम सही है। दिल्ली दुनिया की सबसे अधिक वायु प्रदूषण वाली शहर बनती जा रही है। विशेषकर बच्चों और बीमार लोगों को पठाखों के शोर और उससे निकलने वाले जहरीले धुएं से काफी कठिनाई होती है। इस कारण दिल्ली सरकार ने दिवाली से पहले ही पूर्ण रूप से प्रतिबंधन का ऐलान कर दिया गया है। पिछले साल भी सरकार ने इसी तर्ज पर बैन लगा दिया था। लेकिन पिछली बार की तरह एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी द्वारा याचिका दायर की गई। उस याचिका में प्रतिबंध को हटाने की मांग हुई। अब सुप्रीम कोर्ट ने मनोज तिवारी की याचिका को खारिज कर दिया है, जोर देकर कहा गया है कि पटाखों पर से बैन नहीं हटाया जा सकता है। मनोज तिवारी को यहां तक नसीहत दी गई है कि उन्हें जश्न मनाने के दूसरे तरीके खोजने चाहिए। इसके बाद बीजेपी नेता ने तर्क दिया कि दिल्ली में ग्रीन क्रैकर्स पर कोई रोक नहीं है, इस पर कोर्ट साफ कर दिया कि लोकल लेवल पर कोई भी हस्तक्षेप उनकी तरफ से नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यहां तक कह दिया कि बीजेपी नेता उस राज्य में जा सकते हैं जहां पर पटाखों पर बैन ना हो, लेकिन दिल्ली से प्रतिबंध नहीं हटने वाला। जिस समय सुप्रीम कोर्ट में ये सुनवाई हो रही थी, केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुई वकील ने सिर्फ इतना बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर ग्रीन क्रैकर्स को इजाजत दी गई है। वहां भी अगर नियमों का पालन नहीं होता है तो दुकानदार के लाइसेंस को रद्द किया जा सकता है। धर्म के नियमों को वोट बैंक के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। स्वास्थ्य और प्रदूषण के मामलों में उचित दृष्टिकोण सभ्य समाज की पहचान हो।

# आत्मा की समझ

## धर्म-प्रवाह



**श्री रामशर्मा आचार्य**

**अंहकार** के वशीभूत होकर शारीरिक संतुष्टि तक सीमित रहने वाले अपनी भूल को तब समझ पाते हैं, जब जीवन में पतझड़ का समय आ जाता है और शरीर पीले पत्ते की तरह गिर जाने की स्थिति में होता है। उस पटाक्षेप के समय उसे निश्चय ही संसार की असारता, असत्यता और क्षणभंगुरता का ज्ञान और आत्मा की चिरंतनता और अविनश्वरता की प्रतीति होती है। तब समय निकल चुका होता है। उस अंतिम समय में कुछ भी कर सकने का अवसर नहीं रहता। उस समय हाथ मल-मलकर पछताने के सिवाय और कुछ भी शेष नहीं रह जाता। उस समय इस पश्चाताप के साथ संसार छोड़ने पर विवश होना पड़ता है कि जिस सत्य की खोज के लिये सुरदुर्लभ मानव-जीवन मिला था, उसकी उपेक्षा कर हाय हम संसार की तुच्छ बातों में ही लगे रहे। हमने वह सब कुछ किया, जो नहीं करना था और वह कुछ भी नहीं किया, जो कर्त्तव्य था । उस घड़ी उस आत्मा की उपेक्षा करने वाले व्यक्ति की क्या दशा होती होगी ? उसके हृदय में किस भयानक पछतावे और विवशता की आग जलती होगी, इसे तो वही बतला सकते हैं, जिन्होंने उस स्थिति का भोग किया है।

कितना अच्छा हो कि मनुष्य आवश्यकताभर अपने सांसारिक कर्त्तव्य करता रहे और बाकी का समय अध्यात्म मार्ग से आत्मा की खोज करने में भी लगाता रहे, तो उसके लोक-परलोक एक साथ बनते चलें।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टून मूवमेंट

# हिंदी की अपनी ताकत है, वह आगे बढ़ रही है

**राष्ट्रभाषा** के विकास के मूल्यांकन का दिन है। हिंदी बेचारी न हो वैचारिक विमर्श में बनी रहे यह आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी के कठोर प्रहार से अंग्रेजी को बचाने का सार्थक प्रयास का भी दिन है। 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी ही भारत की राजभाषा होगी। इसी महत्वपूर्ण निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के अनुरोध पर वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक तथ्य यह भी है कि 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी के पुरोधा व्यौहार राजेन्द्र सिंह का 50-वां जन्मदिन था, जिन्होंने हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के लिए बहुत लंबा संघर्ष किया । स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, मैथिलीशरण गुप्त, हजारीप्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविन्ददास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर व्यौहार राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किए।

बोलने वालों की संख्या के अनुसार अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद पूरे दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। लेकिन उसे अच्छी तरह से समझने, पढ़ने और लिखने वालों में यह संख्या बहुत ही कम है। यह और भी कम होती जा रही। इसके साथ ही हिन्दी भाषा पर अंग्रेजी के शब्दों का भी बहुत अधिक प्रभाव हुआ है और कई शब्द प्रचलन से हट गए और अंग्रेजी के शब्द ने उसकी जगह ले ली है। जिससे भविष्य में भाषा के विलुप्त होने की भी संभावना अधिक बढ़ गई है। इस कारण ऐसे लोग जो हिन्दी का ज्ञान रखते हैं या हिन्दी भाषा जानते हैं, उन्हें हिन्दी के प्रति अपने कर्तव्य का बोध करवाने के लिए इस दिन को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है जिससे वे सभी अपने कर्तव्य का पालन कर हिन्दी भाषा को भविष्य में विलुप्त होने से बचा सकें। लेकिन लोग और सरकार दोनों ही इसके लिए उदासीन दिखती है। हिन्दी तो अपने घर में ही दासी के रूप में रहती है। हिन्दी को आज तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा नहीं बनाया जा सका है। इसे विडंबना ही कहेंगे कि योग को 177 देशों का समर्थन मिला, लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन क्या नहीं जुटाया जा सकता? इसके ऐसे हालात आ गए हैं कि हिन्दी दिवस के दिन भी कई लोगों को ट्विटर पर हिन्दी में बोलो जैसे शब्दों का उपयोग करना पड़ रहा है।






**- मनोज शर्मा**

> बोलने वालों की संख्या के अनुसार अंग्रेजी और चीनी भाषा के बाद पूरे दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। लेकिन उसे अच्छी तरह से समझने, पढ़ने और लिखने वालों में यह संख्या बहुत ही कम है। यह और भी कम होती जा रही। इसके साथ ही हिन्दी भाषा पर अंग्रेजी के शब्दों का भी बहुत अधिक प्रभाव हुआ है और कई शब्द प्रचलन से हट गए और अंग्रेजी के शब्द ने उसकी जगह ले ली है।

मैं हिंदी माध्यम से पढ़ी। अंग्रेजी सहित भाषाओं के महत्व को समझती हूं। क्षेत्रिय भाषाओं का भी सम्मान मेरे दिल में है। इसके अलावा जो वर्ष भर हिन्दी में अच्छे विकास कार्य करता है और अपने कार्य में हिन्दी का अच्छी तरह से उपयोग करता है, उसे पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया जाता है। कई लोग अपने सामान्य बोलचाल में भी अंग्रेजी भाषा के शब्दों का या अंग्रेजी का उपयोग करते हैं, जिससे धीरे धीरे हिन्दी के अस्तित्व को खतरा पहुंच रहा है। यहां तक कि वाराणसी में स्थित दुनिया में सबसे बड़ी हिन्दी संस्था आज बहुत ही खस्ता हाल में है। इस कारण इस दिन उन सभी से निवेदन किया जाता है कि वे अपने बोलचाल की भाषा में भी हिन्दी का ही उपयोग करें। इसके अलावा लोगों को अपने विचार आदि को हिन्दी में लिखने भी कहा जाता है। चूंकि हिन्दी भाषा में लिखने हेतु बहुत कम उपकरण के बारे में ही लोगों को पता है, इस कारण इस दिन हिन्दी भाषा में लिखने, जाँच करने और शब्दकोश के बारे में जानकारी दी जाती है। हिन्दी भाषा के विकास के लिए कुछ लोगों के द्वारा कार्य करने से कोई खास लाभ नहीं होगा। इसके लिए सभी को एक जुट होकर हिन्दी के विकास को नए आयाम तक पहुँचाना होगा। हिन्दी भाषा के विकास और विलुप्त होने से बचाने के लिए यह अनिवार्य है।

राष्ट्रभाषा सप्ताह या हिन्दी सप्ताह 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस से एक सप्ताह के लिए मनाया जाता है। इस पूरे सप्ताह अलग अलग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन विद्यालय और कार्यालय दोनों में किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य हिन्दी भाषा के लिए विकास की भावना को लोगों में केवल हिन्दी दिवस तक ही सीमित न कर उसे और अधिक बढ़ाना है। इन सात दिनों में लोगों को निबंध लेखन, आदि के द्वारा हिन्दी भाषा के विकास और उसके उपयोग के लाभ और न उपयोग करने पर हानि के बारे में समझाया जाता है।

हिन्दी दिवस पर हिन्दी के प्रति लोगों को उत्साहित करने हेतु पुरस्कार समारोह भी आयोजित किया जाता है। जिसमें कार्य के दौरान अच्छी हिन्दी का उपयोग करने वाले को यह पुरस्कार दिया जाता है। यह पहले राजनेताओं के नाम पर था, जिसे बाद में बदल कर राष्ट्रभाषा कीर्ति पुरस्कार और राष्ट्रभाषा गौरव पुरस्कार कर दिया गया। राष्ट्रभाषा गौरव पुरस्कार लोगों को दिया जाता है जबकि राष्ट्रभाषा कीर्ति पुरस्कार किसी विभाग, समिति आदि को दिया जाता है।

यह पुरस्कार तकनीकी या विज्ञान के विषय पर लिखने वाले किसी भी भारतीय नागरिक को दिया जाता है। इसमें दस हजार से लेकर दो लाख रुपये के 13 पुरस्कार होते हैं। इसमें प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले को 2 लाख रुपये द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को डेढ़ लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले को पचहत्तर हजार रुपये मिलता है। साथ ही दस लोगों को प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में दस-दस हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं।

पुरस्कार प्राप्त सभी लोगों को स्मृति चिह्न भी दिया जाता है। इसका मूल उद्देश्य तकनीकी और विज्ञान के क्षेत्र में हिन्दी भाषा को आगे बढ़ाना है। इस पुरस्कार योजना के तहत कुल 39 पुरस्कार दिये जाते हैं। यह पुरस्कार किसी समिति, विभाग, मण्डल आदि को उसके द्वारा हिन्दी में किए गए श्रेष्ठ कार्यों के लिए दिया जाता है। इसका मूल उद्देश्य सरकारी कार्यों में हिन्दी भाषा का उपयोग करने से है। हिंदी कई माध्यमों से विश्व में फैल भी रही है और समझी भी जा रही है। सात सुरों की महक और धमक का प्रवाह जारी ही रहेगा। कम से कम हम हिन्दुस्तानी हिंदी में हस्ताक्षर करने का कष्ट तो उठा ही सकते हैं एक निष्ठा के साथ।

(लेखक रांची विवि पत्रकारिता विभाग से जुड़ें हैं। )

## खास बात

### भाजपा के मुस्लिम प्रत्याशी की जीत

केंद्र की राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने वाले यूपी की घोसी विधानसभा सीट पर पूरे देश की नजर थी। यहां बीजेपी को करारी हार का सामना करना पड़ा लेकिन जहां से बीजेपी को राहत मिली वो राज्य है त्रिपुरा। यहां की बोक्सानगर विधानसभा सीट पर बीजेपी ने पहली बार जीत दर्ज की।

त्रिपुरा की बोक्सानगर विधानसभा सीट पर पिछले 25 सालों सीपीआइएमएल का कब्जा था। यहां हुए उपचुनाव में बीजेपी के तफज्जल हुसैन ने 30 हजार से ज्यादा वोटों से बंपर जीत हासिल की। इससे पहले फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में तफज्जल हुसैन उढक्(ट) के प्रत्याशी मो. शमशुल हक से 4849 वोटों के छोटे मार्जिन से हार गए थे। इस सीट पर हक के निधन की वजह से चुनाव हुआ। चुनाव में बीजेपी ने एक बार फिर से तफज्जल हुसैन को प्रत्याशी बनाया जबकि उढक्(ट) ने शमशुल हक के बेटे मिजान हुसैन को चुनाव लड़वाया।

बक्सानगर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी तफज्जल हुसैन को लगभग 80% वोट मिले। इसी वजह से सीपीआई (एम) इस चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और हेरफेर का आरोप लगा रही है। हालांकि तफज्जल हुसैन ने ऐसे सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि विधानसभा में रहने वाले सभी वर्गों- हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध औ? ईसाई- सभी ने उन्हें वोट दिया। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा, ह्मैं त्रिपुरा में इखढ का पहला अल्पसंख्यक टछअ हूं, लेकिन मेरे विधानसभा क्षेत्र के सभी वोटर्स ने मुझे वोट दिया।

त्रिपुरा की इस विधानसभा सीट पर अभी तक लेफ्ट या कांग्रेस को ही सफलता मिली है। इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 50 फीसदी से ज्यादा है। माना जाता है कि मुस्लिम मतदाता बीजेपी को वोट करने से परहेज करते हैं। यहां पहली बार बीजेपी का प्रत्याशी जीतने में सफल हुआ है। बोक्सानगर के नए एमएलए तफज्जल हुसैन इसके लिए मोदी सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को क्रेडिट देते हैं।

**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग से दुखद खबर आ रही है।

कर्नल मनप्रीत सिंह, 19 राष्ट्रीय राइफल #भारतीयसेना ने आज #पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी के खिलाफ लड़ते हुए अपना जीवन बलिदान कर दिया।

उनको शत-शत नमन।

**– महेश पोद्दार, पूर्व एमपी**

## रोचक ट्वीट

**एमपी** और छत्तीसगढ़ के मेरे परिवारजनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। दोनों ही राज्यों के चौतरफा विकास के लिए केंद्र सरकार निरंतर प्रतिबद्ध होकर काम कर रही है। कई बड़ी परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण का सौभाग्य मिलेगा। **-नरेन्द्र मोदी**





**मा. राष्ट्रपति** श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा आज राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा अभियान 'आयुष्मान भव' का शुभारंभ 'स्वस्थ भारत-समर्थ भारत' के संकल्प की सिद्धि की दिशा में बढ़ा महत्वपूर्ण कदम है।

**- योगी आदित्यनाथ**

# नई चेतना और ऊर्जा से होगा हिंदी का विस्तार

**डॉ. नीतू कुमारी नवगीत**

**राष्ट्र** बनता है समृद्ध विरासत, समेकित संस्कृति, स्वतंत्र चेतना और निज भाषा से। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जब आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी, तब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों ने राष्ट्रीय एकता एवं स्वतंत्रता की चेतना के विस्तार के लिए हिंदी के महत्व को स्वीकार किया था। उत्तर भारत के विभिन्न शहरों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए तो अनेक संस्थाएं बनी ही थीं। साथ ही दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में भी हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए अनेक संस्थाएं बनाई गई थीं। 1918 में इंदौर हिंदी साहित्य सम्मेलन में बापू की पहल पर दक्षिण भारत प्रचार सभा का गठन किया गया था। किसी तरह पूर्वोत्तर भारत में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए 1938 में असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति तथा केरल में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए केरल हिंदी प्रचार सभा का गठन किया गया था। मुंबई प्रांत में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए महाराष्ट्र राष्ट्रभाषा सभा, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, प्रथम मुंबई हिंदी विद्यापीठ सहित अनेक संस्थाएं कार्यरत थीं। 1924 में कांग्रेस के बेलगांव सम्मेलन में कांग्रेसी कार्यकताओं द्वारा हिंदी का प्रचार-प्रसार करने और 1925 में कानपुर अधिवेशन में कांग्रेस के सभी कार्य हिंदी भाषा में करने संबंधित प्रस्ताव पारित हुए थे।

15 अगस्त,1947 को जब देश आजाद हुआ तो सब को लगा कि ब्रिटिश शासन के साथ-साथ विदेशी भाषा से भी मुक्ति मिल गई है। हिंदी भाषा के प्रेमियों ने विशेष उत्साह दिखाया। सबको उम्मीद थी कि एकमत से राष्ट्रीय चेतना जगाने वाली भाषा हिंदी को देश की राजभाषा और सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया जाएगा। 14 सितंबर,1949 को संविधान सभा ने संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी और देवनागरी को लिपि के रूप में स्वीकार किया। साथ ही अंकों के अंतरराष्ट्रीय मानक रूप को स्वीकार किया गया। लेकिन, दुर्भाग्य से भाषा की राजनीति ने पूरे देश की भाषा के रूप में हिंदी के विकास के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी को भी सरकारी कामकाज की भाषा के रूप में स्वीकार कर लिया गया और अंग्रेजी को न्यायालयों की भाषा मान लिया गया। इस प्रावधान के कारण सरकारी तंत्र को ब्रिटिश व्यवस्था के अंधानुकरण की सुविधा मिल गई। अधिकांश वरिष्ठ कर्मी अंग्रेजी में कार्य करते रहे। स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 साल के बाद भी कमोबेश यही स्थिति बनी हुई है। कंपनियों के दफ्तरों में अंग्रेजी में काम करने वाले कर्मचारी उत्पादों को बेचने के लिए हिंदी भाषा में ही संवाद करते हैं और हिंदी भाषा में ही प्रचार सामग्री बनवाते हैं। तकनीकी विकास और यूनिकोड के कारण हिंदी में टाइप करना आसान हो गया है। ऐसे में हिंदी प्रांतों के अधिकांश युवा सोशल मीडिया पर भी हिंदी में ही अपनी भावनाओं और विचारों को अभिव्यक्त कर रहे हैं। इससे हिंदी को ताकत मिल रही है। वैश्वीकरण और सूचना-तकनीकी क्रांति के बाद हिंदी भाषा में दूसरी भाषाओं के शब्दों को तेजी से स्वीकार किया जाने लगा है। जिस भाषा में जितने अधिक शब्द होते हैं, वह भाषा उतनी ही समृद्ध होती चली जाती है। पिछले एक दशक में हजारों देसज और विदेशी शब्दों कों हिंदी समाज ने स्वीकार किया है जिससे भाषा के रूप में हिंदी को विस्तार मिला है।

बोलने वालों की संख्या के आधार पर विश्व की सबसे चौथी बड़ी भाषा हिंदी नई चेतना से लबरेज है और सबको सम्मान देते हुए सबकी स्वीकृति के लिए सतत प्रयत्नशील है। निश्चित रूप से यह अच्छी बात है।

( लेखिका बिहार-झारखंड की प्रसिद्ध लोक गायिका व साहित्यकार हैं।)

## सामयिक

# हिंदी का बदलता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

**गिरीश्वर मिश्र**

**अनुमान** किया जा रहा है कि इक्कीसवीं सदी में विश्व-पटल पर भारत और चीन देशों की मुख्य भूमिका हो सकती है। वे कई परिवर्तनों की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हैं। संचार माध्यमों के तीव्र विस्तार के साथ कई अर्थों में ह्यविश्व-व्यवस्थाह्ण और ह्यविश्व-गाँवह्ण जैसे जुमले वास्तविकता का आकार ले रहे हैं। व्यापार-वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए नए किस्म की जरूरतें पैदा हो रही हैं। अपने हितों को देखते हुए अनेक बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत के साथ व्यापार बढ़ा रही हैं। चूंकि उपभोक्ता या ग्राहक हिंदी क्षेत्र में अधिक हैं अतः अर्थतंत्र की संघटना में हिंदी की स्थिति अपेक्षाकृत मजबूत हुई है। इस बीच सूचना-प्रौद्योगिकी का भी अप्रत्याशित विस्तार हुआ है जिसने भाषा-व्यवहार, कार्य के परिवेश और कार्य पद्धति में एक अनिवार्य बदलाव आ रहा है।

हिंदी भाषा की क्षमता को कई तरह से आँका जाता है। उसके बोलने वालों का बढ़ता संख्या बल, साहित्य-सृजन की मात्र और उसके प्रकाशन का विस्तार, हिन्दी की बढ़ती शब्द-संपदा, हिंदी का लचीला भाषिक स्वरूप, जन-संचार माध्यमों में हिंदी की बढ़ती उपस्थिति, भाषांतर या अनुवाद की व्यवस्था, पारिभाषिक शब्दावली का विकास आदि को ध्यान में रख कर हिंदी की व्यापक भूमिका को अक्सर रेखांकित किया जाता है।

## हिंदी दिवस

भारत के एक बड़े भू भाग में रहने वाली आम जनता अपने सामान्य जीवन में हिंदी को व्यवहार में लाती है परंतु घर के बाहर निकलते ही उसे एक भिन्न प्रकार के और एक हद तक अस्वाभाविक से भाषिक संसार का सामना करना पड़ता है। हिंदी क्षेत्रों में बाजार, स्कूल, मनोरंजन, कोर्ट-कचहरी, अस्पताल, सरकारी कार्यालय और बैंक आदि स्थानों पर हिंदी और अँग्रेजी भाषाएँ प्रतिष्ठा, प्रामाणिकता और उपलब्धता के पैमानों पर अलग पायदानों पर खड़ी दिखती हैं। आज भी अँग्रेजी की स्वीकार्यता निश्चित रूप से अधिक है और वह कुछ अतिरिक्त मोह के साथ भारतीय मानस पर सवार है । यह तब है जब पूरे भारत में हिंदी जानने वालों की संख्या 50 प्रतिशत और अँग्रेजीदाँ की संख्या महज 10 प्रतिशत है ।कोई भी भाषा संदर्भ के अनुसार विकसित होती है। जिस भाषा का प्रयोग-क्षेत्र जितना ही विस्तृत होता है वह उतनी ही सबल होती है। जब भाषा के प्रयोग को समाज में सम्मान मिलता है तो उसकी स्वीकृति बढ़ती है। भाषा प्रयोग की औपचारिक और अनौपचारिक शैलियों में भी अंतर होता है और उनकी शब्दावली भी भिन्न हो जाती है। परंतु यह सर्वमान्य है की कोई भाषा उतनी ही सीखी जाती है जितनी उसकी उपयोगिता होती है। भाषा के प्रयोग से ही उसका अस्तित्व होता है और प्रयोक्ताओं कि आवश्यकता से उसकी दक्षता निर्धारित होती है। जब समाज को भाषा की जरूरत होती है तो वह उसका संरक्षण करता है। यह भी गौरतलब है कि भाषाओं के विस्तार के लिए राजनीति बेहद महत्वपूर्ण है।

यदि आज अंग्रेजी का बोलबाला है तो इसका कारण यही है कि दुनिया में अनेक देश उसके उपनिवेश रहे हैं। वही हाल फ्रेंच या स्पेनिश साम्राज्य का था। जहां भी उनके उपनिवेश बने थे वहाँ उनकी भाषा चली। भारत को स्वतंत्रता मिलने के सात दशक बाद भी अँग्रेजी के प्रति ज्यादातर भारतीयों का एक दुर्निवार आकर्षण आज भी बना हुआ है।

## लेटर टू एडिटर

### हिंदी का बाजार

**हिंदी** शब्द संस्कृत के सिंधु शब्द का अपभ्रंश माना जाता है। हिंदी का इतिहास वैसे तो करीब 1 हजार साल पुराना बताया जाता है, लेकिन बदलते वक्त में हिंदी भाषा बाजार की जरूरत बन चुकी है। देश का करीब 60 फीसदी बाजार हिंदी बोलने वालों का है। हर कंपनी के विज्ञापन का आधार सिर्फ और सिर्फ हिंदी है। आज देश में अंग्रेजी का विज्ञापन का बाजार न होना भी एक बात है। **– रविकांत, रांची**

### राष्ट्रभाषा का विकास

**साल** 1975 में नागपुर में पहले विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था. करीब 4 दशक पहले हुए इस आयोजन में दुनियाभर के 30 मुल्कों के करीब सवा सौ प्रतिनिधियों ने शिरकत की थी. तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर दुनियाभर में हिन्दी के बढ़ते प्रभाव को सलाम किया था। हिंदी दिवस पर हिन्दी भाषियों को आपस में जोड़ना चाहिए। **– पिंटू, गोला**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### दीपक प्रसाद बने पतरातू के सीओ



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के नये अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद बनाए गए हैं। निवर्तमान सीओ शिवशंकर पांडेय का तबादला भू-राजस्व विभाग रांची हो गया है। नये सीओ दीपक प्रसाद छठी जेपीएससी बैच के अधिकारी हैं। साथ ही मूल रूप से वे हेसालौंग हजारीबाग के निवासी हैं। प्रशासनिक अधिकारी बनने के बाद पतरातू सीओ के रूप मे दीपक प्रसाद की यह पहली पोस्टिंग है। दीपक प्रसाद पहले गिरीडीह मे कार्यरत थे।

### लक्ष्मण जेनरल स्टोर में चोरी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संकट मोचन मंदिर मेनरोड भुरकुंडा स्थित पतरातू ट्रेकर स्टैंड के समीप मंगलवार रात चोरों ने दो दुकानों का एसबेस्टस तोडकर नगद सहित हजारों रुपए के सामानों की चोरी की। जानकारी के अनुसार चोरों ने संकट मोचन मंदिर के बगल लक्ष्मण पान दुकान का एसबेस्टस तोडकर गल्ले से पांच हजार नकद और करीब दो हजार रुपये लागत के सामानो की चोरी की। चोरों ने बगल के मछली घर दुकान का एसबेस्टस उखाड़कर चोरी का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। दुकान मालिक लक्ष्मण राणा ने बताया कि सुबह दुकान पहुंचा तो पाया कि एसबेस्टस तोड़कर चोरों ने नगद सहित सामानों की चोरी कर ली है। घटना की लिखित शिकायत भुरकुंडा ओपी में दर्ज कराई गई।

### बिजली बिल सुद माफी अब 30 तक

**बरही।** बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के बिल बकायेदारों को ध्यान में रखते हुए बिजली बिल माफी के लिए लगा कैंप। कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि विभाग के इस योजना का लाभ सभी बकायेदारों के लिए लागू है। जेई ने कहा कि यह योजना 30 दिसंबर 2022 तक का बिल सूद माफ किया जाएगा बिल बकाएदारों के लिए सरकार ने एकमुश्त बिजली बिल देने वाले उपभोक्ताओं के लिए सूद माफी योजना चलाई जा रही है। जिसका लाभ समय रहते बकायेदार उठा सकते है। अन्यथा योजना बंद होने के बाद इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। यह योजना घरेलू एवं सिंचाई उपभोक्ताओं के लिए है जो 30 सितंबर तक लागू रहेगा। उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति शाखा बरही जाकर राशि जमा करना होगा।

### क्रिकेट के फाइनल में पहुंचा हिंदू युवा क्लब

दारू। प्रखंड के जरगा मैदान में हिन्दू युवा क्लब जरगा क्रिकेट कप का फाइनल मैच बुधवार को जरगा मैदान में खेला गया। मैच का उद्घाटन पंचायत मुखिया अनिल देव ,ि भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण व समाजसेवी अजित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस क्रिकेट मैच में विभिन्न गांव से 26 टीम ने भाग लिया था। इस कप का फाइनल मैच लोदी बनाम चोरहेत के बीच खेला गया। दोनों टीम के बीच दस दस ओवर का मैच खेला गया। चोरहेत टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हो चोरहेत के टीम ने बेहतर बल्लेबाजी करते हुए 103 रन बनाया। वहीं मैच के दूसरी पाली में चोरहेत की टीम ने बेहतर गेंदबाजी करते लोधी के टीम को 10 ओवर में मात्र 53 रन में सिमट दिया। मैच का मैन ऑफ द मैच आकाश कुमार व मैन ऑफ द सीरीज युवराज सिंह को दिया गया। विजेता टीम चोरहेत टीम को श्री देव व अजित कुमार के द्वारा 15000 नकद व उपविजेता लोधी टीम को 7500 नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

### कई जर्जर सड़कों की होगी मरम्मती


बरही। विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखंड के कई जर्जर सड़कों की मरम्मति व जीर्णोद्धार को लेकर अनुशंसा किया। विधायक के अनुसार सड़कों की मरम्मति को टेंडर निकाल दिया गया है। ज्ञात हो कि बरही प्रखंड में खराब हो चुके सड़कों से ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। आरईओ रोड से माधोपुर तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से गडलाही तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से जरहिया तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से लश्करी मोड़ से आंगनबाड़ी केंद्र तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड दुधपनिया मोड़ से आरईओ रोड तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, विजैया से खुटवाटांड तक पथ का विशेष मरम्मती कार्य, जीटी रोड से धुरगड़गी तक पथ का विशेष मरम्मती व जीर्णोद्धार कार्य किया जाना है।

### डॉ. मिहिर झा ने बॉलीबाल के लिए दिया दो पोल



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड के भूतपूर्व डॉक्टर स्वर्गीय केके झा के पुत्र डॉ. मिहिर कुमार झा बॉलीबाल के लिए बुधवार को दो पोल की व्यवस्था कराई है। इससे खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्लास फैक्ट्री आईएजी के खिलाड़ियों को पोल नहीं रहने के कारण बॉलीबाल खेलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे भी हर संभव मदद करने की बात कही है। ताकि बच्चे खेल में अपना करियर बना सके। इस व्यवस्था से खुश खिलाड़ियों ने डॉ. मिहिर कुमार झा के प्रति आभार जताया। मौके पर सिद्धो-कान्हू खेल समिति के अध्यक्ष बलदेव बेदिया, सचिव विजय कुमार यादव सहित मो. रिजवान, अभिषेक, आकाश, रोबिन, हिमांशु, अमित कुमार उर्फ राजा व कोच कंचन कुमार मौजूद थे।

### हस्ताक्षर अभियान की संयोजक बनीं सिंधु झा



**रामगढ़।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के हस्ताक्षर अभियान में तेजी लाने के निमित्त संगठन के दायित्व निर्धारण कमिटी की अनुशंसा पर प्रदेश उपाध्यक्ष सह शिक्षिका सिंधु झा को हस्ताक्षर अभियान (महिला विंग) का प्रदेश संयोजक नामित किया गया है। सिंधु झा ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने को लेकर कानून बनाने हेतु जेएसएफ द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर हस्ताक्षर अभियान छेड़ रखा है झारखंड में भी जोर शोर से शुरू किया गया है । मुझे मिले दायित्व का मैं अनुपालन करते हुए पूरे प्रदेश का भ्रमण करूंगी और संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा करवाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान में शिक्षण संस्थान,रेलवे स्टेशन,सरकारी संस्थानों में भी अभियान चलाया जाएगा।

# महिलाएं प्रतिभा का प्रदर्शन कर, खुद आगे बढ़े : अकेला

- बरसोत आजीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति वार्षिक आमसभा आयोजित
- स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं बन रहीं हैं आत्मनिर्भर : किशुन यादव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** करियातपुर पुराना स्कूल भवन में बरसोत आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बरसोत वार्षिक आम सभा में बतौर विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वार्षिक आम सभा में करियातपुर, धनवार, बरसोत, दुलमहा, रानीचुंवा की महिलाएं शामिल हुई थी। इस दौरान महिलाएं वार्षिक आय खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत की। विधायक ने कहा कि महिलाएं स्वयं को पहचानकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करें स्वयं आगे बढ़े अपने परिवार के साथ साथ समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाएं। उन्होंने बताया कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कमजोर नहीं हैं। हर क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रहीं है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बरही एसडीओ, बीडीओ समेत कई पंचायत प्रतिनिधि भी महिलाएं को कार्यरत होने की बात कही। उक्त बातें बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बरसोत आजीविका महिला संकुल संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति वार्षिक आमसभा में कही। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजना चला रही है। स्वयं सहायता समूह के जरिए महिलाओं को रोजगार व स्वरोजगार योजना द्वारा भी आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि मो वारिस, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, धनवार मुखिया प्रतिनिधि ममता कुमारी, राजकुमार दास, बीपीएम दीपक कुमार, राजू पांडेय, आईपीआरसी संजू कुमारी, बैंक सखी राखी कुमारी, उषा देवी, अकाउंटेंट ममता कुमारी, रंजना देवी, बैंक कॉरेस्पोंडेंस मालती प्रसाद, रिंकू कुमारी समेत अन्य इस कार्यक्रम उपस्थित रहे।

### सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं का दबदबा

**विष्णुगढ़।** झारखण्ड हाई कोर्ट द्वारा प्रखंड में सरकारी जमीन का डिजिटल सर्वे की मांग की गई थी। जिसके बाद अंचल कर्मचारी द्वारा क्षेत्र के कई हिस्सों में भूमि का सर्वे हुवा था। इस दौरान कई भूमि पर सरकारी जमीन होने का बोर्ड लगाया गया था । जो कुछ हीं भागों तक सर्वे का कार्य समेट दिया गया। वैसे कई हिस्से को छोड़ दिया गया जहां भू माफियाओं का दबदबा है। परिणाम स्वरुप आज वन भूमि, गैरमजरुवा जमीन आदी पर भू माफिया का राज कायम है। सूत्र बताते है की क्षेत्र के कई हिस्से है जहां वन भूमि व जीएम प्लाट पर घेराबंदी समेत गृह निर्माण किया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह**

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**
**(प्रथम अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई-निविदा प्रसंग सं० :- RCD/GIRIDIH/1116 दिनांक :- 11.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, गिरिडीह अन्तर्गत गिरिडीह-गाण्डेय- नारायणपुर -जामताड़ा पथ (कुल लम्बाई - 35.00 कि0मी0) (चौड़ाई-7.00 मीटर) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य वर्ष 2023-24 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू0 10,95,20,320.00 (दस करोड़ पनचान्वे लाख बीस हजार तीन सौ बीस रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 04 (चार) माह |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 29.09.2023 12:00 बजे दिन तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 15.09.2023 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 06532 - 227054 |
| 8. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651 - 2401010 |

नोट :- प्राक्कलीत राशि घट बढ़ सकती है।
अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :- http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गिरिडीह
PR 306847 Road (23-24)_D

# डीलर की मिली शिकायत तो रद्द होगा लाइसेंस : उपायुक्त

## सभी योग्य लाभुकों का बनायें राशन कार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** डीसी ने जिले के सभी प्रखंडों में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के विरुद्ध किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने, डीलर द्वारा निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में राशन देने, बायोमेट्रिक प्रणाली का गलत इस्तेमाल करने सहित अन्य मामलों पर जांच कर तत्काल रूप से डीलर का लाइसेंस रद्द करने तथा कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही नए लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ देने के मद्देनजर डीसी ने प्रखंडवार लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को वर्तमान रिक्तियों के अनुसार सभी लाभुकों को राशन कार्ड के लाभ से आच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने कहा कि सभी योग्य लाभुकों को राशन कार्ड का लाभ मिले इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि अयोग्य राशन कार्ड धारी का नाम राशन कार्ड सूची से हटाया जाए। इसके लिए डीसी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को अयोग्य राशन कार्ड धारियों को स्वतः राशन कार्ड सरेंडर करने अथवा जांच में सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाने की जानकारी देने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया। पीवीटीजी डाकिया योजना के तहत कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने ससमय लाभुकों को उनके घरों तक राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिले में संचालित दाल भात केंद्रों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में प्रति सप्ताह किसी एक दाल भात केंद्र का औचक रूप से निरीक्षण करने केंद्र पर साफ-सफाई का जायजा लेने, प्रतिदिन दाल भात केंद्र के माध्यम से लाभ ले रहे लाभुकों की जांच करने तथा लाभुकों से संबंधित पंजी का नियमित संधारण सुनिश्चित कराने आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने 20 सितंबर तक अनिवार्य रूप से लक्ष्य के विरुद्ध सीएमआर की पूर्ण प्राप्ति करने एवं सीएमआर की प्राप्ति के अनुरूप किसानों को दूसरी किस्त की राशि तथा बोनस का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
ई-मेल:-dlao-giridih@jharkhandmail.gov.in

**आम इस्तेहार**

राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 02 के 06 लेनिंग चौडीकरण परियोजना अंतर्गत मौजा-जरमुने का अवार्ड नं0-10 निम्नवत घोषित है :-

| अवार्ड सं0 | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | किस्म | रकवा (एकड़ में) | अवार्डी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | 305 | 2272 | कृषि | 0.0501 | अज्ञात |

मुआवजा राशि भुगतान हेतु भगलु मिस्त्री वगैरह पिता स्व0 बालदेव मिस्त्री साकिन-जरमुने, अंचल -बगोदर, जिला-गिरिडीह के द्वारा प्लॉट नं0 2272, रकवा-0.0501 के मध्ये 0.0250 एकड़ भूमि पर तथा अवशेश रकवा-0.0250 एकड़ भूमि पर स्व0 विशुन मिस्त्री पिता रामलाल मिस्त्री के वंशजो साकिन-जरमुने, अंचल-बगोदर, जिला-गिरिडीह के द्वारा अपना-अपना दावा प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस इस्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत अर्जित भूमि के संदर्भ में यदि कोई रैयत चाहें तो संबंधित राजस्व कागजात के साथ इस आम इस्तेहार के प्रकाशन के 07 (सात) दिनों के अंदर अपना लिखित आपत्ति/दावा जिला भू-अर्जन कार्यालय, गिरिडीह में समर्पित कर सकते है।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी,
गिरिडीह।
PR.NO.306859 Land Reforms(23-24):D

# ट्रक से कुचलकर वैंकटेश स्पंज फैक्ट्री के सुपरवाइजर की मौत

**ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर शव के साथ किया प्रदर्शन, भदानीनगर ओपी में हुई वार्ता, छह लाख रुपये मुआवजा पर बनी सहमति**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लपंगा वैंकटेश स्पंज फैक्ट्री में बुधवार सुबह 8 बजे खाली ट्रक की चपेट में आने से फैक्ट्री में कार्यरत सुपरवाइजर सह पटेलनगर भुरकुंडा निवासी मनदीप सिंह की मौत हो गई। 35 वर्षीय मनदीप सिंह धामी प्रत्येक दिन की तरह सुबह की पाली में 6 बजे अपनी ड्यूटी के लिए फैक्ट्री पहुंचे थे। कार्य के दौरान मनदीप फैक्ट्री के पूरब साइड वाले मैदान में खड़े थे। उसी समय खाली ट्रक जेएच 02 एटी 1239 सामने से जाकर सीधे धामी को आगे से कुचल दिया। जिससे वहीं गिर गया। मजदूरों के हो-हल्ला करने पर गाड़ी चालक भागने लगा। मजदूरों ने किसी तरह चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। साथ ही गंभीर रूप से घायल मनदीप को इलाज के लिए हॉप अस्पताल रामगढ़ भेज गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना भदानीनगर पुलिस को दी गई। भदानीनगर पुलिस ने तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल की। साथ ही ट्रक और चालक को हिरासत में लेकर ओपी ले आई। इधर घटना के बाद से परिजन व भारी संख्या में ग्रामीण लपंगा स्पंज फैक्ट्री पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन करने लगें। इस दौरान लोग फैक्ट्री प्रबंधक से मुआवजे की मांग करते दिखें। परिजन व कंपनी प्रबंधक के अधिकारी में हुई घंटो वार्ता के बाद भी मुआवजा का निष्कर्ष नहीं निकल पाया है। जिसके बाद नाराज ग्रामीण व परिजनों ने फैक्ट्री के मुख्य गेट के पास डेड बॉडी के साथ विरोध प्रदर्शन कर न्याय और मुआवजा की मांग पर अड़े रहें। इसके बाद भदानीनगर ओपी में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें छह लाख रुपए मुआवजा देने की बात पर सहमति बनी। इसमें पीड़ित परिवार को तत्काल 50 हजार रुपए नकद सहित 2 लाख 50 हजार रुपए का चेक दिया गया। 20 सितंबर को 3 लाख रुपए का चेक देने की बात कही गई।

### वंचित समाज के आवाज थे मेघनाथ महतो : ममता देवी

**रजरप्पा ।** दुलमी प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने वाले तथा जनता उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्य व समाज के प्रति नेक सोच रखने वाले सिरु निवासी स्व. मेघनाथ महतो की तीसरी पुण्यतिथि सिरु में मनाई गई। जिसमें पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई।

उन्होंने कहा कि सूदखोरी, महाजनी और जुल्म के खिलाफ एक लंबी लड़ाई लड़कर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले मेघनाथ महतो ने सिर्फ राजनैतिक रूप से लोगों को जागरूक किया। बल्कि क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने में इनकी भूमिका को आनेवाली पीढ़ी हमेशा याद रखेगी। वे मजलूमों के एक बुलंद आवाज और मजबूत शख्सियत के मालिक थे। अपने राजनीतिक जीवन को शुरूआत कम्युनिस्ट पार्टी से शुरू की थी और पूरे जीवन काल इसी पार्टी में समर्पित होकर समाज को आगे बढ़ाने का काम किया। वे दृढ़संकल्प के धनी व्यक्ति थे। वह आज हमलोगों के बीच नहीं हैं। बस उनकी स्मृति मात्र शेष रह गई है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा**
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई- निविदा सूचना संख्या – RDD/KODERMA/04/EE/2023-24 ( 2nd Call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | Construction of Remaining boundary wall UHS, at Behradih G.P- Behradih Domchanch Block under Koderma district. | 2185000.00 | 43700.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 20.09.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.09.2023 से दिनांक 03.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 06.10.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 07.10.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9798127285 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा के पदनाम से देय होगा।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा
PR 306910 Rural Work Department(23-24)#D

**मत्स्य निदेशालय**
मत्स्य भवन, झारखण्ड, डोरण्डा, रांची- 834002

**"अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति की सूचना"**

मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना एवं तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अन्तर्गत निम्नलिखित सामग्रियों के कय हेतु न्यूनतम् दर निर्धारण के लिए संस्था/फर्म/आपूर्तिकर्ता से इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

| क0 | आपूर्ति हेतु सामग्री का नाम | इच्छा की अभिव्यक्ति प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | लाईफ जैकेट | 2500 |
| 2 | व्हील एयरेटर | 2500 |
| 3 | एफ0आर0पी0 बोट (मोटरचालित नाव) | 10000 |
| 4 | गिल नेट | 2500 |
| 5 | ग्रो आउट नेट | 10000 |

इच्छा की अभिव्यक्ति विक्रय की तिथि : 22.09.2023 से 29.09.2023 तक कार्यालय अवधि में,
इच्छा की अभिव्यक्ति प्राप्ति एवं जमा करने का स्थान : मत्स्य निदेशालय, डोरण्डा, रांची-2,
इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करने की अंतिम तिथि : 04.10.2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक,
इच्छा की अभिव्यक्ति खोलने की तिथि : 04.10.2023 को 3.00 बजे अपराह्न ।

इच्छा की अभिव्यक्ति के प्रत्येक इकाईवार प्रपत्र उपरोक्त तिथि को कार्यालय अवधि में मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची से निदेशक मत्स्य, झारखण्ड, रांची (Director of Fisheries, Jharkhand) के पदनाम से रांची में भुगतेय राष्ट्रीय बैंक का बैंक ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।

इच्छा की अभिव्यक्ति की शर्तें एवं Spacification मत्स्य निदेशालय के सूचनापट्ट अथवा वेबसाईट www.jharkhandfisheries.org/prdjharkhand.in पर देखी जा सकती है।

योजना की स्वीकृति के अनुरुप कार्य आवंटन जिला स्तर पर किया जाएगा। बिना कारण बताये इच्छा की अभिव्यक्ति को पूर्ण रुप से अथवा आंशिक रुप से रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा ।

निदेशक मत्स्य
झारखण्ड, रांची.
PR 306891 (Fish) 23-24 (D)
मत्स्य बीज का उत्पादन, स्वरोजगार का अच्छा साधन

# विश्वकर्मा पूजा को लेकर कमेटी गठित

### अध्यक्ष बबलू कुमार व सचिव बने पप्पू सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



भुरकुंडा (रामगढ़)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम व श्रद्धाभाव से विश्वकर्मा पूजा मनाने को लेकर बुधवार को बलकुदरा में बैठक हुई। बैठक में पूजा की तैयारियों को ले कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बलकुदरा खान मैनेजर बबलू कुमार को अध्यक्ष, कोल फील्ड मजदूर यूनियन के पप्पू सिंह को सचिव और एसएम राजकुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। कहा गया कि हर बार की भांति इस बार भी 17 सितंबर को बलकुदरा में पूरे धूमधाम से विश्वकर्मा पूजा मनाया जायेगा। 19 सितंबर को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। जिसमें बलकुदरा के तमाम माइनिंग, सुपरवाइजर सहित दर्जनों अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में अंकुर विश्वनाथ, अभिषेक कुमार, पप्पू सिंह, अनुज कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, प्रभास दास, रामानुज प्रसाद, बसंत बासपत, अजीत कुमार, रविंद्र शाह, मनोज राम, मनोज सिंह, सुभाष तिवारी आदि मौजूद थे।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत
**ई-पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं0 :- 02/RE/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :- 12.09.2023

1. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MM GSY/08/2023-24 | पंचायत कुसुम्बा जमुआरी हिन्दी स्कूल से जमुआरी होते हुए ओदरना तक पथ निर्माण कार्य (लं0-4.150 कि0मी0) | 4,53,92,900/- | चार करोड़ तीरपन लाख बेरान्वे हजार नौ सौ मात्र | 9 (नौ) माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 16.09.2023 ।
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-22.09.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. (क) जिला नियंत्रण कक्ष, रांची (ख) मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रांची (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय-23.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक ।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग, इन्दपुरी चौक, हजारीबाग के नजदीक, हजारीबाग, झारखण्ड, पिन-825301 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (23.09.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय । अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा ।
6. निविदा खोलने की, तिथि, समय एवं स्थान-25.09.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546-265286 ।
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग के पक्ष में एवं हजारीबाग में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा ।
9. यदि किसी कारणवश उपरोक्त अंकित तिथियों में अवकाश घोषित होता है तो अगले कार्यदिवस में अंकित कंडिकाओं का कार्य किया जायेगा एवं सभी शर्तें पूर्ववत रहेगी ।
10. परिमाण विपत्र की राशि घट या बढ़ सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
PR.NO.306901 Rural Work Department(23-24):D

## स्पीड न्यूज

### जिप सदस्य ने किया एसपी का स्वागत



**लोहरदगा।** जिले के नये एसपी हारिस बिन जमा से किस्को जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने देर शाम लोहरदगा परिसदन में मुलाकात की। संदीप कुमार ने नये एसपी को बुके एवं शॉल देकर अभिवादन किया। मौके पर जिप सदस्य ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने मे सहयोग की बात कही। साथ ही किस्को क्षेत्र के भौगोलिक और जन समस्या से अवगत कराया।

### जिले में आयुष्मान भव योजना का शुभारंभ



**लोहरदगा।** जिले के सदर अस्पताल में कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राजभवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की आयुष्मान भव योजना का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के डीडीसी, सिविल सर्जन और कई अधिकारी शामिल हुए। आयुष्मान भव योजना एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक पहुंच प्रदान करना है। यह पहल आयुष्मान भारत कार्यक्रम की सफलता के मद्देनजर शुरू की गई है। इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन यानी 17 सितंबर से लागू किया जायेगा। इसके तहत आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयुष्मान योजना से जुड़े सभी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों पर आयुष्मान मेले लगेंगे।

### मुख्यमंत्री पशुधन योजना को लेकर ग्राम सभा, योग्य लाभुकों का चयन



**भंडरा।** प्रखंड के भौरों पंचायत भवन के सभा कक्ष में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत भौरों मुखिया सुमंती तिग्गा की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दुधारू गाय, बकरी पालन, सुकर पालन, कुकुट पालन, बतख पालन इत्यादि योजना के बारे ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक बतलाया गया साथ ही ग्राम सभा के माध्यम से योग्य लाभुकों का पंचायत स्तरीय चयनित किया गया। इस बैठक में पंचायत समिति सदस्य वीना देवी, पंचायत सचिव तिवारी भगत, बीटीएम विजय प्रसाद, रोजगार सेवक झुनिया उरांव, उपमुखिया, वार्ड सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रकृति पर्व करमा की तैयारी जोरों पर खूब बिक रहे हैं ढोल और मांदर



**भंडरा।** प्रखंड में प्रकृति पर्व करमा हर्षोल्लासपूर्वक मनाये को लेकर आदिवासी समुदाय तैयारी शुरू कर चुके हैं। अखड़ा की विशेष साज-सज्जा को लेकर बैठको का दौर जारी है। इधर, कर्मा को लेकर विभिन्न हाट बाजारों मे ढोल मंदार की बिक्री जोर से चल रही है। भंडरा पहान बुधराम उरांव ने बताया की कर्मा पर्व 25 सितंबर को मनाया जायेगा। उन्होंने बताया की कर्मा मे कुंआरी कन्याएं दिनभर का व्रत रखकर करम देव की पूजा अर्चना करती है। करमदेव से अपने भाई की सुख-समृद्धि की कामना कर अच्छे वर व सफल दांपत्य जीवन की प्रार्थना करेंगी। संध्या में नवयुवक की टोली करम डाली लायेंगे। अखड़ा में करम डाली स्थापित करने के बाद पाहन पूजा करायेंगे। क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए लाल मुर्गे की बलि दी जाएगी। करम-धरम की कथा सुनायेंगे।

### जांच शिविर में जुटे सैकड़ों दिव्यांग



**गुमला।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में बुधवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 21 प्रकार के दिव्यांग को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया गया। ज्ञात हो कि यह दिव्यांग शिविर प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थी बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में लगाया जाता है और सभी दिव्यांगों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जाता है। ताकि उन्हें सरकार से पूरा लाभ मिल सके और वह अपनी जिंदगी खुशहाली के साथ परिवार के साथ जी सके। इस कैंप में ज्यादा दिव्यांग शामिल होते हैं और सरकार की ओर से दिए जाने वाली लाभ को उठाने का प्रयास करते हैं।

### स्वास्थ्य मेला 15 को डुमरी में

**डुमरी।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर डुमरी में अभियान निदेशक के निदेर्शानुसार स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाना है। इस स्वास्थ्य मेला में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सभी प्रकार की सेवा, जागरूकता एवं परामर्श आदि दिया जाना है। ये सेवाएं विभिन्न स्टॉल के माध्यम से दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अलबेल केरकेट्टा ने आम जनों से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में आकर स्वास्थ्य मेला का लाभ उठायें।

### आश्रित को उपायुक्त ने सौंपा नियुक्ति पत्र



**गुमला।** पूर्व में हुए जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में स्व जगजीवन बरहा हिंदी टंकक प्रखंड कार्यालय गुमला के आश्रित पत्नी रीना तिर्की को अनुकंपा के आधार पर उनके शैक्षणिक योग्यता के आधार पर तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति की स्वीकृति दी गयी है। जिसके तहत बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने अपने कार्यालय कक्ष में रीना तिर्की को अपने हाथों से नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया।

# ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल में भ्रष्टाचार हावी

- उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण में बरती जा रही धांधली से नाराज जिप उपाध्यक्ष ने लगायी निर्माण पर रोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



योजना का निरीक्षण करते जिप उपाध्यक्ष।

**भंडरा।** जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौंरो मलंग टोली के नाम पर मलंग टोली से पांच किलोमीटर दूर बलसोता कुसुम डिपो में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण बुधवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव एवं जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने किया है। इस दौरान कुसुम डिपा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में काफी अनियमितता देखने को मिली है। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने कहा कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लोहरदगा द्वारा 55 लाख रुपये की लागत से योजना का क्रियान्वयन भंडरा प्रखंड के मलंग टोली में किया जाना था। इससे भंडरा प्रखंड के मलंगटोली गांव सहित सीमांत के गुमला जिले के भी कई गांव के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलता, परंतु मलंग टोली से छह किलोमीटर दूर योजना का क्रियान्वयन ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती गई है। उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में फाउंडेशन से टाइ बिम तक ईंट जोड़ाई का कार्य करना है, परंतु ईंट जोड़ाई का कार्य नहीं किया गया। इसके अलावे सेप्टी टैंक में लाल ब्रिक्स लगाना है, परंतु घटिया फ्लाइएस ईंट का प्रयोग किया गया है। साथ ही छड़ भी निम्न स्तर का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी जानकारी उपायुक्त डॉक्टर कृष्ण प्रसाद बाघमारे को देते हुए इसकी जांच की मांग की जायेगी। जिला परिषद की बैठक में रखा जायेगा। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य को बंद रखने का निर्देश दिया है।

# हर व्यक्ति अपनी जिम्मेवारी समझ कर इसके सहभागी बनें : उपायुक्त

- सदर अस्पताल के सभगार से देखा गया सीधा प्रसारण
- आयुष्मान भव अभियान का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया ऑनलाइन शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



नप अध्यक्ष को आयुष्मान कार्ड प्रदान करती जिप अध्यक्ष, डीसी व अन्य।

**गुमला।** राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू के द्वारा बुधवार को ऑनलाइन माध्यम से आयुष्मान भव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका सीधा प्रसारण सदर अस्पताल के सभागार में दिखाया गया। जहां राष्ट्रपति ने आयुष्मान भव के तहत होने वाले रोगों के इलाज के बारे में देशवासियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आयुष्मान भव पखवाड़ा अपने देश की राष्ट्रपति ने उदघाटन किया है। जिसमें सबों की भागीदारी आवश्यक है। हर व्यक्ति इसे अपनी जिम्मेवारी समझते हुए इसमें सहभागी बने। इसके तहत स्वस्थ व्यक्ति का भी आधार कार्ड बन सकता है। कहा कि प्रशासनिक व नागरिकों के बीच जागरूकता फैलाने की जरूरत है। जागरूकता से ही लोगों का इलाज संभव है। वहीं रक्तदान में गुमला ब्लड बैंक हमेशा अव्वल रहा है। लेकिन इसे और गति देने की आवश्यकता है। हम सभी जिलेवासियों का कर्तव्य है इस पखवाड़े को हर हाल में सफल बनाएं। वहीं सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रियावार जानकारी दी।

# प्रवासी मजदूर का पार्थिव शरीर गांव लाने को दी सहयोग राशि

- मृतक की बहन को उपायुक्त ने दिया चेक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आश्रित को चेक प्रदान करते उपायुक्त।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा अन्तराज्यीय प्रवासी मजदूरों सर्वेक्षण एवं पुनर्वास योजना अन्तर्गत प्रवासी श्रमिक के पार्थिव शरीर को पैतृक निवास स्थान लाने हेतु आवश्यकतानुसार तत्काल सहायता के रूप में मृत प्रवासी श्रमिक के आश्रित बहन अनिता इंदवार को रुपए 50000 का चेक सौंपा गया। विदित हो कि पालकोट के लाघुडेरा गांव निवासी मजदूर स्व. संतोष खडिया पिता-स्व. गणेश खड़िया की मृत्यु गोवा से लौटने के दौरान ट्रेन में 11 सितंबर 2023 को हो गया था।

मृत्यु के पश्चात उनकी विवाहित बहन अनिता इन्दवार द्वारा उपायुक्त महोदय को अपने भाई स्व. संतोष खड़िया का शव पैतृक निवास स्थान पालकोट, गुमला लाने हेतु आवेदन दिया गया था। जिसपर उपायुक्त महोदय द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए श्रम अधीक्षक गुमला को मृतक प्रवासी श्रमिक संतोष खड़िया के शव को पैतृक निवास स्थान लाघुडेरा, पालकोट, गुमला लाने का हेतु देय सहायताअनुदान राशि उनकी आश्रित बहन को देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। प्राप्त आदेश के उपरान्त श्रम अधीक्षक, गुमला पुनीत मिंज एवं एसआरएमसी गुमला के विकास कुजूर द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई।

घाघरा सीएससी में आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा प्लानिंग कार्यक्रम का शुभारंभ

# आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ : प्रखंड प्रमुख

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कार्यक्रम में शामिल प्रमुख, बीडीओ, सीओ व अन्य।

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में बुधवार को आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा प्लानिंग को लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका उदघाटन प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ प्रणव ऋतुराज, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का व अनिरुद्ध चौबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के लोगों ने बताया कि आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक यह पखवाड़ा चलेगी। जिसके अंतर्गत आयुष्मान आपके द्वार आयुष्मान कार्ड बनाना। आयुष्मान मेला हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में आयोजित करना है। साथ ही स्वच्छता अभियान, ब्लड डोनेशन कैंप सहित कई कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि आयुष्मान भव सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की प्लानिंग की तैयारी को लेकर आज जो शुभारंभ किया गया है तो कार्यक्रम के निमित्त लोगों को इसका लाभ मिलेगा। लोग स्वास्थ्य मेला में जाकर आयुष्मान कार्ड के साथ-साथ जांच व दवा ले सकेंगे। आप सहिया स्वास्थ्य कर्मी ग्रामीणों क्षेत्रो में पूरा प्रचार प्रसार करे निश्चित तौर पर उक्त कार्यक्रम के माध्यम से जन-जन तक लोगों को लाभ मिल सकेगा। आप सभी ग्रामीण उक्त कार्यक्रम का लाभ उठाएं। मौके पर उपस्थित लोगों में विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, अनिरुद्ध चौबे, विटीटी सीमा देवी, पारस साहू, सहिया हेमंती देवी, संजोती देवी, सुनीता उरांव, जानकी देवी थीं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया मिट्टी संग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में सदर प्रखंड अंतर्गत बराटपुर गांव में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित्त बूथ नं 209 से मिट्टी संग्रह किया गया। मौकेपर लाल नवल नाथ शाहदेव भी शामिल रहे। मिट्टी सग्रंह के दौरान मनीर उरांव ने ग्रामीणों को बताया कि मेरी माटी मेरे देश अभियान की शुरूआत भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। इस अभियान की शुरुआत भारत छोड़ो अभियान की वर्षगांठ के दिन से की गई है। ह्यमेरी माटी मेरे देशह्व अभियान के अंतर्गत भारत के अलग-अलग राज्यों से अलग-अलग ग्रामों से 7500 कलशो में मिट्टी लाई जाएगी। इस मिट्टी का उपयोग दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बनी अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए किया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली में एक शीलाफलकम स्थापित की जाएगी। इस पर देश के शहीदों का नाम अंकित होगा।

# नये एसपी को शॉल भेंटकर सांता पब्लिक स्कूल कमेटी ने किया सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल गुमला स्कूल कमेटी के द्वारा बुधवार को नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक हरविंद्र सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। मुलाकात करने वालों में स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार, संरक्षक शंकर लाल जाजोदिया व शिक्षिका जसिंता बेक शामिल थी। मौके पर नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक हरविंद्र सिंह को अंगवस्त्र और बुके देकर सम्मानित व स्वागत किया गया। स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार ने कहा कि पुलिस और जनता का रिश्ता हमेशा अच्छा रहा है। समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का बहुत बड़ा योगदान है। आशा करते हैं कि नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिला अपराध मुक्त होकर एक शांति प्रिये जिला बन कर उभेरगा।

### विद्यालय पहुंच पथ का बीडीओ ने लिया जायजा



**कैरो।** प्रखंड क्षेत्र के बिराजपुर में नवनिर्मित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में आने जाने का रास्ता के अभाव से अब तक विद्यालय प्रारंभ नहीं हो सका है। जिसपर बीडीओ पवन कुमार महतो ने संज्ञान लेते हुए मुख्य सड़क से विद्यालय तक रास्ता बनवाने का बीड़ा उठाया और सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण सह मोटिवेसन के लिए बुधवार को देखा। बीडीओ ने कहा कि इस सड़क के निर्माण में कैरो प्रखंड क्षेत्र के बच्चों व अभिभावकों को सुविधा होगी।

### एसपी से मिले कैरो शांति समिति के सदस्य



**कैरो (लोहरदगा)।** जिले के 32वें पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा से कैरो थाना क्षेत्र से जिला शांति समिति सदस्य नजीर आलम खान, शरत कुमार विद्यार्थी व सुरज मोहन साहू ने देर शाम लोहरदगा परिसदन मे मुलाकात किया। सदस्यों ने नये एसपी हारिस विन जमा को बुके देकर स्वागत के साथ शांति व्यस्था बनाये रखने में सहयोग की बात उपस्थित कैरो समिति सदस्यों ने की। एसपी ने भी प्रखंड क्षेत्र के समस्याओं की जानकारी लेते हुए जल्द क्षेत्र भ्रमण करने की बात कही।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से सांसद ने अपने क्षेत्र में चार चरणों में आयुष्मान कार्ड बनाने की अपील की

**गुमला।** आयुष्मान योजना को अपने संसदीय क्षेत्र में उपयोगिता और महत्व को ध्यान में रखते हुए लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ मनसुख भाई मंडवीया को पत्र लिखकर अपने पूरे संसदीय क्षेत्र के सभी प्रखंडों में भारत सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना के चार चरणों में करवाने हेतु आग्रह किया गया। ताकि एक-एक लाभुक का आयुष्मान कार्ड बन सके। श्री भगत का कहना है कि उनके संसदीय क्षेत्र में सभी का आयुष्मान कार्ड बनने से लोगों को बहुत सुविधा होगी।

### विद्यालय में शिक्षक के योगदान से लौटी खुशी

**डुमरी।** राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय डुमरी टांगरडीह में विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास कुमार महतो को दो माह पूर्व दूसरे विद्यालय में प्रतिनियोजित किया गया था। जिसे उप विकास आयुक्त गुमला के निर्देशानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा प्रतिनियोजन रद्द करते हुए मूल विद्यालय में योगदान करने का आदेश जारी किया गया है। विभागीय आदेशानुसार विकास कुमार महतो दिनांक 13 सितंबर को अपने मूल विद्यालय में योगदान किये। श्री महतो के योगदान करते ही छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर लौट आई। वहीं विद्यार्थियों ने शिक्षक के सम्मान में स्वागत कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी।

# सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन ने किया श्रमिकों को जागरूक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हाताबारी मैदान में बुधवार को सुराज मजदूर ट्रेड यूनियन के तत्वावधान में श्रमिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर स्वागत करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनूप कुमार ने अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों श्रम नियोजन एंव प्रशिक्षण विभाग से जितने भी लाभकारी योजना हैं उससे कोई वंचित न रहे इसके लिए हर विभाग के कार्यलय, अधिकारी और कर्मचारियों से मिलकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की जरूरत है।

### लोहरदगा लोकसभा प्रभारी बनाने पर सुखदेव भगत को दी बधाई

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत को लोहरदगा लोकसभा प्रभारी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप तुलस्यान को लोकसभा संयोजक बनाया गया। दोनों नेताओं को प्रभारी एवं संयोजक बनाये जाने पर प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आभार जताते हुए कहा कि इनको लोहरदगा लोकसभा की जिम्मेवारी देने से लोकसभा चुनाव की तैयारियों में बल मिलेगा।

# 15 को लगेगा प्रखंड स्वास्थ्य मेला

>> स्वास्थ्य सुविधाओं को जन जन तक पहुचाने के लिये प्रचार प्रसार जरूरी : प्रतिभा कुजूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** आगामी 15 सितंबर को प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में किया जाएगा। मेला को ले योजना समिति की बैठक बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बीडीओ प्रतिभा कुजूर की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय निगरानी कमिटी की बैठक में बीडीओ ने कहा कि आगामी 15 सितंबर को स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय सदर के प्रांगण में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मलेरिया, आंख, रक्त चाप जांच, टीबी, आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, एड्स, दंत चिकित्सा, कुष्ठ, दवा वितरण सहित सभी प्रकार की बीमारी जांच एवं परामर्श हेतु चिकित्सक को बैठने तथा अलग अलग समस्याओं का निदान के लिए 12 स्टॉल लगाया जायेगा। शिक्षा विभाग, बाल विकास, स्वास्थ्य सहिया, सेविका प्रखंड स्तर पर अपने अपने पोषक क्षेत्र में प्रचार प्रसार करेंगे।

सेवानिवृत्त बीइइओ को सादे समारोह में दी गयी भावपूर्ण विदाई

# सामाजिक कार्य करने के लिए कभी किसी पद की जरूरत नहीं : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विदाई समारोह में बीईईओ को उपहार प्रदान करते लोग।

**जारी।** सामाजिक कार्य करने के लिए किसी भी पद में रहने या न रहने की जरूरत नहीं होती। समाज सेवा करने के लिए लोगों में सकारात्मक सोच होनी चाहिए। सेवानिवृत्त बीईईओ ने अपने कार्यकाल में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। आगे भी आप इसी तरह आगे भी सकारात्मक सोच को रखे और सामाजिक कार्य करें। उक्त बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन गुप्ता ने बीईईओ अलमा सलोमी जोजो के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह में कही। साथ ही कर्मचारी एवं शिक्षकों ने भी भाव पूर्ण विदाई दी। विदाई समारोह पर शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके बाद शिक्षकों ने उनके कार्यकाल का वर्णन करते हुए प्रशासनिक कार्य शैली पर चर्चा करते हुए उसकी प्रशंसा की। बीडीओ सुमन गुप्ता ने कहा कि बीईओ अलमा सलोमी जोजो का कार्यकाल बहुत लंबा इस प्रखंड में नहीं रहा। लेकिन सहयोगात्मक रहा। शिक्षकों को हमेशा दायित्व का बोध कराने वाले अधिकारी थे।

**खास बातें :** सीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि जारी शिक्षक समुदाय आपके स्नेह को सदैव याद रखेगा। सेवानिवृत बीईओ अलमा सलामी जोजो ने कहा कि समाज को सही मार्ग पर ले जाने के जिम्मेवारी शिक्षकों की होती है और शिक्षकों को समय समय पर शिक्षक होने का बोध कराने वाला शिक्षा का अधिकारी होता है। उन्होंने कहा कि वह जारी से मिला प्यार एवं स्नेह हमेशा याद रखेंगे।

# हेल्थ वेलनेस परिसर में पौधरोपण के साथ बांटे गये कई औषधीय पौधे

>> कई रोगों का समुचित इलाज औषधीय पौधों से संभव : डॉ सीमा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भंडरा।** प्रखंड के भौरों पंचायत के बलसोता हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मे बुधवार को आयुष, स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंचायत ग्रामीणों के बीच औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ.सीमा कुमारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में विभाग की ओर से औषधीय पौधों को लगाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। जिला से प्राप्त पौधों को ग्रामीणों के बीच वितरण किया गया। इस दौरान दर्जनों लोगों को फलदार व कई औषधीय पौधे प्रदान किया गया।

वही स्थानीय मुखिया सुमंती तिग्गा व ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में ही दो दर्जन औषधीय पौधे रोपे। इसमें एलोवेरा, नीम, अरेंड, गिलोय, अश्वगंधा, हरजोर, तुलसी, आंवला, हरसिंगार, पत्थरचट्टा, हल्दी, अशोक आदि के पौधे शामिल है। मौके पर डॉ सीमा कुमारी ने उपस्थित ग्रामीणों को औषधीय पौधे की औषधीय गुणों की जानकारी दी। दावा किया कि इन औषधीय पौधों की डाल, छाल, पत्तियों, गुदा आदि से बीमारी दूर की जा सकती है। गंभीर रोगों की चपेट में आ रहे मरीजों का इलाज औषधीय पौधों से किया जायेगा। इस मौके पर सेविका, सहिया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## महिलाएं अपनी शक्ति व योग्यता को पहचानें : शालिनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कोडरमा प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन अंबाटांड में चाराडीह आजीविका महिला संकुल संगठन स्वलंबी सहकारी समिति लिमिटेड कलस्टर की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें पांच पंचायत डुमरडीहा, छतरबर, चाराडीह, बेकोबार उत्तरी व बेकोबार दक्षिणी के 18 गांव की 397 समूह से जुडी महिलाएं शामिल हुए। मौके पर जेएसएलपीएस द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे में कोडरमा प्रखंड के सामुदायिक समन्वयक राजकुमार चौधरी ने कहा कि 380 समूह को सीसीएल (क्रेडिट से लिंकेज) करा दिया गया है। वहीं महिलाएं अब समूह में 15 हजार से 75 हजार रुपया एक प्रतिशत मासिक ब्याज पर स्वरोजगार शुरू कर सकती है। जिसमें मुर्गी पालन, डेयरी, बकरी पालन, आचार निर्माण, मशरूम उत्पादन आदि शामिल है। महिलाओं को प्रशिक्षण के लिए बीओआई द्वारा संचालित आरसेटी में प्रशिक्षण भी दिलाया जाता है। वहीं ग्रामीण बैंक के सहायक मैनेजर सुमित कुमार ने केंद्र और राज्य संचालित योजना की जानकारी दी।

## लक्ष्य के अनुरूप शत् प्रतिशत राजस्व संग्रह का कार्य पूरा करेंगे : उपायुक्त




**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में राजस्व संग्रह को लेकर बैठक किया गया। बैठक में उपायुक्त ने उत्पाद, निबंधन, परिवहन, वन प्रादेशिक, वाणिज्य कर, भु-राजस्व, नगर परिषद, नगर पंचायत, खनन, कृषि बाजार समिति, सहकारिता अंकेक्षण, माप तौल, मत्स्य विभाग और विद्युत विभाग से राजस्व संग्रह की लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी ली। उन्होंने सभी विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य के अनुरूप शत् प्रतिशत राजस्व संग्रह का कार्य पूरा करेंगे। उन्होंने नगर पंचायत और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिए कि राजस्व संग्रह करने वाली एजेंसी का नियमित मॉनिटरिंग करें, साथ ही एजेंसी की कार्यशैली में सुधार लाने की बात कही। वहीं उन्होंने मत्स्य विभाग की राजस्व संग्रह की समीक्षा करते हुए तालाबों का बंदोबस्ती करने का निर्देश जिला मत्स्य पदाधिकारी को दिया।

## छात्रवृत्ति राशि की मांग को लेकर बीएड प्रशिक्षु पहुंचे डीसी कार्यालय



**कोडरमा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिलने की शिकायत को लेकर बुधवार को सैकड़ों की संख्या में बीएड प्रशिक्षु पहुंचे। वहीं बीएड प्रशिक्षुओं ने बताया कि हमलोगों को सत्र 21-22 से ही छात्रवृत्ति की राशि नहीं मिल रही है। जिसके कारण हमलोगों के पढ़ाई में काफी परेशानी हो रही है। इस बाबत बीएड प्रशिक्षुओं ने बताया कि अगस्त महीने में भी अधिकारियों से हमलोगों ने गुहार लगाया था। जिसके बाद हमलोगों को फंड नहीं होने का हवाला दिया गया। साथ ही बताया कि हमलोग राजधानी रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में पता लगाया तो जानकारी मिली की कोडरमा से छात्रवृत्ति के लिए डिमांड ही नहीं की गई है। बहरहाल कल्याण विभाग की लापरवाही को लेकर अलग-अलग कॉलेज के बीएड प्रशिक्षु समाहरणालय पहुंचे और उपायुक्त से छात्रवृत्ति की राशि निर्गत करने की गुहार लगाई। जिसको लेकर इन प्रशिक्षुओं ने लिखित आवेदन भी दिया। प्रशिक्षुओं ने बताया कि कल्याण विभाग की लापरवाही के कारण ऐसा हुआ है, जबकि राज्य के दूसरे जिलों में छात्रवृत्ति की राशि निर्गत की जा चुकी है।

## पीएम के जन्मदिन पर ग्राम पंचायत में शुरू होगा सेवा पखवाड़ा



**जयनगर (कोडरमा)।** स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में बुधवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ऑनलाइन आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इसी को लेकर बुधवार को परसाबाद के उप स्वास्थ्य केंद्र में गड़गी पंचायत की मुखिया फरीदा खातून के द्वारा फीता काटकर आयुष्मान भवः का शुभारंभ किया। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित अन्य लोगों के रोकथाम जन जागरूकता को लेकर आयुष्मान भवः कार्यक्रम की शुरुआत होगी। मौके पर ज्योति कुमारी, ज्योति किरण कुजूर, मनोज प्रियदर्शी, दीपा कुमारी, निर्मा देवी, चांदनी, रेखा, उमा देवी, अंजू देवी आदि मौजूद थे।

# करोड़ों की लागत से बने सदर अस्पताल में नहीं है डेंगू जांच की व्यवस्था : चन्दन



डीसी को मांग पत्र सौंपते सांसद प्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के लिए करोड़ों रुपये की लागत से बने और सुन्दरीकरण किये जा रहे सदर अस्पताल का उद्देश्य वाकई में लोगों को मृत्यु से बचाना है। लेकिन सुंदर बिल्डिंग बना देने से लोगों की जान बचना संभव नहीं है। वर्तमान समय मे गढ़वा जिला डेंगू जैसे महामारी से परेशान है। जबकि सदर अस्पताल में डेंगू की जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। जनता को सम्पूर्ण इलाज की गारंटी देने के लिए मेडोल जैसे पैथोलॉजी सेंटर को भी निविदा पर अस्पताल में जगह दिया गया है। लेकिन मेडोल के पास भी डेंगू जांच की व्यवस्था नहीं है। गढ़वा नगर पंचायत के सांसद प्रतिनिधि सह युवा भाजपा नेता चन्दन जायसवाल ने डीसी से मुलाकात कर इस समस्या के समाधान की मांग की। मांग पत्र में चन्दन ने कहा कि सदर अस्पताल में यथाशीघ्र डेंगू की जांच की व्यवस्था कराते हुए समुचित इलाज हेतु जागरूकता एवं सघन आबादी वाले क्षेत्रों में फॉगिंग की व्यवस्था करायी जाए। गढ़वा जिला अंतर्गत डेंगू के मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। करोड़ों रुपये की लागत से सदर अस्पताल गढ़वा की सुंदरीकरण का कार्य हो रहा है। परंतु अभी तक सदर अस्पताल में डेंगू की जांच के लिए एलाइजा टेस्ट की व्यवस्था नहीं है तथा संभावित मरीजों के सैंपल मेदिनीनगर, रिम्स रांची भेजा जा रहा है। विदित हो कि डेंगू के मरीजों का यथाशीघ्र पहचान कर समय पर समुचित ईलाज नहीं किया गया तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। दूसरी ओर गढ़वा एक ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण यहां बी०पी०एल० परिवारों की संख्या ज्यादा है एवं सुखाड़ के कारण इनकी आर्थिक स्थिति और भी दयनीय हो गई है। इन सब के बावजूद डेंगू के जांच के लिए प्राईवेट अस्पतालों (जाँच घर) पर निर्भर होने के लिए विवश हैं।

## बदहाल है करोड़ों की लागत से बने मयूरहंड स्वास्थ्य केंद्र

### ग्रामीण झोलाछाप डॉक्टर से इलाज कराने को मजबूर



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के मयूरहंड प्रखंड में सरकारी व्यवस्था की स्थिति काफी लचर है। सरकारी उदासीनता के कारण 58 हजार 926 की आबादी वाला क्षेत्र को समुचित स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल रहा। प्रखंड के लोग इलाज के लिए झोलाछाप डॉक्टरों या निजी अस्पतालों पर निर्भर है। यहां 5 जून 2020 को 50 बेड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ हुआ था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एएनएम के भरोसे है। जरूरी दवाइयों और डाक्टरों के अभाव में स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ टीकाकरण केन्द्र व गरीब गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने का माध्यम मात्र बन कर रह गए हैं। जिसे आंगनबाड़ी व सहिया दीदी के सहयोग से चलाने का प्रयास किया जाता है। जानकारी के अनुसार केंद्र में एक चिकित्सक अविनिष कुमार की नियुक्ति की गयी है।

**क्या कहते हैं यहां के ग्रामीण :** मयूरहंड प्रखंड के ग्रामीणों ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ एएनएम व एक प्राइवेट ड्रेसर के भरोसे है। एक चिकित्सक सप्ताह में कभी कभार आते हैं। संसाधनों के कमी के कारण यहां प्रसव कराना भी खतरे से खाली नहीं है। इसलिए कोई महिला यहां प्रसव के लिए नहीं आती। यहां के गरीब लोग झोलाछाप चिकित्सक के भरोसे जीते-मरते हैं। आर्थिक रूप से संपन्न लोग बीमार पड़ने पर बाहर जाकर इलाज कराते हैं। चिकित्कों व जरूरी दवाइयों के अभाव में यहां मरीजों का इलाज नहीं हो पाता है। विभाग की लचर व्यवस्था के कारण समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की योजना मयूरहंड में विभाग को मुंह चिढ़ा रही है।

### पानी दें हम, जमीन दें हम, प्रदूषित धुंआ ले हम और बिजली कटौती होगी हमारी

# यह कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डॉ.नीरा

## बिजली कटौती रोकने के लिए रांची मुख्य प्रबंध निदेशक से मिली डॉ.नीरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया व कोडरमा शहर में आए दिन से लोगों की बिजली कटौती समस्या आती रही है। नियमित जलापूर्ति नहीं होने से चार-पांच दिनों तक शहर में पानी की आपूर्ति नहीं हो पाती है, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी इसके पीछे मुख्यताः पीएचइडी फीडर में बिजली आपूर्ति की समस्या बताते हैं, जिसकी वजह से उनके पंप हाउस का मोटर चल नहीं पाता है। ऐसे में कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव विगत दिनों अधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति कोडरमा को एक पत्र के माध्यम से अवगत कराया और कहा पीएचइडी फीडर में निर्बाध बिजली आपूर्ति प्रत्येक दिन आवश्यक है। झुमरी तिलैया एवं कोडरमा नगर पंचायत के लोग जो सप्लाई पानी पर निर्भर है इसके अभाव में उनके रोजमर्रा की जिंद्गी प्रभावित होती है वह इस परेशानी से बच सके और उन्हें पीने का स्वच्छ पानी मिल सके। डॉ. नीरा यादव बिजली को सुव्यवस्थित करने के लिए फोन से एवं पत्र के माध्यम से लगातार प्रयास करती नजर आ रही हैं। बिजली कटौती से निजात पाने के लगातार प्रयास में एक कड़ी और जोड़ते हुए डॉ.नीरा यादव बुधवार को रांची स्थित झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक अविनाश कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि डैम से पानी दे हम, जमीन दे हम, प्रदूषित धुआं ले हम और फ्लाई ऐश डस्ट फांके हम और बिजली कटौती सहे हम, यह कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हमलोगों के सब्र का इम्तहान विभाग न ले। उन्होंने कहा जरूरत के हिसाब से बिजली आपूर्ति नहीं होने से नियमित पेयजलापूर्ति भी नहीं हो पाती है। पत्र के माध्यम से बताया जहां एक तरफ स्थानीय आमजन प्रदूषण युक्त वातावरण में जीवन यापन को विवश हैं, वहीं दूसरी ओर शुद्ध पेयजल एवं पावर कट से लोग त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने एक बहुत ही आवश्यक सीएसआर फंड की मांग भी किया। ज्ञात हो कि डीवीसी के प्रभावित क्षेत्रों में खुद के मद से क्षेत्रों में विकास का प्रावधान है, परन्तु विभाग इक्का दुक्का गांव भी सड़क नाली बना कर खाना पूर्ति करता है।

## उपायुक्त ने की राजस्व व आपदा की समीक्षा, दिशा-निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में राजस्व एवं आपदा की समीक्षा किया गया। बैठक में 30 दिनों एवं 90 दिनों से अधिक समय से लंबित दाखिल-खारिज मामले, डीएफसीसीआईएल से संबंधित लंबित दाखिल-खारिज मामले, एनएचएआई से संबंधित लंबित दाखिल-खारिज मामले, अवैध जमाबंदी नियमितिकरण रद्दीकरण के मामले में खोले गये अभिलेखों की स्थिति, अतिक्रमण के मामले में खोले गये वादों, अभिलेखो की स्थिति, ई-कोर्ट की अद्यतन स्थिति, भूमि सीमांकन, भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र निर्गत, जमाबंदी सुधार से संबंधित मामले और विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत (जाति आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र इत्यादि) की समीक्षा किया गया। साथ ही विभिन्न विभागों को हस्तांतरित की जाने वाली भूमि संबंधी मामले (सोलर पावर (प्लॉन्ट), आपदा से संबंधित सभी मामलों की भी समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा करते हुए सभी सीओ को निर्देश दिए कि बिना किसी वैद्य कारण से आवेदनों को रिजेक्ट न करें। आमजनों को कार्यालय का बार-बार चक्कर न कटाना पढ़ें, उनके समस्याओं और त्रुटियों का समाधान करते हुए दाखिल खारिज करेंगे। उपायुक्त द्वारा डीएफसीसीआईएल, एनएचएआई और भु-अर्जन से संबंधित समीक्षा किया गया। वहीं उन्होंने मुआवजा से लंबित मामलों पर अविलंब भुगतान की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिस परियोजना का अधिसूचना का प्रकाशन किया जाना है, उसे अविलंब करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एसी अनिल कुमार, एनएचएआई प्रतिनिधि, सभी सीओ आदि मौजूद थे।

# 11 सूत्री मांग को लेकर दुर्गा सोरेन सेना ने निकाली रैली

## प्रखंड और अंचल कार्यालय में लगाम लगाने का लगाया नारा



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** दुर्गा सोरेन सेना के बैनर तले बुधवार को 11 सूत्री मांगों को लेकर सिमरिया अनुमंडल में दुर्गा सोरेन सेना के हजारों कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने रैली और प्रदर्शन किया। रैली आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह के घर से सिमरिया सुभाष चौक के विभिन्न मार्गो से होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु एवं संचालन संतोष नायक ने किया। रैली में कार्यकर्ता और पदाधिकारी हजारों की संख्या में जूटे थे। सभी ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन जिंदाबाद सीता सोरेन जिंदाबाद राजश्री सोरेन जिंदाबाद जय श्री सोरेन जिंदाबाद के नारा लगाते हुए सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित करो सिमरिया अनुमंडल में प्रखंड, अंचल कार्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाओ के नारे के साथ सिमरिया अनुमंडल कार्यालय पहुंचे।कार्यक्रम में केंद्रीय प्रवक्ता राज किशोर कमल ने कहा कि दुर्गा सोरेन सेना एक सामाजिक संगठन है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक हम लोग पहुंचने का काम करेंगे। आज जो भ्रष्टाचार चरम पर है उस पर यदि लगाम नहीं लगाया गया तो आने वाले दिनों में चतरा मुख्यालय से लेकर रांची की सड़कों पर हम लोग आंदोलन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि भी अपना वक्तव्य रखें। आगे जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझु ने कहा कि हम तमाम साथी एक हैं गरीबों पर अत्याचार हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। गरीबों को इंदिरा आवास वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मिलना चाहिए। मौके पर उपस्थित संतोष नायक ने कहा कि पूरे टंडवा कोलांचल में अगर स्थानीय आदमी को कंपनी द्वारा नहीं रखा गया तो हम लोग पूरे कोलांचल में भी आंदोलन करेंगे। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह केंद्रीय कार्यालय प्रभारी संगठन सचिव सुभाष सिंह आंदोलनकारी नेता कैलाश सिंह केंद्रीय सचिव मनोज राणा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश राम केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश सिंह पांडे महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीमा कुजूर महासचिव गौरी देवी इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष राजू ठाकुर इटखोरी प्रखंड सचिव जयकुमार प्रसाद रजक मयुरंडध प्रखंड सचीव दिनेश यादव जिला उपाध्यक्ष सुगन साव सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर यादव सिमरिया प्रखंड सचिव अशोक साहू नगर अध्यक्ष डब्ल्यू सोनी पुष्पा देवी शुकर मुनी पुष्पा देवी टंडवा प्रखंड अध्यक्ष मिश्रा पासवान योगेश्वर भोक्ता मधु लता देवी सहित हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एक नजर में

## किसानों को दी जा रही है बकरी पालन वैज्ञानिक प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में शामिल किसान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कृषि विज्ञान केंद्र गढ़वा में बकरी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। बकरी पालन में किसानों को वैज्ञानिक तरीके से कैसे बकरी पालन किया जाए इसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी जा रही है। कृषि विज्ञान केंद्र की पशुपालन वैज्ञानिक डॉक्टर सुषमा ललिता बाखला ने बताया कि आज बकरी पालन वैज्ञानिक तरीके से करने की जरूरत है पहले की बकरी पालन और अभी के बकरी पालन में काफी अंतर है आज जब हम जलवायु परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं मनुष्य के रहन-सहन में बदलाव के साथ-साथ पशुपालन में भी वैज्ञानिक तरीके से बदलाव लाने की जरूरत है उसके नस्ल का सही चुनाव कर उसके आवास व्यवस्था रख-रखाव पर विशेष रूप से ध्यान दें साथ ही साथ उसके खान-पान एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। बकरी पालन से संबंधित डॉक्टर बाखला ने बताया की गढ़वा के लिए ब्लैक बंगाल नस्ल का बकरी पालन करना व्यावसायिक तौर पर उपयुक्त है। इसमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता अधिक होती है साथ ही साथ गढ़वा में इसका मार्केट भी अच्छा है। बकरी की आवास व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए उनके के लिए बांस के घर बनाकर सर्दी, फड़किया जैसे बीमारियों से बचाया जा सकता है। उन्हें सही समय पर पीपीआर बीमारी, एफएमडी, फड़किया आदि का टीकाकरण कर बकरियों को बचाकर इस व्यवसाय से लाभ कमाया जा सकता है। इस प्रशिक्षण में एस आर एफ नवलेश कुमार, कृष्ण चौबे, राकेश चौबे, सियाराम पांडे, अनिल बिंद ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 40 किसान प्रशिक्षण ले रहे हैं। किसान नगर उतरी, छतरपुर, गढ़वा, मेराल, मझिओंव से प्रतिभागी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती की हुई गोद भराई



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** जिले के विभिन्न प्रखड़ों में बाल विकास परियोजना अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को सिमरिया प्रखंड के एदला भाग एक आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में गर्भवती महिलाओं को गोद भराई कराई गई। उन्हें पौष्टिक आहार से भरा बास्केट सौंपा गया और पोषण के प्रति जागरूक किया गया। पोषण माह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत की मुखिया शकुंतला देवी उपस्थित हुई। यह कार्यक्रम एदला भाग 1 की सेविका रुमिला कच्छप, भाग 2 की सिविका पद्मिनी देवी और भाग 3 की सेविका अनीता सुमन के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।सीडीपीओ रीना साहू कहा कि इन दिनों राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। जिसमें 1 से 30 सितंबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को शामिल किया जा रहा है। उनमें गर्भवती महिलाओं को गोद भराई, बच्चों की वृद्धि निगरानी, अन्नप्राशन, कुपोषण मुक्त अभियान, मेहंदी रश्म, बच्चों के बीच हेल्दी बेबी शो, नियुट्रेशन गार्डन, रंगोली आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को पोषण, संतुलित आहार सहित स्वास्थ्य और स्वच्छता के संदर्भ में जागरूक कराना है। कार्यक्रम में विशेष कर 11 से 14 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें पोषण के बारे में बताया गया।

## विधान सभा की सदाचार समिति का हुआ चतरा आगमन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखण्ड विधान सभा की सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में चतरा परिसदन भवन सभा कक्ष में जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह के चतरा परिसदन आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने पौधा व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, सभी तकनीकी विभागों समेत अन्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। अनुकंपा के आधार पर नौकरी, पेंशन, परिवार पेंशन के विषयों पर जानकारी ली गई और लंबित मामले को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ साथ कई विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी चतरा सलमान जफर खिजरी द्वारा जानकारी दी गई कि सरना-मसना, कब्रिस्तान घेराबंदी, प्रीमैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति समेत अन्य योजनाएं संचालित है जिसमें कब्रिस्तान घेराबंदी सरना-मसना घेराबंदी के कार्य किए जा रहे है। वहीं प्रीमैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से योग्य छात्र/छात्राओं को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है।

# जन-जन के संवाद के साथ दुनिया की सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी

**रमेश सर्राफ धमोरा**




**भारत** की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा, जो हिंदी भाषा के महत्व को दशार्ता है।

किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी है। अतः हम कह सकते है कि हिन्दी एक समृद्ध भाषा है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था।

यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है, जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है।

हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन, समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृभाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है।

हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है, लेकिन हिन्दी भाषी समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है, यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है।

हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करने का अभिनव कार्य किया है, लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं, जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है।

अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना या लिखना या पढ़ना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सूरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारें तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है।

बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।

राष्ट्रीय हिंदी दिवस प्रतिवर्ष 14 सितंबर को मनाया जाता है, जो मुख्य रूप से भारत में हिंदी भाषा की मान्यता पर केंद्रित है।

10 जनवरी, 1975 को नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन की वर्षगाँठ मनाने के संदर्भ में पहली बार यह दिवस वर्ष 2006 में मनाया गया था।

यह उस दिन को चिह्नित करता है जब वर्ष 1949 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहली बार हिंदी बोली गई थी। यह विश्व के विभिन्न हिस्सों में स्थित भारतीय दूतावासों द्वारा भी मनाया जाता है।

वर्ष 2018 में मॉरीशस के पोर्ट लुइस में विश्व हिंदी सचिवालय भवन का उद्घाटन किया गया।

महत्त्वः

इस दिवस का उद्देश्य भारतीय भाषा के बारे में जागरूकता पैदा करना और इसे विश्व भर में वैश्विक भाषा के रूप में प्रचारित करना है। इसे भारतीय भाषा के प्रयोग के बारे में जागरूकता फैलाने और हिंदी भाषा के उपयोग एवं प्रचार से संबद्ध मुद्दों के बारे में जागरूक करने के लिये भी प्रयुक्त किया जाता है।

राष्ट्रीय हिंदी दिवसः

वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा द्वारा आधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को अपनाए जाने वाले दिन को चिह्नित करने के लिये भारत में हर साल 14 सितंबर को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है।

काका कालेलकर, मैथिली शरण गुप्त, हजारी प्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविंददास ने हिन्दी को राजभाषा बनाए जाने के क्रम में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

हिन्दी आठवीं अनुसूची की भाषा भी है।

अनुच्छेद 351 'हिंदी भाषा के विकास के लिये निर्देश' से संबंधित है।

हिंदी के संवर्द्धन हेतु सरकार के प्रयासः

वर्ष 1960 में भारत सरकार द्वारा शिक्षा मंत्रालय के अधीन केंद्रीय हिंदी निदेशालय की स्थापना की गई थी।

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने विदेशों में विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों/संस्थानों में 'हिंदी पीठ' की स्थापना की है।

लीला-राजभाषा हिंदी सीखने के लिये एक मल्टीमीडिया आधारित बुद्धिमान स्व-ट्यूटरिंग एप्लिकेशन है।

ई-सरल हिंदी वाक्य कोष और ई-महाशब्दकोश मोबाइल ऐप, राजभाषा विभाग की दोनों पहलों का उद्देश्य हिंदी के विकास के लिये सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है।

राजभाषा गौरव पुरस्कार और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार हिंदी में योगदान को मान्यता देते हैं।

हिंदी भाषा

हिंदी भाषा को अपना नाम फारसी शब्द ह्यहिंदह्ण से प्राप्त हुआ है, जिसका अर्थ है 'सिंधु नदी की भूमि'। 11वीं शताब्दी की शुरूआत में तुर्की के आक्रमणकारियों ने सिंधु नदी के आसपास के क्षेत्र की भाषा को हिंदी यानी 'सिंधु नदी की भूमि की भाषा' नाम दिया।

यह भारत की राजभाषा है, अंग्रेजी दूसरी अन्य राजभाषा है।

भारत के बाहर कुछ देशों में भी हिंदी बोली जाती है, जैसे मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल में।

हिन्दी अपने वर्तमान स्वरूप में विभिन्न अवस्थाओं के माध्यम से उभरी है जिसके दौरान इसे अन्य नामों से जाना जाता था। पुरानी हिंदी का सबसे प्रारंभिक रूप अपभ्रंश था। 400 ईस्वी में कालिदास ने अपभ्रंश में विक्रमोर्वशियम नामक एक रोमांटिक नाटक लिखा।

आधुनिक देवनागरी लिपि 11वीं शताब्दी में अस्तित्त्व में आई।

# हिंदी दिवस से जुड़े कुछ सवाल जो आपको जानना चाहिए

**प्रश्न- हिंदी दिवस का महत्व क्या है?**

उत्तरः हिंदी दिवस का महत्व है कि हिंदी भाषा को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए, ताकि इसका और उत्थान हो सके।

**प्रश्न- हिंदी दिवस 14 सितम्बर को ही क्यों मनाया जाता है?**

उत्तरः 14 सितंबर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा हिंदी को राजभाषा के रूप में दर्जा दिया गया था और राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की सिफारिश के बाद ही 14 सितंबर सन् 1953 से हिंदी दिवस मनाया जाने लगा। इसीलिये हर साल हिंदी दिवस 14 सितंबर को ही मनाया जाता है।

**प्रश्न- राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?**

उत्तरः राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है जो हिंदी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में घोषित करता है।

**प्रश्न- हिंदी दिवस कब मनाया जाता है और क्यों?**

उत्तरः हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है क्योंकि इस दिन हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया था।

**प्रश्न- हिंदी दिवस की शुरूआत कैसे हुई?**

उत्तरः 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अंग्रेजी के साथ राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार किया। बाद में जवाहरलाल नेहरू सरकार ने इस ऐतिहासिक दिन के महत्व को देखते हुए हर साल 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।

**प्रश्न- हिंदी को राजभाषा का दर्जा कब मिला?**

उत्तरः संविधान सभा ने लम्बी चर्चा के बाद 14 सितम्बर सन् 1949 को हिन्दी को भारत की राजभाषा स्वीकारा गया। इसके बाद संविधान में अनुच्छेद 343 से 351 तक राजभाषा के सम्बन्ध में व्यवस्था की गयी। इसकी स्मृति को ताजा रखने के लिये 14 सितम्बर का दिन प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**प्रश्न- राजभाषा दिवस मनाने की शुरूआत कब से हुई?**

उत्तरः 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अंग्रेजी के साथ राष्ट्र की आधिकारिक भाषा यानी राजभाषा के तौर पर स्वीकार किया।

**प्रश्न- हिंदी दिवस किसकी याद में मनाया नेहरू जी का कथन**

पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संविधान सभा में 13 सितम्बर, 1949 के दिन बहस में भाग लेते हुए तीन प्रमुख बातें कही थीं-

किसी विदेशी भाषा से कोई राष्ट्र महान् नहीं हो सकता।

कोई भी विदेशी भाषा आम लोगों की भाषा नहीं हो सकती।

भारत के हित में, भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के हित में, ऐसा राष्ट्र बनाने के हित में जो अपनी आत्मा को पहचाने, जिसे आत्मविश्वास हो, जो संसार के साथ सहयोग कर सके, हमें हिन्दी को अपनाना चाहिए।

**भाषा विषयक बहस**

जवाहरलाल नेहरू की बहस 12 सितम्बर, 1949 को चार बजे दोपहर में शुरू हुई और 14 सितंबर, 1949 के दिन समाप्त हुई। 14 सितम्बर की शाम बहस के समापन के बाद भाषा संबंधी संविधान का तत्कालीन भाग '14 क' और वर्तमान भाग 17, संविधान का भाग बन गया।

**प्रश्न- 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को किसका दर्जा मिला था?**

उत्तरः 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा मिला था।

**प्रश्न- भारत की राष्ट्र भाषा कौन सी है?**

उत्तरः भारत की राष्ट्र भाषा कोई भी नहीं। हिंदी भी भारत की राष्ट्र भाषा नहीं, बल्कि ह्यआधिकारिकह्ण और ह्यराज भाषाह्ण है, जिसे 14 सितंबर, सन् 1949 को भारतीय संविधान से संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।

# हिन्दी में निहित शक्ति और सामर्थ्य



**डॉ हराधन कोईरी**

जिस प्रकार गंगा सभी नदियों की जल धारा को साथ लेकर समुद्र में जा मिलती हैं ,ठीक उसी प्रकार सभी भारतीय भाषाओं को साथ लेकर चलने वाली हिन्दी है। हिन्दी का विकास अर्थात सम्पूर्ण भारतीय भाषा का विकास है। इस बात की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए भारतेन्दु हरिश्चंद्र कहते हैं-- निज भाषा उन्नति अहै,सब उन्नति को मूल।

बिन निज भाषा ज्ञान कै,मिटत न हिय को सूल ।₹ 14 सितम्बर के आते ही संस्थानों में हिन्दी दिवस मनाना आरंभ हो जाता है और 30 सितम्बर तक चलता रहता है।इस अवसर पर हिन्दी की शक्ति और सामर्थ्य पर खूब बातचीत होती है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर बड़ी- बड़ी घोषणाएँ भी की जाती हैं ,परन्तु हकीकत में केवल ठेंगा मिलता है ।आजादी के इतने वर्षों बाद भी हिन्दी को जो स्थान मिलनी चाहिए थी वह नहीं मिल पायी है। इसके पीछे भाषायी राजनीति है।

हिन्दी अभिमन्यु की भाँति डटे रहने वाली भाषा है। भारत वर्ष पर जब विदेशी शासकों ने राज करना आरंभ किया तो वे यहाँ की भाषा संस्कृति को मिटाने व अपनी भाषा- संस्कृति को थोपने का प्रयास भी किया गया ।कुछ हद तक सफल भी हुए, जिसका दंश अभी भी झेल रहे हैं।।यह एक कटु सत्य है।

भारतीय लोगों की विडम्बना है कि हिन्दी के बल पर मान-सम्मान और अर्थ अर्जित तो करेंगे।लेकिन सार्वजनिक मंचों पर हिन्दी बोलना से कतरायेंगे भी । इसका सबसे बड़ा उदाहरण हिन्दी का सिनेमा जगत है।

वर्तमान समय में हिन्दी के विकास में सबसे बड़ी भूमिका रही हैं- गीताप्रेस, गोरखपुर। वहाँ से प्रकाशित सभी हिन्दी की पुस्तकें त्रुटि रहित होती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण ' कल्याण ' पत्रिका है।भारतीय संस्कृतिक और संस्कार के संरक्षण में हिन्दी भाषा की भूमिका अविस्मरणीय है। साथ -ही सनातन साहित्य को जनप्रिय बनाने में भी हिन्दी की विशेष भूमिका रही है।हिन्दी भाषा में कुछ ऐसे भी कवि हुए हैं,जो अपनी रचनात्मक प्रतिभा से हिन्दी को अमरत्व प्रदान किये हैं।उनमें सबसे पहला नाम गोस्वामी तुलसीदास का आता है।इस संबंध में आचार्य चतुर्थ शास्त्री का यह कथन सौलह आना सच लगता है --₹ काल पाकर भाषाएँ टूट- फूट कर विकृत हो जाया करती है,पर जब कभी हिन्दी पर यह संकट आयेगा तो तुलसी की भाषा उसे अखंडित रखने में बहुत सहायक होगी ।₹ हिन्दी के दो ऐसे रचनाकार हैं ,जिन्हें पूरा विश्व जानता हैऔर वह हैं-- तुलसी और प्रेमचंद।

हिन्दी भाषा में संस्कार,संयम और सौहार्द है।इसमें अपनापन के भाव हैं।भारत में दस हिन्दी भाषी राज्य हैं ।उन दस हिन्दी भाषी राज्यों में कम से कम हिन्दी पूरी तरह से लागू हो जाती तो इसका स्वरूप और कुछ होता ।

जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के विकास में हिन्दी की बड़ी भूमिका है । यदि हम झारखण्ड में मान्यताप्राप्त नौ जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा के विकास की बात करे तो हम पायेंगे कि इन नौ भाषाओं के विकास में हिन्दी की भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी कहा करते थे,अगर हम भारत को राष्ट्र बनाना चाहते हैं,तो हिन्दी ही हमारी राष्ट्रभाषा हो सकती है।परन्तु स्थिति हम सब के समाने है। हमें ₹ एक राष्ट्र, एक भाषा ₹ लेना होगा।

हिन्दी आज जिस मुकाम पर है उसमें उसकी निजी शक्ति और सामर्थ्य के कारण है।किसी की सहानुभूति नहीं है।बल्कि हिन्दी और हिन्दीयत को कमजोर करने का साजिश चल रही है।

हिन्दी में एक ओर मीरा की भक्ति है,तो दूसरी ओर रहीम की नीति । वहीं हिन्दी में कृष्ण की मुरली का सुमधुर स्वर है,तो अर्जुन की गांडीव का विभीषण टंकार भी। इस हिन्दी रुपी उपवन की रक्षा के लिए सहस्त्र सैनिक रुपी रचनाकार प्रतिबद्ध हैं।आजादी की लड़ाई के समय भी एक राष्ट्र एक भाषा की भी मांग उठती रहती थी। कई नेताओं ने हिन्दी को देश की संपर्क भाषा बनने के काबिल माना क्योंकि पूरे उत्तर भारत के अलावा पश्चिम भारत के ज्यादातर राज्यों में भी हिन्दी भाषा को ही बोला और समझा जाता था।

आजादी के तुरंत बाद ही हिन्दी को देश की राजभाषा घोषित नहीं किया गया था। संविधान के अनुच्छेद 351 के तहत हिन्दी को अभिव्यक्ति के सभी माध्यमों के रूप में विकसित और प्रचारित करने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है।

(सहायक प्राध्यापक , स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग गोस्सनर कॉलेज,राँची)

# संसप्तक थिएटर ग्रुप ने शानदार प्रदर्शन के तीन दशक पूरे किए!



**परोमा भट्टाचार्य**

**दुनिया** के सांस्कृतिक परिदृश्य के समृद्ध क्षेत्र में, थिएटर और प्रदर्शन कलाएं एक अलग स्थान रखती हैं, जो लाइव प्रदर्शन के माध्यम से कहानियों और भावनाओं को बुनती हैं। थिएटर समूहों के बीच, संसप्तक थिएटर ग्रुप नवीनता, रचनात्मकता और उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में चमक रहा है।

संसप्तक, वर्ष 1992 में स्थापित, एक अग्रणी समूह है जो पूरी तरह से थिएटर के लिए समर्पित है। समूह का नाम महाभारत से लिया गया है जिसका अर्थ है 'अदम्य सैनिक'। सभी नाटक संसप्तक के गुरु और बहुमुखी नाटककार, लेखक और निर्देशक, श्री तड़ित मित्रा द्वारा लिखे गए हैं। तड़ित मित्रा और श्रीमती रूमा बोस (पूर्व अध्यक्ष और थिएटर एक्टिविस्ट) के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संसप्तक ने कई प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय त्योहारों में भाग लिया है, जैसे भारत रंग महोत्सव, लीजेंड्स ऑफ इंडिया, दिल्ली इंटरनेशनल आर्ट्स फेस्टिवल, भारतेंदु नाट्य उत्सव, जेएनयू के रंग बयार, बेतला महोत्सव, रवीन्द्र अकादमी (ढाका), चतुर्मात्रिक स्मारक उत्सव (चटगांव), मिनर्वा नेशनल थिएटर फेस्टिवल, काला घोड़ा कला महोत्सव, और भी बहुत कुछ।

थिएटर के अलावा, उन्होंने स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए सेमिनार, टॉक शो, व्याख्यान- प्रदर्शन, मनोवैज्ञानिक-शारीरिक नाटक और अभिनेता प्रशिक्षण कार्यशालाओं के साथ-साथ पंचम वैदिक, एलिगेंस ऑफ इबसेन, एम्प्टी स्पेस, वसुंधरा, माइमेसिस और कुछ अन्य जैसे थिएटर फेस्टिवल का भी आयोजन किया। यह समूह थिएटर और इसकी संभावनाओं को फिर से परिभाषित करने की सामान्य इच्छा से प्रेरित भावुक व्यक्तियों के एक समूह के रूप में उभरा है। परंपरा को आधुनिकता के साथ मिश्रित करने की दृष्टि के साथ, समूह ने अनछुए रास्तों का पता लगाने, परंपराओं को चुनौती देने और ऐसे अनुभव बनाने की यात्रा शुरू की, जो पीढ़ियों के दर्शकों के साथ गूंजेंगे।

संसप्तक थिएटर ग्रुप के उत्कृष्ट योगदानों में से एक विषयों के व्यापक थीम की निडर खोज है। क्लासिक्स से लेकर समसामयिक मुद्दों तक, समूह ने निडर होकर उन विषयों पर विचार किया है जो मानवीय अनुभव को उसकी सभी जटिलताओं में दशार्ते हैं। उनके प्रदर्शनों की सूची में सामाजिक, राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक विषय शामिल हैं, जिनमें से सभी को कलात्मक कुशलता के साथ जीवंत किया गया है जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देता है और चिंतन को प्रेरित करता है।

नवाचार संसप्तक की पहचान के केंद्र में है। समूह ने प्रौद्योगिकी, मल्टीमीडिया और अंतःविषय कला रूपों को अपनी प्रस्तुतियों में एकीकृत करके पारंपरिक थिएटर की सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाया है। दृश्य कला, संगीत, नृत्य और डिजिटल तत्वों को सहजता से मिलाने की उनकी क्षमता ने गहन और विचारोत्तेजक प्रदर्शनों का निर्माण किया है, जो पर्दे बंद होने के बाद भी दर्शकों के दिमाग में लंबे समय तक बने रहते हैं।

लगातार विकसित हो रही दुनिया में, समूह थिएटर, प्रदर्शन कला की स्थायी शक्ति के प्रमाण के रूप में खड़ा है। सीमाओं को आगे बढ़ाने, नई संभावनाओं की खोज करने और समुदाय के साथ जुड़ने की उनकी प्रतिबद्धता ने कला की दुनिया में एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उनकी विरासत को मजबूत किया है। जैसे ही हम उनके योगदान का जश्न मनाते हैं, हमें याद दिलाया जाता है कि मंच अनंत संभावनाओं का एक कैनवास है, और संसप्तक थिएटर ग्रुप इसे नवीनता, रचनात्मकता और जुनून के रंगों से रंगना जारी रखता है।



# हिंदी हमारी अधिकारिक राष्ट्र भाषा है

तारीख 14 सितंबर स1949 को बनी राष्ट्र की आधिकारिक भाषा 6 दिसंबर 1946 को आजाद भारत का संविधान तैयार करने के लिए संविधान सभा का गठन हुआ था। सच्चिदानंद सिन्हा को संविधान सभा का अंतरिम अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को इसका अध्यक्ष चुना गया और उस समय संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। भारत के संविधान में बहुत से अलग-अलग नियम-कानून के अलावा नए राष्ट्र की आधिकारिक भाषा का मुद्दा भी उतना ही अहम था।

## 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अंग्रेजी के साथ राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार कर लिया

क्योंकि भारत में सैकड़ों तरह की भाषाएं और हजारों प्रकार की बोलियां थीं। बहुत सोच-विचार करने के बाद हिन्दी और अंग्रेजी इन दो भाषाओं को नए राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के रूप में चुना गया। इसके बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अंग्रेजी के साथ राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार कर लिया और पंडित जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने इस ऐतिहासिक दिन के महत्व को देखते हुए हर साल 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

## पहला आधिकारिक हिन्दी दिवस 14 सितंबर सन 1953 को मनाया गया था।

हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे देश में हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसके साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों से भी अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करने की अपील की जाती है। हिंदी जगत से जुड़े हुए लोगों को इस दिन प्रेरित करने के लिए हिंदी भाषा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाता है। इस दिन कई तरह के साहित्यिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं, जैसे- हिंदी कहानी प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, हिंदी कवि सम्मेलन, हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि। हिंदी दिवस जैसे खास मौके पर देश के राष्ट्रपति उन सभी लोगों का भी सम्मान करते हैं जिन्होंने हिंदी भाषा के किसी भी क्षेत्र में कोई उपलब्धि हासिल की हो।

## हिंदी दिवस का महत्व

देश को आजादी मिलने के कुछ साल बाद भारत की नई सरकार भारत में रहने वाले असंख्य भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक समूह के लोगों को एक साथ मिलाने की कोशिश कर रही थी। क्योंकि तब देश की कोई भी राष्ट्र भाषा नहीं थी, इसलिए प्रशासन द्वारा यह तय किया गया कि हिंदी हमारे देश की राष्ट्र भाषा बन सकती है। यह उस समय एक सरल और बेहतरीन समाधान साबित हुआ। हिंदी दिवस के दिन को कई स्कूल, कॉलेज और कार्यालय पूरे उत्साह के साथ मनाते हैं। इस दिन कई लोग हिंदी भाषा और इसके महत्व के बारे में बात करने के लिए आगे आते हैं।

# 209 क्विंटल अनाज का डीलर ने किया घोटाला, एमओ ने जिला को भेजी रिपोर्ट

पांच लाख से अधिक राशि रिकवर और केस दर्ज करने की अनुशंसा की

एमओ ने पीडीएस दुकान में लगाया ताला, डीलर को किया गया निलंबित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी के डीलरों की कालाबाजरी के मामले अब खुल कर सामने आने लगे हैं। जिसका खुलासा कंडसार के डीलर संजय सिह के दुकान के निरीक्षण के बाद सामने आया । इस बाबत प्रखंड आपूर्ति पदधिकारी शौकत सरवर ने 209 क्विंटल अनाज गबन करने की बात करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित जानकारी दी है। जिसमें कहा गया है कि करीब पांच लाख से अधिक का गबन किया गया है। एमओ ने डीलर के निलंबित करते हुए राशि रिकवरी और केस दर्ज करने की अनुशंसा की है। इससे पहले उन्होंने बाझा पंचायत के उरीदीरी गांव के डीलर कुलवेंदर सिह पर भी राशि रिकवरी करने और केश दर्ज करने की अनुशंसा की है।

जानकारी के अनुसार डीलर उपभोक्ता से अंगुठा लगवाकर



अनाज का आवंटन दिखा देता है। लाभूकों को डीलर द्वारा यह बोला जाता है की नेटवर्क फेल रहने के कारण अंगुठा नही लगा अब फिर आगे माह आकर अंगुठा लगा लेगें। ऐसे ही करके डीलरों ने गरीबों के 888 क्विंटल अनाज का कालाबाजारी कर दिया। जिसका खुलासा अब जांच के दौरान हो रहा है। लाभुक कार्डधारियों ने एमओ को आवेदन देकर डीलर पर कार्रवाई की मांग करते हुए नामित कार्डधारियों की सूची दूसरे डीलर को उपलब्ध कर राशन दिलवाने की मांग की है। बताया जाता है कि विभाग द्वारा डीलर संजय सिंह को पूर्व मे भी ब्लैक लिस्टेड किया गया था। डीलर पर बिरहोरों के राशन हड़पने का भी आरोप है जिसपर उन्हें निलंबित किया गया था।

**क्या कहते हैं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी**

इस मामले पर प्रखंड आपूर्ति पदधिकारी शौकत अनवर ने कहा कि डीलर संजय सिह के दुकान के लाइसेंस को किया जायेगा निलंबित। लाभुकों के करीब 209 क्विंटल अनाज का किया जायेगा रिकवरी। साथ ही डीलर के खिलाफ केश दर्ज किया जायेगा। इसी प्रकार बाझा पंचायत के उरीदीरी गांव के डीलर कुलवेंदर सिह द्वारा पांच माह से अनाज नही देने मामले मे उन्हें निलंबित करते हुए राशि रिकवर करने का आदेश जारी किया गया है। निर्धारित समय के अंदर राशि का रिकवरी नही किया गया तो केश दर्ज करते हुए दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा।

## वर्षों बाद जनता का सपना पूरा, चंद्रपुरा-बोकारो रोड का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बोकारो के चन्द्रपुरा प्रखण्ड अंतर्गत चंद्रपुरा बोकारो संपर्क पथ मिडलिंग के पास सड़क कार्य हुआ पूरा होने पर आज विधिवत बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया । साथ मे चन्द्रपुरा के लिए इस शुभ घड़ी में प्रखण्ड के प्रमुख चांदनी परवीन , कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु दयाल सिंह कांग्रेस नेता मंटू महथा के साथ साथ भरी संख्या में लोग मौजूद थे । ज्ञात हो कि चंद्रपुरा, बोकारो संपर्क पथ काफी पहले बन कर तैयार हो चुका था पर मिडलिंग रेलवे साइडिंग यार्ड में रोड नही बन पाई थी। रेलवे की एन ओ सी की प्रॉब्लम को लेकर। जिससे आम लोगो को काफी फजीहत करना पड़ा। लगभग तीन वर्ष तब बेरमो विधायक के अथक प्रयास करने पर भी रेल डी आर एम उक्त रोड का परमिशन नही दिया और बताया कि आप लोग बगल से रोड बना लिजिए। उसके बाद उक्त पुरानी रोड को छोड़कर बगल से रोड बनाई गई डी एम एफ टी फंड से । जिसका उद्घाटन बेरमो विधायक अनूप सिंह द्वारा किया गया और लोगो को भी धूल गुबार और बड़ी बड़ी गढ्ढे वाली रास्ता से निजात मिला । वहीं दुगदा क्षेत्र में अन्य तीन और योजनाओं का शिलान्यास बेरमो विधायक द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक अनूप ने कहा कि बोकारो और चन्द्रपुरा को जोड़ने वाली सम्पर्क पथ आज पूरी तरह जुड़ गया है जिसे चन्द्रपुरा प्रखण्ड के ग्रामीणों का इसका लाभ होगा। दुग्दा पूर्वी पंचायत के अंतर्गत पूर्वी पंचायत भवन के आगे हैल्थ सेंटर का निर्माण । दुग्दा पूर्वी पंचायत के अंतर्गत बेड़ा जेहरा स्थल का चाहरदिवारी एवं मांझीथान का निर्माण। करमाटांड़ पंचायत के अंतर्गत बुढीडीह मिडलिंग साइडिंग मेन रोड तक पीसीसी पथ का निर्माण का शुभ उद्घाटन हुआ।

## अंडर 17 बालक वॉलीबॉल टीम को जिला में पहला स्थान


**कटकमसांडी।** खेलों झारखंड अंतर्गत खेलें जा रहे प्रतियोगिता में कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय पबरा के अंडर 17 बालक वॉलीबॉल टीम ने खेलों झारखंड में कटकमसांडी प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिससे वालीबॉल प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक टीम ने खोलों झारखंड में जिले स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। और अब हजारीबाग जिले से अंडर 17 बालक वॉलीबॉल टीम में राज्य स्तर पर होने वाले खेलों झारखंड



में मेजबानी करेगा। जिससे लेकर कटकमसांडी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागदेव यादव ने अंडर 17 बालक वॉलीबॉल टीम और शारीरिक शिक्षक संजू कुमारी को बधाई दिया है। वही राज्य स्तर पर अंडर 17 बालक वॉलीबॉल टीम के सभी शिक्षकों को बधाई देने वाले में कटकमसाडी प्रमुख संगीता देवी, उप प्रमुख ममता देवी, सहायक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष चंदन मेहता, कटकमसाडी सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय पांडेय, कटकमसाडी अजप्ता शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद रंजन, पंचायत के मुखिया सोनी देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सरयू राम, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनय राम, रामजीवन मेहता, कार्तिक राम जीवन राम, विकास कुमार दास, रंजीत कुमार रंजक, विक्रम कुमार, पप्पू कुमार, प्रयाग पासवान, पंचायत के प्रबुद्ध लोग ने बधाई दिया।

## सेंट्रल कारिमिया हाई स्कूल के रिटायर्ड शिक्षक हसीन तारिक का देहांत

**जमशेदपुर।** बहुत दिनों से बीमार चल रहे शहर की जाने माने शिक्षक हसीन तारिक जो के हैदराबाद में अपने परिवार के साथ काफी दिनों से रह रहे थे ,आज बुधवार को इलाज के दौरान 4 बजे अस्पताल में उनका देहांत हो गया। हसीन तारिक बहुत सारे सामाजिक संस्था एवं सोसाइटी से जुड़े हुए थे एवं टीचर एसोसिएशन के भी मेंबर थे। इनके इंतकाल की खबर सुन कर जमशेदपुर के लोगों आर्क जैन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर एसएस राजी,करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डक्टर मोहम्मद रियाज,हेल्प एजुकेशन जमशेदपुर



के सदर प्रोफेसर लाइक उर रहमान चौधरी, मिन्हाज आलम,तुक्मन्ना मलिक ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष मतिनुल हक अंसारी, झारखंड ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के रियाज शरीफ, एमजीएम मेडिकल कलेज के रिटायर्ड हाजी जमील असगर करीम सिटी कलेज के सेक्रेटरी डक्टर मोहम्मद जकारिया, अहसेन इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर आसिफ महमूद, सेंट्रल कारिमिया हाई स्कूल एवम मिडल स्कूल के शिक्षक, गोलमुरी मिल्लत स्कूल के शिक्षक ने गहरे दुख का इजहार किया है। हसीन तारिक अपने पीछे 3 बेटे इमरान तारीक, अजीम तारीक, नदीम तारीक और एक बेटी सना तारीक को छोड़ गए है।

## फुसरो नगर परिषद में हुई टेंडर प्रक्रिया

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद कार्यालय मंगलवार को काफी हो हंगामा के बीच टेंडर प्रक्रिया हुई। विदित होगी फुसरो नगर परिषद के 28 वार्ड में कार्य के लिए कुल लगभग 4.30 करोड़ की निविदा निकाली गई थी। टेंडर प्रक्रिया ऑफलाइन रूप से हुई। इसको लेकर संवेदों का जुटान नगर परिषद कार्यालय के बाहर हुआ। जहां टेंडर को लेकर काफी हो हंगामा होने लगा इसके बाद इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद बेरमो पुलिस सहित बेरमो बीडीओ सह सीओ पहुंचे तब जाकर मामला शांत हुआ। इसके बाद थाना थाना पुलिस की मौजूदगी में संवेदको ने अपना अपना टेंडर कोड बॉक्स में डाला।

## ताश के पत्तों पर लगता है लाखों का जुआ

**बेरमो /गोमिया :** गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारी मोड के समीप रेलवे लाइन के किनारे बड़े पैमाने पर जुआ लगता है। जुआरी ताश के पत्तों पर लाखों रुपए का दांव लगाते हैं। प्रतिदिन चलने वाला इस जुआ अड्डा में आसपास व दूरदराज के क्षेत्रो से जुआरी निर्भीक होकर पहुंचते हैं। इन्हें यहां पुलिस और कानून का कोई भय नहीं दिखता है। जानकारी के अनुसार इस जगह पर काफी दिनों से जुआ चल रहा है। हैरानी की बात यह है, कि अभी तक पुलिस व प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई है। बता दें कि क्षेत्र के युवाओं को जुए की लत लगने से उनके परिवार में कलह बना रहता है। जुआरी शराब के नशे में धुत ताश के पत्तों पर लाखों रुपए का दाव लगाते हैं। बिना मेहनत के मोटी रकम पाने की ख्वाइश लेकर जुआरी ताश की घेराबंदी में अपना लक आजमाने प्रतिदिन पहुंचते हैं। बिना डर और भय के असामाजिक तत्वों द्वारा इस जुआ अड्डा का संचालन किया जा रहा है।

## पिपराडीह मंदिर में छठी के अवसर पर लगा 56 भोग

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के विभिन्न मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत छठी के अवसर पर भोग वितरण व भक्ति जागरण किया गया. सवांग वन-बी मंदिर में समिति की ओर से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया. इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भोग ग्रहण किया. इस अवसर पर राज्य के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह व गोमिया विधायक की पत्नी कौशल्या देवी, जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी राजेश रंजन सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे. मौके पर माधवलाल सिंहने कहा कि पूरे क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी के बाद छठी का आयोजन होता है. यहां के भक्ति जागरण से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बन जाता है. कार्यक्रम में मृत्युंजय सिंह, सुमंजय सिंह, अमित कुमार सिंह, पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, धनंजय सिंह, अभय सिन्हा, पिंकू सिन्हा, कृष्णा सिंह, दिलीप प्रजापति, भीम प्रजापति, छोटू ठाकुर, कर्मा गुप्ता, कुलदीप प्रजापति, बालमुकुंद यादव आदि योगदान रहा. वहीं सवांग के पिपराडीह मंदिर में छठी के अवसर पर 56 भोग का प्रसाद का वितरण किया गया. यहां चंद्रमा यादव व धर्मेंद्र सिंह सक्रिय थे।

## सेन्ट्रल दुर्गा पूजा कमेटी के संरक्षक बने विधायक कुमारा मंगल

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र स्थित सेन्ट्रल दुर्गा पूजा कमेटी ढ़ोरी स्टाफ क्वार्टर की बैठक बुघवार को दुर्गा पूजा मंडप में जीएम मनोज कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। दुर्गा पूजा के सफल संचालन के लिए नई पूजा कमेटी गठित की गई। जिसमे संरक्षक विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनुप बाबु, अध्यक्ष जीएम एम के अग्रवाल, सचिव पीओ अमलो कुमार राकेश सत्यार्थी और कोषाध्यक्ष गणेश मल्लाह आदि बनाए गए। इस बैठक में बीते वर्ष 2022के आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। इसमें ढोरी स्टाफ क्वार्टर के निवासी सहित सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अधिकारी काफी संख्या में सम्मिलित हुए।

## भगवान से जीव का भेद भी है, अभेद भी है : रामदास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

जमशेदपुर। सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर में घनश्याम कृपालु धाम वृंदावन एवं जमशेदपुर सूर्य मंदिर समिति के संयुक्त सौजन्य से सात दिवसीय दिव्य दार्शनिक प्रवचन एवं संकीर्तन के तीसरे दिन पशुपतिनाथ जी नेपाल से आए हुए पूज्य स्वामी श्री रामदासजी ने भगवान से जीव का भेद भी है अभेद भी है विषय पर मार्गदर्शन किया। स्वामी श्री रामदासजी ने वेद एवं शास्त्रों से प्रमाण देते हुए यह कहा कि जब भगवान को जानने के लिए गुरु के पास श्रद्धापूर्वक जाएंगे तब अनेक ग्रंथों को न पढ़ें। क्योंकि ग्रंथों को पढ़ने और समझने के लिए अधिकारित्व चाहिए। जैसे कि तुलसीदास जी महाराज कहते हैं कि रामचरितमानस पढ़ने के लिए पहले श्रद्धावान होना चाहिए, कोई वास्तविक गुरु साथ में होना चाहिए



और भगवान राम के प्रति प्रगाढ़ प्रेम होना चाहिए। अगर ये तीन शर्तें पूरी हों तो कोई रामचरितमानस पढ़ सकता है और समझ सकता है। गीता पढ़ने के लिए तो तपस्वी भी होना अनिवार्य है और भक्त भी होना चाहिए, और श्रीकृष्ण भगवान ही हैं यह विश्वास होना चाहिए। तब कोई गीता पढ़ सकता है। अगर बिना अधिकारित्व कोई वेदों को शस्त्रों को पढ़ेगा तो अपने हिसाब से ही अर्थ लगाएगा जिससे साधक को लाभ की बजाए हानि होती है। भगवान को जानने के लिए हम अनेक लोगों को सुनते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। अगर कोई वास्तविक महापुरुष नहीं है तो उनकी बातों को सुनने से भगवान के बारे में हम नहीं जान सकते। लोग अपना अनुभव भले ही बता दें लेकिन वह अनुभव परम सत्य नहीं होता। जैसे कि अंधे लोग जब हाथी का स्पर्श करके हाथी के बारे में अपना अनुभव बताते हैं तो वो सभी का अनुभव भिन्न भिन्न होता है जो उनके हिसाब से तो ठीक है लेकिन वास्तव में सत्य नहीं है। अनेक संतों को भी नहीं सुनना चाहिए। क्योंकि सबके अलग अलग मत हैं। अगर हम कभी आदि जगद्गुरु श्री शङ्कराचार्यजी का सिद्धान्त सुनेंगे कभी श्री निम्बाकार्चार्यजी का सुनेंगे, कभी श्री माध्वाचार्यजी का सुनेंगे तो सब का सिद्धांत परस्पर विरोधी होने के कारण हम उलझते जाएंगे।

## मंत्री नितिन गडकरी को ट्वीट कर आरओबी निर्माण में व्यवधान को दूर करने का किया आग्रह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड उप प्रमुख अश्वनी कुमार मिश्रा ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को ट्वीट कर लंबे समय से लटके टोरी आरओबी निर्माण कार्य में उत्पन्न हुए अवरोध को दूर करने का आग्रह किया है। उप प्रमुख श्री मिश्रा ने मंत्री श्री गडकरी से आग्रह करते हुए बताया है कि टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन के समीप स्थित रेलवे समपार फाटक पर आरओबी निर्माण का शिलान्यास होने के लगभग ढाई वर्ष पूरा होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नही हो पायी है। इसके पीछे का मुख्य कारण आरओबी निर्माण से प्रभावित हो रहे रैयतों का भूमि अधिग्रहण व मुआवजा का भुगतान नही हो पाना है। इन्होंने आगे बताया कि विगत दिनों जिला प्रशासन के साथ बैठक में अधिकारियों ने जो जानकारी दी है, उसके अनुसार मुआवजा निर्धारण को लेकर भेजी गई पहली रिपोर्ट व दूसरी रिपोर्ट में भिन्नता के कारण एनएचएआई के द्वारा भुगतान रोक दिया गया है। पहली रिपोर्ट में भूमि को आवासीय दिखाते मुआवजे का निर्धारण काफी कम किया गया था, जबकि दूसरी बार भेजी गई रिपोर्ट में व्यावसायिक दिखाई गई है जिस कारण मुआवजा राशि बढ़ गयी है। रैयतों को बढ़े हुए दर पर ही मुआवजा राशि मिलनी चाहिए। इन्होंने आग्रह करते हुए कहा कि धनबाद रेल मंडल अंतर्गत टोरी जंक्शन होते प्रतिदिन कई दर्जन मालवाहक व यात्री ट्रेनों का परिचालन होती है, जिस कारण टोरी रेलवे फाटक मिनट दर मिनट मिनट बंद होता है। ऊपर से टोरी में लॉन्ग हाल लगने के कारण आम लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है, ऐसे में लोगों को हमेशा जानमाल का खतरा बना रहना है। इन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए मंत्री नीतिन गडकरी से हस्तक्षेप करते हुए समाधान निकालने का आग्रह किया है।

## खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** स्थानीय खीस्त राजा विद्यालय स्थित खेल मैदान में खेलो झारखंड के तहत आयोजित दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुई। अंडर 17 बालिका वर्ग 400 मीटर रिले रेस में प्रथम स्थान बालिका उच्च विद्यालय चंदवा की छात्रा जैना परवीन, द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा रवीना कुमारी व तृतीय स्थान पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय हुटाप की रूनी कुमारी रही वहीं अंडर 19 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा की छात्रा पूर्णिमा कुमारी व द्वितीय स्थान पर प्रोजेक्ट हाई स्कूल



सम्मानित करते अतिथि

सासंग की छात्रा मनिता कुमारी रही। इसके अलावे बालक वर्ग समेत अन्य प्रतिस्पर्धा में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, डीडीओ केदारनाथ महतो, शिक्षक विजय कुमार समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में छुपी प्रतिभा को भी निखारने का काम स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा किया जा रहा है।प्रखंड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी जिला व राज्य स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर प्रखंड का नाम रोशन करने का प्रयास करें। आगे कहा कि ऐसे प्रतिस्पधाओं के आयोजन से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। समापन के मौके पर रवि डे, प्रतीक सिन्हा, नीरज कुमार, देरोथिया खलखो, बेलाल अहमद, अनूप बड़ाइक, कस्तूरबा वार्डन प्रीति कुमारी समेत बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे व शिक्षक मौजूद थे।

## एक नजर में

### उत्क्रमित विद्यालय में 674 बैग वितरित

**केरेडारी।** एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परिएनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने बुधवार को पगार ग्रम के उत्क्रमित विद्यालय में 674 स्कूल बैग बांटा। योजना द्वारा पगार ग्रम के उत्क्रमित विद्यालय में 674 स्कूल बैग बांटे गए। यह वितरण समारोह परियोजना प्रमुख प्रभारी फैज तैय्यब एवं चट्टी बरियातु के परियोजना प्रमुख नविन गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। स्कूल बैग पा कर बच्चों के मुख पर मुस्कान आ गई। परियोजना के अपर-महाप्रबंधक श्री मोहम्मद वासिफ ने बच्चों से कड़ी लगन व मेहनत से पढ़ाई करने और परिवार व स्कूल का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस बैग का उपयोग विद्यालय आने के दौरान अपने पाठ्य पुस्तक और कापियों को रखने में करेंगे।

### चौपारण में पांच क्विंटल प्रतिबंधित मांस जब्त

**चौपारण।** मंगलवार रात गुप्त सूचना के आधार पर एक चार पहिया मैजिक वाहन सं0- डब्लू बी 39बी 9500 पर अवैध रुप से प्रतिबंधित मांस लोड़ कर तस्करी करने के लिये बाराचट्टी (बिहार) के तरफ से चौपारण आ रही थी जिसे त्वरीत कार्रवाई करते हुए चोरदाहा पुलिस पिकेट के सामने जीटी रोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान अहले सुबह करीब साढ़े 3 बजे सशस्त्र बल के सहयोग से रुकने का ईशारा किया गया। परन्तु उक्त वाहन के चालक पुलिस को देखकर अपनी गाड़ी को और तेजी से भगाने लगा संदेह होने पर उक्त गाडी का पीछा किया। पुलिस बल को पीछा करते हुए देखकर उक्त गाडी के चालक अपनी गाडी को झारखण्ड होटल के सामने जी0टी0 रोड़ के किनारे खड़ी कर चालक एवं उस पर सवार लोग गाडी से उतर कर भागने लगे। जिसे एएसआई लक्ष्मण तिवारी व सशस्त्र बल के द्वारा खदेडकर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। पकड़ाया व्यक्ति मो0 आशिक उम्र 24 वर्ष पिता मो0 वसीम ग्राम चिश्तिया मोहल्ला हजारीबाग थाना बड़ा बाजार (सदर) जिला-हजारीबाग का रहने वाला है। पकड़े गये वाहन का विधिवत तलाशी लिया, तलाशी के क्रम में मैजिक वाहन सं- डब्लूबी39बी- 9500 के अन्दर 10 (दस) पैकेट प्रतिबंधित मांस, प्रत्येक पैकेट मे लगभग 50 किग्रा0 कुल 500 किग्रा लदा पाया गया। इस सबंध में चौपारण थाना काण्ड सं0- 371/ 23 दिनांक- 13/09/23 धारा-414/429 / 34 एवं 12 (1) / 12(3) झारखण्ड गोवंशी पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 दर्ज किया गया। तथा काण्ड में संलिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध अनुसंधान की जा रही है। गिरफ्तार मो आशिक को जेल भेज दिया गया।

### श्रीश्री दुगार्पूजा समिति की बैठक, कमिटी का गठन

**चरही।** शारदीय दुगार्पूजा व नवरात्र को लेकर चरही बस्ती श्री-श्री दुगार्पूजा समिति चरही की बैठक दुर्गा मंदिर परिसर में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता उमेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में पुराने कमिटी को भंग किया गया।साथ ही बीते वर्ष के लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया गया। बैठक में नयी कमिटी को गठन किया गया। जिसमें संरक्षक द्वारिका सिंह, लखराज सिंह, उमेश कुमार सिंह, रविंद्र शर्मा, लालचंद महतो, मुरारी सिंह, बासुदेव करमाली, रोहन ठाकुर, किशुन दयाल करमाली और ब्रह्मदेव महतो,कार्यकारी अध्यक्ष मोहन महतो, अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर, उपाध्यक्ष नीरज सिंह,लाल सिंह और राजेश ठाकुर, सचिव किशुन महतो,उप सचिव सत्येन्द्र नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध ठाकुर और डिलचन्द रविदास, उपकोषाध्यक्ष रामदेव महतो सहित कई कार्यकारिणी सदस्यों को सर्वसम्मति से चयन किया गया। मौके पर उमेश कुमार सिंह, मनोज ठाकुर, छोटेलाल ठाकुर सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का विजेता बना बरहमोरिया

**विष्णुगढ।** प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत के किसान क्लब व अलखरीकला द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। मैच का उद्घाटन मुखिया दुलारचंद पटेल, उपमुखिया बाबूचंद हेंब्रम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। खेल में 16 टीमों ने भाग लिया था जिसमें से सुपर क्लब बरहमोरिया और जनूमटांड़ के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमे 2 -1 से बरहमोरिया की टीम विजय हासिल किया। विजेता टीम को बड़ा कप एवं उप विजेता टीम को छोटा कप दे कर सम्मानित किया गया। मुखिया श्री पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जब से इस तरह के प्रतियोगिताएं आयोजित हो रहा है तब युवाओं में काफी जागरूकता एवं शहरी इलाकों के युवा वर्ग से लगाव बढ़ने लगा है। जिस कारण लोगो को आगे बढ़ने के लिए काफी मदद मिल रहा है। मौके पर भेलवारा मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, भेलवारा पंचायत के रोजगार सेवक सांझलू हांसदा, निर्णायक महोदय मेहिलाल मरांडी, शिवलाल टुड्डू, साहेब राम, सुरेश मुर्मू, प्रदीप टुड्डू के अलावे दर्जनों युवा खेल प्रेमी मौजूद थे।

### मुखिया की पहल पर रुका चारदीवारी निर्माण कार्य

**दारू।** दारू अंचल क्षेत्र में सरकारी गैरमजरूआ जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास बड़े पैमाने पर चल रहा है। अंचल क्षेत्र के दारू पंचायत के सुल्तानी रविदास टोला में कुछ लोगों के द्वारा सरकारी गैरमजरुआ जमीन पर अवैध कब्जा करने की नियत से चारदीवारी निर्माण प्रारम्भ किया गया था। पंचायत के मुखिया सुनील कुमार उर्फ भोला को जानकारी मिलने के बाद उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी सुशील कुमार राय को इसकी जानकारी दी। इसके बाद सीओ के निर्देश पर स्थल पर पहुंचे राजस्व कर्मचारी ज्ञानी राम के द्वारा स्थल पर जाकर कागजात दिखाने व कार्य को रोकने का निर्देश दियाक इस जमीन का खाता नंबर 145 प्लॉट नंबर 3038 कुल रकबा 2 एकड़ 73 डिसमिल है जिसकी किस्म गैरमजरुआ खास है। इसी प्लाट के कुछ अंश पर आंगनबाड़ी केंद्र बना हुआ है साथ ही 12 डिसमिल जमीन सुल्तानी निवासी दिव्यांग विजय राम को दिया गया है। बाकी बचे हुए जमीन पर अवैध कब्जा करने की नियत से सुल्तानी गांव के ही दिलीप राम, लखन राम सहित कुछ अन्य लोगों के द्वारा आनन-फानन में चारदीवारी देकर इस पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था।

### पिकअप छोड़ गोतस्कर फरार

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों गो तस्कर का मनोबल काफी बढ़ता जा रहा है। कटकमसाडी ओ पी पेलावल थाना क्षेत्र में रात्रि मे गशती करने के दौरान कटकमसाडी कि ओर से आ रहे एक पिकअप वैन गाड़ी नम्बर खल्13ल्1736 काफी तेजी से आ रहा था, गशती पुलिस ने देखा कर गो तस्करी के लिए ले जा रहे पिकअप वैन छोड़ कर फरार हो गया। वही ओ पी पेलावल पुलिस ने गाड़ी सहित सभी मवेशी को सही सलामत थाना परिसर में रखा गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने गाड़ी मालिक के उपर मुकदमा दर्ज करने कि कार्रवाई जारी था।

### जरीडीह बाजार मे धूमधाम से दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने के लिए हुई बैठक

**बेरमो ।** जरीडीह बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक अनिल अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में पिछले साल का आय बय के साथ-साथ पूजा को सफल बनाने हेतु सभी बिंदु विषय पर चर्चा की गई इस बैठक में दुर्गा पूजा के बेहतर आयोजन हेतु कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनिल अग्रवाल उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अजीत साव,मनोज अग्रवाल,राजकुमार साव,सचिव शिव शंकर सोनी,अश्वनी सोनी, कोषाध्यक्ष विनोद चौरसिया, मुकेश सिन्हा उपसचिव कपिल कुमार,करण कुमार भाटिया,रवि साव पूजा प्रभारी गुड्डू सोनी रोशन सिन्हा पूजा प्रभारी मुकेश कुमार सिन्हा के अलावा 21 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया इस बैठक में मुख्य रूप से आकाश कुमार टिंकू कुमार अभिषेक कुमार,राजा गुप्ता विकास कुमार विनोद कुमार सोनू कुमार आशीष कुमार हर्ष कुमार गुड्डू कुमार सहित कई लोग उपस्थित हुए।